پگاہ (स्त्री.)पगाह
प्रातःकाल, सवेरा, तड़का, भोर

پل (पु.)पुल
सेतु, पुल

پل صراط (पु.)पुल सिरात
नरक के ऊपर का बाल से भी पतला और धारदार पुल जिस पर से क़यामत के दिन सभी को गुज़रना होगा

پلاس (पु.)पलास
1. ढाक का पेड़, टेसू 2. टाट, बहुत मोटा और खुरदरा कपड़ा

پلاؤ (पु.)पुलाव
पुलाव, चावलों से बना हुआ एक व्यंजन विशेष

پلک (स्त्री.)पलक
पलक, पक्ष्म

پلنگ (पु.)पलंग
एक प्रकार की बड़ी चारपाई

پلنگ پوش (पु.)पलंगपोश
पलंग पर बिछाने की चादर

پلہ (पु.)पल्ला
1. तराज़ू का पलड़ा 2. किवाड़, खिड़की का पल्ला 3. आँचल, छोर, पल्लू 4. हैसियत, रुतबा

پلید (वि.)पलीद
1. अपवित्र, दूषित, गंदा, मैला कुचैला
1. (पु.) भूत-प्रेत

پناہ (स्त्री.)पनाह
शरण, आश्रय, सहारा

پناہ گاہ (स्त्री.)पनाह गाह
शरण-स्थल

پناہ گزین (वि.)पनाह गुज़ीन
शरणार्थी

پناہ گیر (वि.)पनाहगीर
शरणागत

پہلوان (पु.)पहलवान
(कुश्ती) पहलवान, मल्ल, योद्धा

پہلوانی (स्त्री.)पहलवानी
कुश्ती, मल्ल विद्या

پہنا (वि.)पहना
विस्तार, चौड़ाई, अरज़, पना

پیادہ (पु.)पियादा
1. पैदल सिपाही 2. हरकारा, डाकिया
3. शतरंज का एक मोहरा

پیادہ پا (वि.)पियादा पा
पैदल, पैदल चलने वाला

پیازی (वि.)पियाज़ी
प्याज़ के रंग का, हल्का गुलाबी

پیالہ (पु.)पियाला
1. प्याला, कटोरा 2. मद्यपात्र, मदिरा-पात्र

پیالہ نما (वि.)पियाला-नुमा
1. प्याले के आकार जैसा, प्याले जैसा
2. (वन.) उलूखल रूपी

پیام (पु.)पयाम
1. संदेश 2. समाचार

پیامبر (पु.)पयामबर
संदेशवाहक, दूत

پیامبری (स्त्री.)पयामबरी
संदेश प्रेषण, संदेशवाहन

پیامرسی (स्त्री.)पयामरसी
संदेश प्रप्ति, समाचार प्राप्त करना

پیامی (पु.)पयामी
दूत, संदेश वाहक

پیچ (पु.)पेच
1. घुमाव, मोड़ 2. पेच, स्क्रू 3. टेढ़ापन, वक्रता

پیچدار (वि.)पेचदार
1. बलदार 2. जटिल, उलझा हुआ

پیچ در پیچ (वि.)पेच दर पेच
1. बलदार 2. अधिक जटिल, बहुत पेचीदा

پیچ وتاب (पु.)पेचो-ताब
1. क्रोध, गुस्सा 2. मनस्ताप

پیچ وخم (पु.)पेचो-ख़म
1. टेढ़-मेढ़ 2. जटिलता, दुशवारी
3. ऊँच-नीच

پیچش (स्त्री.)पेचिश
पेचिश, मरोड़

پنجۂ آفتاب (पु.)पंजए-आफ़ताब
सूर्य एवं उसकी किरणें

پنجۂ مرجان (पु.)पंजए-मरजान
प्रवाल भित्ती

پند (स्त्री.)पंद
1. उपदेश, नसीहत 2. शिक्षा, सीख

پند آمیز (वि.)पंद आमेज़
शिक्षापूर्ण, उपदेशपूर्ण, सीखपूर्ण

پند نامہ (पु.)पंद नामा
उपदेशों की पुस्तक

پندار (पु.)पिंदार
1. अभिमान, गर्व 2. गुमान, आन

پنہاں (वि.)पिनहाँ
छिपा हुआ, गुप्त

پوچ (वि.)पोच
1. तुच्छ, घटिया 2. अधम, नीच, लंपट

پودا (पु.)पौदा
पौधा

پوست (पु.)पोस्त
1. खाल, चमड़ा 2. छिलका 3. (वन.)
अफ़ीम का डोडा

پوستین (स्त्री.)पोस्तीन
खाल का बना वस्त्र, चर्म वस्त्र

پوش (प्रत्य.)पोश
छिपानेवाला, ढाँपने वाला जैसे- 'عیب پوش'
(ऐब पोश) ऐब छिपानेवाला

پوشاک (स्त्री.)पोशाक
वस्त्र

پوشش (स्त्री.)पोशिश
1. वस्त्र, पहनावा, लिबास 2. आवरण

پوشیدگی (स्त्री.)पोशीदगी
छिपाव, दुराव

پوشیدہ (वि.)पोशीदा
गुप्त, निहित, छुपा हुआ

پے (अव्य.)पे
पर का संक्षिप्त रूप, 1. लेकिन, अपितु
2. पर, ऊपर

پہلو (पु.)पहलू
1. पार्श्व, बग़ल 2. दिशा, ओर, तरफ़ 3. पद्धति,
ढंग 4. आलिंगन, आग़ोश 5. किनारा, छोर
6. बराबर, साथ

پیچیدگی (स्त्री.)पेचीदगी
जटिलता, उलझाव

پیچیدہ (वि.)पेचीदा
जटिल, उलझा हुआ

پیچیدہ تعامل (पु.) पेचीदा तआमुल
(रसा.) जटिल अभिक्रिया

پیدا (वि.)पैदा
1. उत्पन्न, प्रकट 2. जनित, जन्मा हुआ

پیداوار (स्त्री.)पैदावार
1. उपज, फ़सल 2. पैदावार

پیداوار تناسب (पु.)पैदावार तनासुब
(अर्थ.) प्रतिफल अनुपात

پیداواری قرض (पु.)पैदावारी क़र्ज़
(अर्थ.) उत्पादन क़र्ज़

پیدائش (स्त्री.)पैदाइश
1. उत्पत्ति 2. जन्म

پیدائش نشان (पु.)पैदाइश निशान
(प्रशा.) जन्म-चिह्न

پیدائشی (वि.)पैदाइशी
जन्मसिद्ध, जन्मजात

پے در پے (वि.) पै दर पै
बार बार, लगातार, निरंतर

پیر (वि.)पीर
1. (पु.) सोमवार 2. वृद्ध, बूढ़ा
3. (पु.) महात्मा, धर्मगुरु

پیر خرابات (पु.)पीरे-ख़राबात
मदिरालय का प्रबंधक/ मालिक/ प्रधान

پیرزادہ (पु.)पीरज़ादा
धर्मगुरु का पुत्र

پیر طریقت (पु.)पीरे-तरीक़त
धर्मगुरु

پیر مغاں (पु.)पीरे-मुग़ाँ
1. पारसियों का पुरोहित 2. मदिरालय का प्रबंधक/ मालिक/ प्रधान

پیر و مرشد (पु.)पीरो-मुर्शिद
धर्मगुरु

پیرا (प्रत्य.)पैरा
सजाने और सँवारने वाला, जैसे- 'چمن پیرا' (चमन पैरा) बाग़ को सजाने वाला

پیراستہ (वि.)पैरास्ता
सुसज्जित

پیراہن (पु.)पैराहन
वस्त्र, पोशाक

پیرایہ (पु.)पैराया
शैली, ढंग, अंदाज़

پیروکار (पु.)पैरौकार
1. अनुयायी, अनुगामी 2. पैरवी करने वाला

پیروی (स्त्री.)पैरवी
1. अनुकरण, अनुसरण 2. पैरवी (अभियोग आदि में)

پیرہن (पु.)पैरहन
दे. 'پیراہن'

پیری (स्त्री.)पीरी
वृद्धावस्था, बुढ़ापा

پیزار (स्त्री.)पैज़ार
जूती, पादुका

پیش (वि.)पेश
1. आगे, पहले 2. संमुख, सामने 3. उर्दू वर्णमाला में लघुस्वर 'उ' (ُ) की मात्रा

پیش بند (पु.)पेशबंद
घोड़े का ज़ेरबंद

پیش بندی (स्त्री.)पेशबंदी
1. पूर्व निर्धारित व्यवस्था, सोची-समझी बात, पहले से किया हुआ प्रबंध या बचाव की युक्ति 2. (प्रशा.) प्रत्याशा, पूर्वानुमान

پیش بندی ضمانت (स्त्री.)पेशबंदी ज़मानत
(प्रशा.) अग्रिम ज़मानत

پیش بینی (स्त्री.)पेशबीनी
1. अग्रसोच, दूरदर्शिता 2. पूर्वाभास

پیش خدمت (पु.)पेश-ख़िद्मत
1. सेवक 2. सेविका, दासी

پیش خیمہ (पु.)पेशख़ेमा
1. पूर्वभास, भूमिका 2. पेशख़ेमा, फ़ौज का अगला भाग 3. किसी बात या घटना के पूर्व लक्षण

پیش دست (वि.)पेशदस्त
पहल करनेवाला

پیش دستی (स्त्री.)पेशदस्ती
पहल

پیش رخی (वि.)पेश रुख़ी
(वन.) अग्रस्थ

پیش رفت (स्त्री.)पेशरफ़्त
उन्नति, तरक़्क़ी, प्रगति

پیش رو (वि.)पेशरौ
1. पहले जाने वाले (लोग) 2. अग्रगामी, आगे आगे चलने वाला

پیش روی (स्त्री.)पेशरवी
1. आगे चलना, अग्रगमन 2. पथ-प्रदर्शन

(स्त्री.)पेशक़दमी پیش قدمی
1. पहल, अग्रसरता 2. चढ़ाई, आक्रमण

(पु.)पेशकार پیش کار
पेशकार, न्यायालय में हाकिम के सामने कागज़ पत्र पेश करने वाला

(स्त्री.)पेशकश پیش کش
1. प्रस्ताव, प्रस्तुति 2. भेंट, तोहफ़ा

(क्रि.वि.)पेशे-नज़र پیش نظر
दृष्टि के सामने, आँखों के सामने

(पु.)पेशाब پیشاب
मूत्र, मूत

(स्त्री.)पेशानी پیشانی
ललाट, माथा, मस्तक

(क्रि.वि.)पेशतर پیشتر
पहले, पहले से

(स्त्री.)पेशगी پیشگی
1. अग्रिम राशि 2. (प्रशा.) अग्रिम, अगौड़ी

(वि.)पेशगी अदा शुदा پیشگی ادا شدہ
(प्रशा., वाणि.) पूर्वदत्त

(स्त्री.)पेशगी अदाइगी پیشگی ادائگی
(प्रशा., वाणि.) अग्रिम भुगतान

(पु.)पेशगी इज़ाफ़ा پیشگی اضافہ
(प्रशा., वाणि.) अग्रिम (वेतन) वृद्धि

(स्त्री.)पेशगी ख़रीद پیشگی خرید
(वाणि.) अग्रिम क्रय, अग्रिम ख़रीद

(पु.)पेशगी मुहासिबा پیشگی محاسبہ
(वाणि.) पूर्व लेखापरीक्षा

(पु.)पेशा پیشہ
व्यवसाय, धन्धा, रोज़गार

(वि.)पेशावर پیشہ ور
1. उद्यमी, व्यवसायी 2. कारोबारी

(स्त्री.)पेशी پیشی
मुक़दमे की सुनवाई, हाकिम के सामने किसी अभियोग में पेश होना

(पु.)पैग़ाम پیغام
1. संदेश, संदेसा 2. समाचार, ख़बर

(पु.)पैग़ाम्बर پیغامبر
दूत, पत्रवाहक, हरकारा

(पु.) पैग़म्बर پیغمبر
पैग़म्बर, बसीठ

(स्त्री.) पैग़म्बरी پیغمبری
बसीठी

(पु.)पैक پیک
पत्रवाहक, हरकारा

(स्त्री.) पीक پیک
पान का उगाल, पीक

(पु.)पीकदान پیکدان
उगालदान, पीकदान

(पु.)पैकार پیکار
युद्ध, लड़ाई

(पु.)पैकान پیکان
1. बाण की नोक 2. बरछी भाले की अनी

(पु.)पैकर پیکر
1. शरीर, देह, काया 2. मूर्ति 3. बिंब

(स्त्री.)पैकर तराशी پیکر تراشی
1. बिंब योजना, बिंब विधान 2. मूर्ति कला

(पु.)पील پیل
हाथी, गज

(पु.)पील बान پیل بان
महावत, हाथीवान

(पु.)पीलपा پیل پا
श्लीपर, श्ली, स्थूलपाद

(पु.)पील पाया پیل پایہ
स्तंभ, खंभा

(पु.)पीला پیلہ
रेशम का कीड़ा, रेशम का कोया

(प्रत्य.)पैमा پیما
1. नापनेवाला, जैसे- 'کوہ پیما' (कोहपैमा) पर्वतारोही 2. चलनेवाला, जैसे-'باد پیما' (बादपैमा) हवा की तरह तेज़ चलने वाला 3. फिरनेवाला, जैसे- 'دشت پیما' (दश्तपैमा) वनचारी

(पु.)पैमान پیمان
1. वचन, प्रतिज्ञा 2. संधि, समझौता

(पु.)पैमाना پیمانہ
1. मापयंत्र, स्केल 2. मापदंड 3. (ग.) माप 4. चषक, मदिरा पात्र, पान-पात्र

(स्त्री.)पैमाना बंदी پیمانہ بندی
(भौ.) अंशशोधन

(स्त्री.)पैमाना क़द्र پیمانہ قدر
(वाणि.) मूल्यमान

**پیماں شکن** (वि.)पैमाँ शिकन
वचन तोड़नेवाला, प्रतिज्ञा भंग करनेवाला, वचन भंजक

**پیمائش** (स्त्री.)पैमाइश
1. माप, नाप (मुख्यत: भूमि की)
2. (ग.) सर्वेक्षण

**پیمائشی نفسیات** (स्त्री.)पैमाइशी नफ़्सियात
(मनो.) मनोमिति

**پیمبر** (पु.)पयम्बर
दे. 'پیغمبر'

**پینک** (स्त्री.)पीनक
पीनक, अफ़ीम के नशे के कारण ऊँघ

**پینکی** (वि.)पीनकी
पीनकी, अफ़ीम के नशे के कारण ऊँघने वाला

**پیوست** (वि.)पैवस्त
1. संलग्न, जुड़ा हुआ, सटा हुआ, संयोजित
2. समाया हुआ

**پیوستہ** (वि.)पैवस्ता
संयुक्त, मिला हुआ, जुड़ा हुआ

**پیوند** (स्त्री.)पैवंद
1. पैवंद, थिगली, जोड़ 2. (वन.) क़लम, जोड़

**پیوندکاری** (स्त्री.)पैवंदकारी
1. पैवंद लगाना, जोड़ लगाना 2. (वन.) क़लम लगाना, रोपण, क़लम बाँधना
3. (शल्य चिकित्सा) शरीर के किसी अंग को दूसरी जगह लगाना

**پیوندی** (वि.) पैवंदी
क़लमी (पेड़/ फल)

**پیہم** (क्रि.वि.) पैहम
लगातार, निरंतर, बार-बार

## پھ

**پھاٹک** (पु.)फाटक
बड़ा दरवाज़ा, मुख्य द्वार

**پھاند** (स्त्री.)फाँद
1. ताँत का फंदा जिसे छड़ में लगाकर कबूतर आदि पकड़ते हैं 2. जाल 3. छलाँग

**پھاندی** (स्त्री.)फांदी
गन्ने या ईख का गट्ठा

**پھپّس** (वि.)फप्पस
1. मोटा, थुलथुल 2. पोला, खोखला

**پھپکا** (पु.)फपका
फफोला, छाला

**پھپّھی** (स्त्री.)फुप्पी
बुआ

**پھٹکار** (स्त्री.)फिटकार
तिरस्कार, थू-थू

**پھٹ** (वि.)फुट
एकल, अकेला

**پھٹکی** (स्त्री.)फटकी
चिड़िमार की जालदार टोकरी

**پھٹکی** (स्त्री.)फुटकी
किसी वस्तु के जमे हुए कण जो पानी, दूध आदि में अलग-अलग दिखाई देते हैं

**پھرائی** (स्त्री.)फिराई
1. वापसी 2. सामान-वस्तु आदि की वापसी का हर्जाना

**پھرت** (स्त्री.)फिरत
1. चक्र 2. नृत्य व गान आदि में घुमाव

**پھڑ** (पु.)फड़
1. ठीहा/ठीया, थड़ी 2. पक्ष, भाग, दल

**پھڑی** (स्त्री.)फड़ी
1. ठीहा/ठीया, थड़ी 2. भाग

**پھکیت** (पु.)फिकैत
पटे बाज़

**پھکیتی** (स्त्री.)फिकैती
पटेबाज़ी

**پھگوا** (पु.)फगवा
1. होली में दिया जानेवाला उपहार 2. होली का त्योहार, फाग

**پھلانگ** (स्त्री.)फलाँग
छलाँग, कुलाँच

**پھلجھڑی** (स्त्री.)फुलझड़ी
एक प्रकार की आतिशबाज़ी जिससे फूल के समान चिंगारी झड़ती है

**پھلکاری** (स्त्री.)फुलकारी
1. बेल-बूटे का काम 2. बेल-बूटे के काम का कपड़ा

پھلوا (पु.)फलवा
झालर, फुँदना, धागे या डोरी से बना फ़लनुमा गुच्छा

پھلواری (स्त्री.)फुलवारी
पुष्प वाटिका

پھلی (स्त्री.)फली
(वन.) शिंब, फली

پھلیل (पु.)फुलैल
इत्र, सुगंध

پھن (पु.)फन
साँप का (फैला और फुलाया हुआ) सिर

پھند (पु.)फंद
1. फंदा, जाल, बंध 2. धोखा, छल 3. गाँठ 4. रहस्य, मर्म

پھندا (पु.)फंदा
1. जाल 2. धोखा, छल, कपट 3. कष्ट, मुसीबत

پھنگی (स्त्री.)फुंगी
वृक्ष की टहनियों का अग्र भाग

پھنی (पु.)फनी
1. एक प्रकार का साँप 2. गोटी या तार पिरोने का यंत्र

پھوار (स्त्री.)फुवार/फुआर
फुहार, झींसी

پھوپا (पु.)फूपा
पिता की बहन का पति, फूफा

پھوک (पु.)फोक
1. भूसी, सार निकलने के बाद बचा हुआ अंश 2. खोखला, पोला 3. फीका या नीरस

پھول (पु.)फूल
पुष्प, फूल

پھول پان (पु.)फूल पान
स्वागत

پھول دان (पु.)फूलदान
पुष्पपात्र, गुलदान

پھولوں کی چادر (स्त्री.)फूलों की चादर
सूफ़ियों के मज़ार पर चढ़ाई जाने वाली फूलों की चादर

پھیر (पु.)फेर
1. चक्कर, घुमाव 2. अन्तर, फ़र्क़ 3. रास्ते की टेढ़ 4. धोखा, जाल, छल 5. पलटना

پھیر بدل (पु.)फेर बदल
उल्टा-पल्टी, अदल-बदल

پھیرا (पु.)फेरा
चक्कर लगाना

پھیری والا (पु.)फेरी वाला
गली-मुहल्लों में घूम-घूमकर सौदा बेचनेवाला

پھینٹی (स्त्री.)फेंटी
सूत की अंटी या गोला

## ت

تا (वर्ण)ता
तक, तलक

تاحال (क्रि.वि.)ता-हाल
अभी तक, अब तक

تاحیات (क्रि.वि.)ता-हयात
आजीवन, जीवन भर

تاوقتیکہ (क्रि.वि.)ता-वक़्ते के
जब तक, उस वक़्त तक

تابہ (वि.)ताबा
1. बल खाया हुआ, बटा हुआ 2. दुर्लभ 3. प्रकाशमान 4. (पु.) तवा

تابہ حیات (क्रि.वि.)ता-ब-हयात
जीवन भर, आजीवन

تابہ زیست (क्रि.वि.)ता-ब-ज़ीस्त
दे. 'تابہ حیات'

تابہ کجا (क्रि.वि.)ता-ब-कुजा
कहाँ तक, कब तक

تابہ کے (क्रि.वि.)ता-ब-के
दे. 'تابہ کجا'

تابہ مقدور (क्रि.वि.)ता-ब-मक़्दूर
यथाशक्ति, भरसक

تاہم (क्रि.वि.)ताहम
तथापि, तिस पर भी

تاب (स्त्री.)ताब
1. गर्मी, ताप 2. चमक, रौशनी 3. धैर्य, सब्र 4. सामर्थ्य, शक्ति 5. बल, पेच, घुमाव 6. (प्रत्य.) रौशन करने वाला, जैसे- 'عالم تاب' (आ़लम (संसार) को चमकाने वाला)

تاب خانہ (पु.)ताब ख़ाना
1. गर्म किया हुआ कमरा 2. गर्म हम्माम, गर्म स्नानागार

تاب دار (वि.)ताबदार
ज्योतिर्मय, चमकदार, चमकीला, रौशन

تاب کار (वि.)ताब कार
(भौ.) विघटनाभिक

تاب کاری (स्त्री.)ताब कारी
(भौ.) विघटनाभिकता

تاب وتواں (स्त्री.)ताबो तवाँ
शक्ति, सामर्थ्य

تابانی (स्त्री.)ताबानी
आभा, चमक, ज्योति

تاباں (वि.)ताबाँ
प्रकाशमान, चमकदार

تابش (स्त्री.)ताबिश
1. तपन, उष्णता 2. चमक 3. धूप की चमक

تابع (वि.)ताबे
1. अधीन 2. आज्ञाकारी, फ़रमांबरदार
3. अनुयायी 4. (भा.) आश्रित

تابع کار لفظ (पु.)ताबेकार लफ़्ज़
(भा.) नियंत्रक शब्द, नियामक शब्द

تابع مہمل (पु.)ताबे-मुह्मल
(भा.) अनुगूँज अथवा निरर्थक शब्द जो किसी शब्द से मिलाकर बोला जाता है, जैसे- 'रोटी-वोटी', इसमें 'वोटी' का कोई अर्थ नहीं है, परन्तु बोलने में प्रचलित है

تابعدار (वि.)ताबेदार
1. अनुयायी, आज्ञाकारी 2. मातहत, अधीनस्थ

تابعداری (स्त्री.)ताबेदारी
आज्ञापालन, अधीनता

تابناک (वि.)ताबनाक
प्रकाशमान, दीप्त, ज्योतिर्मय, चमकीला

تابناکی (स्त्री.)ताबनाकी
चमक-दमक, जगमगाहट

تابندگی (स्त्री.)ताबिंदगी
चमक-दमक

تابندہ (वि.)ताबिंदा
प्रकाशमान, दीप्त, चमकीला

تابوت (पु.)ताबूत
1. शव पेटिका 2. एक प्रकार का ताज़िया

تاثر (पु.)तअस्सुर
प्रभाव, असर

تاثیر (स्त्री.)तासीर
1. असर, प्रभाव 2. गुण, स्वभाव

تاج (पु.)ताज
1. मुकुट 2. चोटी, कलग़ी

تاج پوشی (स्त्री.)ताजपोशी
राज्य अभिषेक

تاج دار (पु.)ताजदार
नरेश, सम्राट, राजा

تاج داری (स्त्री.)ताजदारी
राज, शासन

تاجر (पु.)ताजिर
1. व्यापारी, सौदागर 2. व्यवसायी, वणिक्

تاجرانہ (वि.)ताजिराना
व्यापारिक, व्यवसायिक

تاجور (पु.)ताजवर
दे. 'تاج دار'

تاجوری (स्त्री.)ताजवरी
बादशाहत, राज, शासन

تاچند (क्रि.वि.)ताचंद
कब तक, कहाँ तक

تاخت وتاراج (स्त्री.)ताख़्तो-ताराज
1. आक्रमण, हमला, धावा 2. लूटमार

تاخیر (स्त्री.)ताख़ीर
विलंब, देर

تاخیری انطباق (पु.)ताख़ीरी इंतिबाक़
(भौ.) विलम्बित संपात

تاخیری ٹنڈر (पु.)ताख़ीरी टेंडर
(प्रशा.) विलंबित निविदा

تاخیری رپورٹ (स्त्री.)ताख़ीरी रिपोर्ट
(प्रशा.) विलंब रिपोर्ट

تادیب (स्त्री.)तादीब
डाँट-डपट, शिष्टाचार सिखाने के लिए की गई डाँट-डपट

تادیبی (वि.)तादीबी
अनुशासनिक

تار (पु.)तार
1. धागा, लोहे पीतल आदि का तार 2. टुकड़ा, खंड 3. तार, टेलिग्राम 4. अंधकार, अँधेरा

تاربرقی (पु.)तार-बर्क़ी
तार, टेलीग्राम

(स्त्री.)ताज़ी **تازی**
1. अ़रबी भाषा, अ़रबी 2. (पु.) अ़रब का घोड़ा 3. (पु.) शिकारी कुत्ता 4. (वि.) बासी का विपरीत शब्द

(पु.)ताज़ियाना **تازیانہ**
कोड़ा, चाबुक

(क्रि.वि.)ताज़ीस्त **تازیست**
जीवन भर, आजीवन

(पु.)तअस्सुफ़ **تاسف**
अफ़सोस का बहु. 1. पश्चाताप, खेद 2. कुढ़न, संताप

(स्त्री.)तासीस **تاسیس**
1. नींव, बुनियाद 2. आधार

(पु.)ताशा **تاشا**
दे. 'تاشہ'

(पु.)ताशा **تاشہ**
एक प्रकार का वाद्य यंत्र, ताशा

(पु.)ताक **تاک**
1. अंगूर की लता 2. स्थिर दृष्टि, टकटकी 3. घात 4. निगरानी, देखभाल

(क्रि.वि.)ता-कुजा **تاکجا**
कब तक, कहाँ तक

(स्त्री.)ताकीद **تاکید**
1. आग्रह, अनुरोध 2. आगाह

(क्रि.वि.)ताकीदन **تاکیداً**
आग्रह पूर्वक, ज़ोर देकर

(स्त्री.)ताकीदी ज़मीर **تاکیدی ضمیر**
(भा.) अवधारक सर्वनाम

(पु.)ताकीदी तौर **تاکیدی طور**
(भा.) अवधारणबोधक वृत्ति

(पु.)तागा **تاگا**
धागा, सूत

(पु.)ताल **تال**
1. तलैया, जलाशय, तालाब 2. ताली, करतल ध्वनि 3. (संगीत) लय

(पु.)तालाब **تالاب**
जलाशय, ताल, पोखर

(स्त्री.)तालीफ़ **تالیف**
1. संकलन 2. संपादन

(पु.)तअम्मुल **تامل**
1. विलम्ब, देर 2. संकोच, असमंजस

(स्त्री.)तारबंदी **تاربندی**
तार से घेरा बंदी

(वि.)तार-तार **تارتار**
टुकड़े-टुकड़े, कटा-फटा

(पु.)तारे-अ़न्कबूत **تارعنکبوت**
मकड़ी का जाल

(पु.)तारो-पोद **تاروپود**
ताना-बाना, संरचना

(स्त्री.)ताराज **تاراج**
विनाश, बरबादी

(वि.)तारिकुद्दुनिया **تارک الدنیا**
विरक्त, संन्यासी, संसार विमुख

(वि.)तारिके-दुनिया **تارک دنیا**
दे. 'تارک الدنیا'

(पु.)तारिके-वतन **تارک وطن**
(राज.) उत्प्रवासी

(स्त्री.)तारकशी **تارکشی**
तार खींचने का काम या व्यवसाय

(स्त्री.)तारीख़ **تاریخ**
1. तिथि, दिवस 2. इतिहास

(पु.)तारीख़दाँ **تاریخ داں**
इतिहासवेत्ता, इतिहासकार

(वि.)तारीख़गो **تاریخ گو**
'ابجد' के हिसाब से तारीख़ निकालने वाला

(वि.)तारीख़ नवीस **تاریخ نویس**
इतिहासकार

(वि.)तारीख़ी **تاریخی**
ऐतिहासिक

(स्त्री.)तारीकी **تاریکی**
अंधकार, अँधेरा

(स्त्री.)ताज़गी **تازگی**
1. ताज़ापन 2. हरियाली 3. नवीनता, नयापन

(वि.)ताज़ा **تازہ**
1. हरा-भरा, ताज़ा, हरित 2. नया, नवीन

(वि.)ताज़ा दम **تازہ دم**
चुस्त, फुर्तीला

(वि.)ताज़ा कार **تازہ کار**
अधुनातक

(स्त्री.)ताज़ाकारी **تازہ کاری**
(कंप्यू.) अद्यतनीकरण

(वि.)ताज़ा वारिद **تازہ وارد**
नवआगंतुक

**تانیث** (स्त्री.)तानीस
स्त्रीलिंग

**تاوان** (पु.)तावान
क्षतिपूर्ति, जुर्माना, हर्जाना

**تاوانِ جنگ** (पु.)तावाने-जंग
वह राशि जो परास्त देश विजयी देश को अदा करता है

**تاوان نامہ** (स्त्री.)तावान नामा
अर्थदंड-पत्र

**تاویل** (स्त्री.)तावील
1. बचाव के लिए दिया गया तर्क या युक्ति 2. स्पष्टीकरण

**تائب** (वि.)ताइब
प्रायश्चित करने वाला, तौबा करने वाला

**تائید** (स्त्री.)ताईद
1. सहायता, मदद 2. हिमायत, समर्थन 3. पुष्टि

**تائیدِ آسمانی** (स्त्री.)ताईदे-आस्मानी
दे. 'تائیدِ غیبی'

**تائیدِ غیبی** (स्त्री.)ताईदे-ग़ैबी
दैवी सहायता, ख़ुदाई मदद

**تبادل** (पु.)तबादुल
1. आदान-प्रदान 2. (भौ.) परिवर्तन

**تبادلہ** (पु.)तबादिला
1. विनिमय 2. स्थानांतरण, बदली

**تبادلۂ خیالات** (पु.)तबादिलए ख़यालात
विचार-विनिमय, विचार का अदान प्रदान

**تباہ** (वि.)तबाह
1. नष्ट, बर्बाद, ध्वस्त 2. ख़राब, अस्त-व्यस्त

**تباہ حال** (वि.)तबाह हाल
1. मुसीबत का मारा, कालचक्र-पीड़ित 2. दरिद्र, निर्धन

**تباہ کار** (वि.)तबाहकार
तबाही मचाने वाला, विनाशकारी

**تباہ کن** (वि.)तबाहकुन
विनाशकारी, ध्वस्तकारी

**تباہی** (स्त्री.)तबाही
विनाश, बरबादी, तबाही

**تبختر** (पु.)तबख़्तुर
हावभाव, इतराहट

**تبخیر** (स्त्री.)तब्ख़ीर
(रसा.) वाष्पीकरण

**تبخیرہ** (पु.)तब्ख़ीरा
(रसा.) वाष्पित्र

**تبدل** (पु.)तबद्दुल
1. बदलाव, परिवर्तन 2. (वि.) परिवर्तित, बदला हुआ

**تبدیلی** (स्त्री.)तब्दीली
1. परिवर्तन 2. स्थानांतरण

**تبر** (पु.)तबर
कुल्हाड़ी, कुल्हाड़ा

**تبرا** (पु.)तबर्रा
1. निंदा 2. घृणा

**تبرک** (पु.)तबर्रुक
प्रसाद

**تبرکات** (पु.)तबर्रुकात
'تبرک' का बहु.

**تبرکاً** (क्रि.वि.)तबर्रुकन
प्रसादवत, प्रसाद रूप से

**تبسم** (पु.)तबस्सुम
मुस्कान, मुस्कुराहट

**تبسم کناں** (क्रि.वि.)तबस्सुम कुनाँ
मुस्कराते हुए, सस्मित

**تبصرہ** (पु.)तब्सिरा
1. समीक्षा 2. टिप्पणी

**تبصرہ نگار** (पु.)तब्सिरा निगार
समीक्षक

**تبلیغ** (स्त्री.)तब्लीग़
1. प्रचार, प्रसार 2. धर्मप्रचार

**تپ** (पु.)तप
ताप, ज्वर, बुख़ार

**تپِ دق** (स्त्री.)तपे-दिक़
क्षयरोग, यक्ष्मा

**تپاک** (पु.)तपाक
1. आवभगत, ख़ातिरदारी 2. स्नेह, प्रेम

**تپش** (स्त्री.)तपिश
1. गर्मी, तपन 2. (रसा.) ताप

**تتبع** (पु.)ततब्बोअ़
अनुकरण, अनुगमन, अनुसरण

**تتمہ** (पु.)ततिम्मा
1. शेष, परिशिष्ट 2. (प्रशा.) संलग्नक

**تثلیث** (स्त्री.)तस्लीस
1. तीन भाग में विभाजन 2. ईसाई धर्मानुसार त्रियेक परमेश्वर, त्रिनिटि, तीन पद की कविता

تثنیہ (पु.)तस्निया
1. (भा.) द्विवचन 2. द्वि

تجارت (स्त्री.)तिजारत
व्यापार

تجارتی (वि.)तिजारती
व्यापारिक, व्यापार संबंधी

تجارتی انقلاب (पु.)तिजारती इन्क़िलाब
(इति.) वाणिज्य क्रांति

تجارتی ناکہ بندی (स्त्री.)तिजारती नाकाबंदी
(अर्थ.) व्यापारिक नाकेबंदी

تجاوز (पु.)तजावुज़
हद से गुज़र जाना, सीमा उलंघन

تجاہل (पु.)तजाहुल
अनदेखी

تجاہل عارفانہ (पु.)तजाहुले-आरिफ़ाना
1. जान बूझकर अनजान (बनना) 2. काव्य में किसी ज्ञात को अज्ञात के रूप में प्रस्तुत करना, ज्ञानी का ज्ञान बुझा कर यह स्पष्ट करना कि वह इस विषय में कुछ नहीं जानता

تجدید (स्त्री.)तज्दीद
नवीनीकरण, नवीनता

تجدید عہد (स्त्री.)तज्दीदे-अहद
प्रतिज्ञा भंग होने पर पुनः प्रतिज्ञा करना

تجدید ملاقات (स्त्री.)तज्दीदे-मुलाक़ात
लंबे अंतराल के बाद भेंट करना

تجربہ (स्त्री.)तज्रबा
1. अनुभव 2. प्रयोग 3. जाँच

تجربہ کار (वि.)तज्रबाकार
1. अनुभवी 2. बहुदर्शी

تجربہ گاہ (स्त्री.)तज्रबागाह
1. प्रयोगशाला 2. शोधशाला

تجربی (वि.)तज्रबी
(ना.) प्रयोगसिद्ध

تجربیت (स्त्री.)तज्रबियत
(मनो.) अनुभववाद, इंद्रियानुभववाद

تجرد (पु.)तजर्रुद
1. एकांतवास 2. ब्रह्मचर्य 3. संयास

تجرید (स्त्री.)तजरीद
1. अमूर्त रूप, आकार से परे 2. ब्रह्मचर्य

تجریدی (वि.)तजरीदी
अमूर्त

تجریدی فن (पु.)तजरीदी फ़न
अमूर्त कला

تجریدیت (स्त्री.)तजरीदीयत
1. अमूर्तता 2. (दर्श.) अमूर्तिकरण दोष

تجزیاتی (वि.)तज्ज़ियाती
विश्लेषणात्मक

تجزیاتی طریقہ (पु.)तज्ज़ियाती तरीक़ा
(ग.) विश्लेषणात्मक पद्धति

تجزیہ (पु.)तज्ज़िया
विश्लेषण

تجزیہ کار (पु.)तज्ज़ियाकार
(प्रशा.) विश्लेषक

تجسس (पु.)तजस्सुस
1. जिज्ञासा 2. तलाश, खोज

تجسیمیت (स्त्री.)तजसीमियत
(दर्श.) 1. मानवत्वारोपण 2. नरत्वारोपणवाद, नृरूपता

تجلی (स्त्री.)तजल्ली
1. दिव्य-ज्योति 2. प्रकाश 3. आभा

تجلیات (स्त्री.)तजल्लियात
'تجلی' का बहु., प्रकाशसमूह

تجنیس (स्त्री.)तजनीस
1. एक-रूपीकरण 2. एकरूपता 3. एकलिंगता 4. यमक अलंकार 5. (भा.) समानमता

تجنیس صوتی (स्त्री.)तजनीसे-सौती
(भा.) अनुप्रास

تجوری (स्त्री.)तिजोरी
तिजोरी, धन कोष

تجوید (स्त्री.)तज्वीद
1. शुद्धिकरण 2. किसी शब्द का शुद्ध उच्चारण 3. क़ुरआन पढ़ने की पद्धति, क़ुरआन पाठन कला

تجویز (स्त्री.)तज्वीज़
1. प्रस्ताव 2. सुझाव

تحائف (पु.)तहाइफ़
'تحفہ' का बहु.

تحت (वि.)तहत
1. नीचे, निम्न 2. अधीन

تحت الارض (स्त्री.)तहतुल अर्ज़
भूमि के नीचे की परत

**تحت الثری** (पु.)तहतुस-सरा
पाताल

**تحت الشعور** (पु.)तहतुश-शऊर
1. अवचेतन 2. अंतःसंज्ञा

**تحت اللفظ** (क्रि.)तहतुल्लफ़्ज़
बग़ैर तरन्नुम काव्य पाठ, बिना गाये कविता पाठ

**تحتانی** (वि.)तहतानी
निचला, नीचे का

**تحدید** (स्त्री.)तहदीद
सीमा-निर्धारण, हदबंदी

**تحرک** (पु.)तहर्रुक
1. गति, हरकत 2. (जन.) चालन
3. (भौ.) संवेग

**تحریر** (स्त्री.)तहरीर
1. लिखावट, लिखाई 2. लेख, रचना
3. पत्र, चिट्ठी

**تحریری** (वि.)तहरीरी
लिखित

**تحریف** (स्त्री.)तहरीफ़
(भौ.) 1. अपरूपण 2. कर्तरी, कर्तन, कर्तनी
3. (भा.) विरूपण, शब्द विकृति

**تحریف زاویہ** (पु.)तहरीफ़ ज़ाविया
(भौ.) अपरूपण कोण

**تحریفی زور** (पु.)तहरीफ़ी ज़ोर
(भौ.) अपरूपक प्रतिबल

**تحریک** (स्त्री.)तहरीक
1. आन्दोलन 2. प्रस्ताव

**تحریک آزادی** (स्त्री.)तहरीके-आज़ादी
स्वतंत्रता आंदोलन

**تحریک اعتماد** (स्त्री.)तहरीके एतिमाद
1. विश्वास प्रस्ताव 2. विश्वास का वोट

**تحریک التوا** (स्त्री.)तहरीके-इल्तिवा
स्थगन-प्रस्ताव

**تحریک تخفیف** (स्त्री.)तहरीके-तख़्फ़ीफ़
(राज.) कटौती प्रस्ताव

**تحسین** (स्त्री.)तहसीन
प्रशंसा, श्लाघा, तारीफ़

**تحصیل** (स्त्री.)तहसील
1. उपार्जन 2. लगान, माल गुज़ारी
3. तहसील, ज़िले का एक भाग

**تحصیلدار** (पु.)तहसीलदार
तहसीलदार, तहसील का अफ़सर

**تحصیلداری** (स्त्री.)तहसीलदारी
तहसीलदार का पद, काम

**تحصیل علم** (स्त्री.)तहसीले-इल्म
विद्योपार्जन

**تحفظ** (पु.)तहफ़्फ़ुज़
सुरक्षा, बचाव, हिफ़ाज़त

**تحفظ حقوق** (पु.)तहफ़्फ़ुज़े-हुक़ूक़
अधिकारों की रक्षा

**تحفہ** (पु.)तोहफ़ा
1. उपहार, भेंट 2. इनाम

**تحقیر** (स्त्री.)तहक़ीर
अनादर, अपमान, उपेक्षा

**تحقیق** (स्त्री.)तहक़ीक़
1. अनुसंधान, शोध 2. जाँच-पड़ताल

**تحقیقات** (स्त्री.)तहक़ीक़ात
تحقیق का बहु., जाँच-पड़ताल, छानबीन

**تحقیقی مقالہ** (पु.)तहक़ीक़ी मक़ाला
शोध-प्रबंध, शोध-लेख

**تحکم** (पु.)तहक्कुम
1. बलप्रयोग 2. (भा.) समादेश

**تحکم پسند** (पु.)तहक्कुम पसंद
(ना.) सत्तावादी

**تحلیل** (पु.)तहलील
1. विलयन, घुलावट 2. पचन

**تحلیل نفسی** (स्त्री.)तहलीले-नफ़्सी
(मनो.) मनोविश्लेषण

**تحلیلی طریقہ** (पु.)तहलीली तरीक़ा
(ग.) विश्लेषणात्मक पद्धति

**تحمل** (स्त्री.)तहम्मुल
1. धैर्य 2. सहिष्णुता

**تحویل** (स्त्री.)तहवील
सुपुर्दगी, क़ब्ज़ा

**تحویل آفتاب** (स्त्री.)तहवीले-आफ़्ताब
सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश, संक्रान्ति

**تحویلدار** (पु.)तहवीलदार
1. रोकड़िया, ख़ज़ांची, कोषाध्यक्ष 2. अमानतदार

**تحویل گھر** (पु.)तहवील घर
(प्रशा.) निक्षेपागार

**تحیر** (पु.)तहय्युर
अचम्भा, विस्मय, हैरानी

**تخالف** (पु.)तख़ालुफ़
(भा.) व्यतिरेक, वैषम्य

**تخت** (पु.)तख़्त
1. बड़ी चौकी 2. सिंहासन, राजगद्दी

**تخت سلیمانی** (पु.)तख़्ते-सुलैमानी
हज़रत सुलेमान का उड़न-तख़्त

**تخت شاہی** (पु.)तख़्ते-शाही
राजसिंहासन

**تخت نشینی** (स्त्री.)तख़्त नशीनी
राज्यभिषेक, ताजपोशी

**تخت نشیں** (पु.)तख़्त नशीं
1. आसीन, सिंहासनारूढ़ 2. शासक, राजा

**تخت وتاج** (पु.)तख़्तो-ताज
सिंहासन, राजपाठ

**تختہ** (पु.)तख़्ता
1. लकड़ी का पटरा 2. चौकी, तख़्त 3. खेत आदि की क्यारी

**تختہ بند** (वि.)तख़्ताबंद
1. बंदी, क़ैदी 2. (पु.) लकड़ी की वह खपच्ची जो टूटी हड्डी को जोड़ने के लिए बाँधी जाती है

**تختہ بندی** (स्त्री.)तख़्ताबंदी
फूलों की क्यारियों की सजावट

**تختۂ مشق** (पु.)तख़्तए-मश्क़
1. श्यामपट 2. तख़्ती, लिखने की पट्टी

**تختی** (स्त्री.)तख़्ती
पट्टी (लिखने की)

**تخریب** (स्त्री.)तख़रीब
1. विनाश, नाश, तबाही
2. (भौ.) विरूपण 3. विकृति

**تخصیص** (स्त्री.)तख़सीस
1. विशेषता, विशिष्टीकरण 2. (मनो.) विनिर्दिष्टता

**تخفیف** (स्त्री.)तख़फ़ीफ़
1. न्यूनीकरण, कमी 2. छँटनी 3. छूट (मूल्य आदि में) 4. (भा.) संक्षेपण 5. (भौ.) क्षीणन, क्षीणता, संकीर्णता, संकीर्णन 6. (भौ.) अपक्षय

**تخلص** (पु.)तख़ल्लुस
शाइर या कवि का उपनाम

**تخلیق** (स्त्री.)तख़्लीक़
1. सृजन 2. रचना, लेख

**تخلیہ** (पु.)तख़्लिया
एकांत, तन्हाई

**تخم** (पु.)तुख़्म
1. बीज 2. गुठली 3. अंडा 4. संतान

**تخم پاشی** (स्त्री.)तुख़्म पाशी
बोआई

**تخمینہ** (स्त्री.)तख़्मीना
अनुमान, अंदाज़ा

**تخمیناً** (क्रि.वि.)तख़्मीनन
अनुमानतः

**تخیل** (पु.)तख़य्युल
1. कल्पना 2. भ्रम, वहम 3. चिंतन

**تخیل پرستی** (स्त्री.)तख़य्युल परस्ती
(मनो.) स्वलीनता, स्वैर चिंतन

**تخیلات** (पु.)तख़य्युलात
'تخیل' का बहु.

**تدارک** (पु.)तदारुक
1. निवारण, सुधार 2. उपाय, उपचार

**تدبر** (पु.)तदब्बुर
दूरदर्शिता

**تدبیر** (स्त्री.)तदबीर
1. उपाय, जतन 2. उपचार, इलाज 3. युक्ति

**تدریجی** (वि.)तदरीजी
आनुक्रमिक, क्रमिक

**تدریجی اثرات** (पु.)तदरीजी असरात
धीरे-धीरे पड़ने वाले प्रभाव

**تدریس** (स्त्री.)तदरीस
पाठन, शिक्षण

**تدفین** (स्त्री.)तदफ़ीन
ज़मीन में गाड़ने की क्रिया, दफ़नाना

**تدوین** (स्त्री.)तदवीन
1. संकलन 2. संपादन

**تذبذب** (पु.)तज़बज़ुब
असमंजस, दुविधा

**تذکرہ** (पु)तज़्किरा
1. चर्चा, उल्लेख 2. कवियों और उनके काव्यवृत का संकलन

**تذکرۃً/تذکرتاً** (क्रि.वि.)तज़्किरतन
प्रसंगवश

تذکیر (स्त्री.)तज़्कीर
1. पुल्लिंग बनाना 2. पुरूषत्व

تذکیر و تانیث (स्त्री.)तज़्कीरो तानीस
पुल्लिंग और स्त्रीलिंग

تذلیل (स्त्री.)तज़्लील
अपमान, अनादर

تر (वि.)तर
1. गीला, आर्द 2. (प्रत्य.)(भा.)अर्थवर्धक, जैसे- 'خوب‌تر' (ख़ूबतर) बहुत अच्छा

تربتر (वि.)तर-बतर
सराबोर, लथपथ, भीगा हुआ

تردامن (वि.)तरदामन
1. गीले दामन वाला 2. पापी, गुनाहगार

تردامنی (स्त्री.)तरदामनी
दामन गीला होना, पाप, गुनाह

تروتازہ (वि.)तरो ताज़ा
1. बिल्कुल ताज़ा 2. हरा-भरा 3. प्रफुल्लित

تراجم (पु.)तराजिम
'ترجمہ' का बहु.

ترازو (स्त्री.)तराज़ू
तुला

تراش (स्त्री.)तराश
1. काट-छाँट 2. कटाव, काट

تراش خراش (स्त्री.)तराश-ख़राश
1. काट-छाँट 2. वेशभूषा, बनाव-सिंगार

تراشہ (पु.)तराशा
1. छीलन, कतरन (जन.) 2. समाचार पत्र आदि की कतरन

تراشیدہ (वि.)तराशीदा
1. कतरा हुआ 2. तराशा हुआ 3. काटा हुआ

ترانہ (पु.)तराना
गीत, गान, गाना

تراوش (स्त्री.)तराविश
टपकन, टपकाव, चुआव

تراویح (स्त्री.)तरावीह
रमज़ान मास में पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज़

تربت (स्त्री.)तुर्बत
क़ब्र, समाधि

تربیت (स्त्री.)तर्बियत
1. पालन-पोषण 2. प्रशिक्षण

ترپائی (स्त्री.)तुर्पाई
1. तर्तीब, सीवन 2. हाथ की बारीक सिलाई

ترتیب (स्त्री.)तर्तीब
1. क्रम 2. अनुक्रम 3. क्रमबंधन

ترتیب وار (क्रि.वि.)तर्तीबवार
क्रमानुसार, क्रमशः

ترتیبی افادیت (पु.)तर्तीबी इफ़ादियत
(वाणि.) क्रमसूचक उपयोगिता

ترتیبی مقطوعہ (पु.)तर्तीबी मक्तूआ
(ग.) निर्धारण

ترتیل (स्त्री.)तर्तील
क़ुरआन शरीफ़ का शुद्ध पाठ

ترجمان (पु.)तर्जुमान
1. प्रवक्ता 2. अनुवादक 3. प्रतिनिधि

ترجمانی (स्त्री.)तर्जुमानी
1. भाषांतरण, अनुवाद 2. प्रतिनिधित्व

ترجمہ (पु.)तर्जुमा
अनुवाद, भाषांतर

ترجمہ نویس (पु.)तर्जुमा नवीस
अनुवादक, भाषांतरकार

ترجیح (स्त्री.)तर्जीह
1. वरीयता 2. प्रधानता 3. प्राथमिकता

ترجیحی (वि.)तरजीही
(भौ.) वरणात्मक

ترجیحی تجارتی معاہدہ (पु.)तरजीही तिजारती मुआहिदा
(अर्थ.) अधिमानी व्यापार क़रार

ترجیع (स्त्री.)तर्जीअ़
प्रत्यागमन

ترجیع بند (पु.)तर्जीअ़ बंद
नज़्म का एक प्रकार जिसमें, हर बंद के रदीफ़-क़ाफ़िए भिन्न होते हैं

ترحم (पु.)तरह्हुम
दया, रह्म, अनुकंपा

تردد (पु.)तरद्दुद
1. चिंता, अंदेशा 2. दुविधा, असमंजस

تردید (स्त्री.)तर्दीद
खंडन, रद्द करना

ترس (पु.)तरस
रहम, दया, करुणा

ترساں (वी.)तरसाँ
भयभीत, त्रस्त, आतंकित, डरा हुआ

**ترسیل** (स्त्री.)तर्सील
1. प्रेषण 2. संचार

**ترسیل عامہ** (स्त्री.)तर्सीले-आम्मा
(जन.) जन संचार साधन, जन संचार माध्यम

**ترسیلی خط** (पु.)तर्सीली ख़त
(प्रशा.) अग्रेषण पत्र

**ترسیلی نوٹ** (पु.)तर्सीली नोट
(प्रशा.) अग्रेषण टिप्पणी

**ترش** (वि.)तुर्श
खट्टा, अम्लीय

**ترش رو** (वि.)तुर्श रू
चिड़चिड़ा

**ترش روئی** (स्त्री.)तुर्श रूई
चिड़चिड़ापन

**ترش مزاج** (वि.)तुर्श मिज़ाज
कटुस्वभाव वाला, चिड़चिड़ा, झगड़ालू

**ترشح** (पु./स्त्री.)तरश्शोह
1. बूँदा-बाँदी, हल्की वर्षा, फुआर 2. रिसाव 3. छिड़काव 4. प्रकट, स्पष्ट

**ترشہ پسند** (वि.)तुर्शा पसंद
(प्राणि.) 1. अम्लरागी 2. अम्लरंजी

**ترشی** (स्त्री.)तुर्शी
1. खटास, खट्टापन 2. चिड़चिड़ापन

**ترغیب** (स्त्री.)तर्ग़ीब
1. प्रेरणा 2. प्रलोभन, बहकाव

**ترغیب کار** (पु.)तर्ग़ीब कार
(मौ.) 1. प्रेरक 2. विप्रेरक

**ترغیبی** (वि.)तर्ग़ीबी
(मौ.) प्रेरणिक

**ترغیبی طور** (पु.)तर्ग़ीबी तौर
(भा.) उद्बोधक वृत्ति

**ترفع** (पु.)तरफ़्फ़ो
1. ऊँचाई, बुलंदी 2. श्रेष्ठता

**ترقی** (स्त्री.)तरक़्क़ी
1. विकास, उन्नति, प्रगति 2. पदोन्नति

**ترقی پذیر** (वि.)तरक़्क़ी पज़ीर
विकासशील

**ترقی پسند** (वि.)तरक़्क़ी पसंद
प्रगतिशील, प्रगतिवादी

**ترقی پسندی** (स्त्री.)तरक़्क़ी पसंदी
प्रगतिशीलता, प्रगतिवाद

**ترقی یافتہ** (वि.)तरक़्क़ी याफ़्ता
उन्नत, विकसित

**ترقیاتی منصوبہ بندی** (स्त्री.)तरक़्क़ियाती मंसूबाबंदी
(अर्थ.) विकास योजना

**ترک** (पु.)तर्क
1. त्याग, परित्याग, छोड़ना 2. भूल, चूक

**ترک** (पु.)तुर्क
1. तुर्की देश का निवासी 2. सैनिक, योद्धा

**ترک ادب** (पु.)तर्के-अदब
आदर-त्याग, गुस्ताख़ी, बेअदबी

**ترک دنیا** (पु.)तर्के-दुनिया
संसार त्याग, संन्यास

**ترک لذات** (पु.)तर्के-लज़्ज़ात
भोग-विलास का त्याग, निवृत्ति (सुख आदि से)

**ترک وطن** (पु.)तर्के-वतन
1. प्रवास 2. निर्वासन

**ترکش** (पु.)तरकश
तीरदान, तूणीर, निषंग

**ترکش بند** (वि.)तरकशबंद
निषंगधर, तूणीरधारी

**ترکہ** (पु.)तर्का
बपौती

**ترکۂ پدری** (पु.)तर्कए-पिदरी
पैतृक दाय, बपौती

**ترکی** (पु.)तुर्की
1. तुर्क देश 2. (स्त्री.) तुर्क भाषा

**ترکیب** (स्त्री.)तर्कीब
1. बनावट, संरचना, डौल 2. ढब, तरीक़ा 3. युक्ति, उपाय 4. मिश्रण 5. (भा.) रचना 6. निर्माण

**ترکیب استعمال** (स्त्री.)तर्कीबे-इस्तेमाल
सेवनविधि, प्रयोगविधि

**ترکیب بند** (पु.)तर्कीब बंद
(भा.) टीपबंद (कविता)

**ترکیب صرفی** (स्त्री.)तर्कीबे-सर्फ़ी
(भा.) शब्द-निरुक्ति, संधि-विच्छेद, पदान्वय

**ترکیب عطفی** (स्त्री.)तर्कीबे-अत्फ़ी
(भा.) समन्वित रचना

**ترکیب نحوی** (स्त्री.)तर्कीबे-नहवी
(भा.) वाक्य-विश्लेषण, विग्रह

ترکیبی (वि.)तर्कीबी
1. यौगिक 2. संरचनात्मक
ترکیبی طریقہ (पु.) तर्कीबी तरीक़ा
(ग.) संश्लेषात्मक पद्धति
ترکیز (स्त्री.)तर्कीज़
(मनो.) नियतन, स्थिरीकरण, स्थिरण
ترمیم (स्त्री.)तर्मीम
1. संशोधन, सुधार 2. परिवर्तन
ترمیم شدہ (वि.)तर्मीमशुदा
1. संशोधित 2. परिवर्तित
ترنج (पु.)तुरंज
1. चकोतरा नींबू 2. मीठा नींबू
ترنگ (स्त्री.)तरंग
1. लहर, हिलोर 2. उमंग
ترنم (स्त्री.)तरन्नुम
स्वर-माधुर्य, मधुर गान
ترویج (स्त्री.)तर्वीज
1. प्रचार-प्रसार 2. प्रचलन
تری (स्त्री.)तरी
नमी, आर्दता
تریاق (पु.)तिर्याक़
1. विषहर (दवाई) 2. अफ़ीम
تریاکی (वि.)तिर्याकी
अफ़ीमची
تزک واحتشام (पु.)तुज़्को-इह्तिशाम
शान-शौकत, वैभव
تزکیہ (पु.)तज़्किया
शुद्धि, शुद्धिकरण
تزکیۂ نفس (पु.)तज़्किए-नफ़्स
मन की शुद्धि, आत्म शुद्धि
تزئین (स्त्री.)तज़ईन
1. शृंगार, सज्जा, सिंगार 2. अलंकरण
تساہل (पु.)तसाहुल
आलस्य, सुस्ती
تسبیح (स्त्री.)तस्बीह
1. जपमाला, सुमिरनी 2. ईश्वर नाम का जाप
تسبیح خواں (वि.)तस्बीह ख़्वाँ
1. तसबीह पढ़ने वाला 2. जापक, जपकर्त्ता
تسخیر (स्त्री.)तस्ख़ीर
1. वशीभूतिकरण, वशीकरण 2. आधिपत्य, अधिग्रहण

تسکین (स्त्री.)तस्कीन
सांत्वना, ढाढ़स, ढारस, तसल्ली, दिलासा
تسلسل (पु.)तसलसुल
1. क्रमबद्धता 2. श्रृंखलाबद्धता 3. निरंतरता
تسلط (पु.)तसल्लुत
1. आधिपत्य 2. प्रभुत्व 3. अधिकार
تسلی (स्त्री.)तसल्ली
ढाढ़स, ढारस, सांत्वना
تسلیم (स्त्री.)तस्लीम
1. स्वीकार 2. सलाम, आदाब
تسلیمات (स्त्री.)तस्लीमात
प्रणाम, सलाम, नमस्कार
تسمہ (पु.)तस्मा
चमड़े का पट्टा या फ़ीता, फ़ीता, पट्टा
تسمہ پا (वि.)तस्मा पा
बंदी, क़ैदी, कारावासी
تسمیہ (पु.)तस्मिया
नामकरण
تسنیم (स्त्री.)तस्नीम
स्वर्ग की एक नहर
تشابہ (पु.)तशाबोह
1. समानता 2. अनुरूपता
تشبیب (स्त्री.)तश्बीब
प्रशस्ति काव्य (क़सीदे) में प्रयुक्त भूमिका
تشبیہ (स्त्री.)तश्बीह
उपमा, एक अर्थालंकार जिसमें एक वस्तु की तुलना दूसरी वस्तु से की जाती है
تشت (पु.)तश्त
दे. 'طشت'
تشتری (स्त्री.)तश्तरी
दे. 'طشتری'
تشخص (पु.)तशख़्ख़ुस
अस्मिता, पहचान
تشخیص (स्त्री.)तश्ख़ीस
1. निदान, जाँच-पड़ताल 2. पहचान
تشخیص مرض (स्त्री.)तश्ख़ीसे-मरज़
रोग-निदान, बीमारी की जाँच
تشدد (स्त्री.)तशद्दुद
1. हिंसा 2. उग्रता
تشدد آمیز (वि.)तशद्दुद आमेज़
हिंसात्मक

تشدید (स्त्री.)तश्दीद
1. एक अक्षर को दो बार पढ़ना, अक्षर पुनरावृत्ति 2. पुनरावृत्ति चिह्न ' ّ ' 3. (भा.) द्वित्व

تشریح (स्त्री.)तश्रीह
1. व्याख्या, टीका 2. स्पष्टीकरण 3. विश्लेषण

تشریح الابدان (स्त्री.)तश्रीहुल-अब्दान
शरीर-रचना विज्ञान, एनाटोमी, शरीर-विज्ञान

تشریف (स्त्री.)तश्रीफ़
पदार्पण, आगमन

تشریف آوری (स्त्री.)तश्रीफ़ आवरी
1. पदार्पण, आगमन 2. शुभागम

تشریق (स्त्री.)तश्रीक़
(भौ.) अभिविंयास

تشفی (स्त्री.)तशफ़्फ़ी
1. सांत्वना, ढाढ़स, ढारस, दिलासा 2. तृप्ति, तुष्टि, मनः तुष्टि, संतुष्टि

تشکر (पु.)तशक्कुर
आभार, कृतज्ञता, शुक्रिया

تشکل (पु.)तशक्कुल
(मनो.) समग्राकृति

تشکیک (स्त्री.)तश्कीक
संदेह, शक

تشکیل (स्त्री.)तश्कील
1. आकृति, बनावट 2. (भौ.) विंयास, संरूपण 3. (ग.) संगत

تشکیلی نشانات (पु.)तश्कीली निशानात
(ग.) स्थिति चिह्न

تشنج (पु.)तशन्नुज
अकड़न, ऐंठन, खिंचाव (शारीरिक अंगों का)

تشنجی دورہ (पु.)तशन्नुजी दौरा
(मनो.) आक्षेपी ग्रसन

تشنگی (स्त्री.)तिश्नगी
1. प्यास, तृष्णा 2. अतृप्ति

تشنہ (वि.)तिश्ना
1. प्यासा, तृषित 2. अतृप्त

تشنۂ خوں (वि.)तिश्नए-ख़ूँ
ख़ून का प्यासा, जानी दुश्मन, प्राणघातक

تشنۂ دیدار (वि.)तिश्नए-दीदार
दर्शनाभिलाषी

تشنہ کام (वि.)तिश्ना काम
असफल-मनोरथ, नाकाम, प्यासा

تشنہ لب (वि.)तिश्ना लब
प्यासा, अतृप्त

تشویش (स्त्री.)तश्वीश
1. चिंता, फ़िक्र 2. घबराहट, परेशानी 3. (मनो.) दुश्चिंता

تشویشناک (वि.)तश्वीशनाक
चिंताजनक

تشہیر (पु.)तश्हीर
1. विज्ञापन 2. ढिंढोरा

تشہیری مواد (पु.)तश्हीरी मवाद
(जन.) प्रचार सामग्री

تشیع (पु.)तशय्यो
शीया सम्प्रदाय की अनुगामिता

تصادم (पु.)तसादुम
टकराव, मुठभेड़, टक्कर

تصانیف (स्त्री.)तसानीफ़
'تصنیف' का बहु.

تصاویر (स्त्री.)तसावीर
'تصویر' का बहु.

تصحیح (स्त्री.)तसहीह
1. संशोधन 2. शुद्धिकरण

تصدق (पु.)तसद्दुक़
1. न्योछावर, निछावर 2. दान-पुण्य, सदक़ा

تصدیق (स्त्री.)तस्दीक़
प्रमाणता, प्रमाणीकरण

تصدیق نامہ (पु.)तस्दीक़ नामा
प्रमाणपत्र

تصرف (पु.)तसर्रुफ़
1. आधिपत्य, अधिकार, क़ब्ज़ा 2. व्यय, ख़र्च 3. स्वेच्छानुसार किसी वस्तु या कार्य में परिवर्तन करके प्रयोग में लाना, परिवर्तन, बदलाव

تصرف بیجا (फ़ा.)तसर्रुफ़े-बेजा
1. अवैध क़ब्ज़ा, अनाधिकृत क़ब्ज़ा 2. फ़ुज़ूल ख़र्ची, अपव्यय

تصرفی کھاتہ (पु.)तसर्रुफ़ी खाता
(अर्थ.) विनियोजन लेखा/ खाता

تصریح (वि.)तस्रीह
स्पष्टीकरण

تصریحی (वि.)तसरीही
(भा.) निर्देशक

**ٹھکانے لگانا** (क्रि.)ठिकाने लगाना
1. किसी वस्तु को उसके उचित स्थान को पहुँचाना 2. सफलता दिलाना, उद्देश्य का पहुँचाना 3. मार डालना, हत्या करन देना

**ٹھکرانا** (क्रि.)ठुकराना
1. ठोकर मारना 2. तिरस्कार पूर्वक हटाना 3. अस्वीकार करना

**ٹھکرانی** (स्त्री.)ठकुरानी
ठाकुर की बेटी या बहू

**ٹھکرائن** (स्त्री.)ठकुराइन
1. ठकुराइन 2. मालकिन, स्वामिनी 3. ठाकुर की बेटी या बहू

**ٹھگ** (पु.)ठग
छली, बटमार

**ٹھمری** (स्त्री.)ठुमरी
एक प्रकार का गीत

**ٹھمک** (स्त्री.)ठुमक
लुभावनी चाल, अदा

**ٹھمک ٹھمک کر** (क्रि.वि.)ठुमक ठुमक कर
मटक-मटक कर, लचक-लचक कर

**ٹھمک چال** (स्त्री.)ठुमक चाल
दे. 'ٹھمک'

**ٹھمکنا** (क्रि.)ठुमकना
लुभावनी चाल से चलना, मटक-मटक कर चलना

**ٹھنڈا** (वि.)ठंडा
1. ठंडा, शीतल 2. बुझा हुआ 3. शांत, चुप

**ٹھنڈا پڑنا** (क्रि.)ठंडा पड़ना
1. ठंडा होना 2. बुझ जाना 3. चुप हो जाना, शांत होना

**ٹھنڈک** (स्त्री.)ठंडक
ठंड, ठंडक, सर्दी

**ٹھگنا** (क्रि.)ठिंगना
छोटे कद का, बौना

**ٹھوڑی** (स्त्री.)ठोड़ी
दे. 'ٹھڈی'

**ٹھوسا** (पु.)ठूसा
घूँसा

**ٹھوکر** (स्त्री.)ठोकर
1. चोट 2. पैर से किया गया अघात 3. धक्का

**ٹھوکر کھانا** (क्रि.)ठोकर खाना
1. चोट खाना 2. धक्का खाना

**ٹھوکنا** (क्रि.)ठोकना
1. गाड़ना, धँसाना 2. मारना, पीटना, आघात करना

**ٹھونسنا** (क्रि.)ठूँसना
1. क्षमता से अधिक भरना 2. घुसेड़ना 3. अत्यधिक खाना

**ٹھونکنا** (क्रि.)ठोंकना
दे. 'ٹھوکنا'

**ٹھیٹ** (वि.)ठेट
विशुद्ध, असली

**ٹھیس** (स्त्री.)ठेस
1. धक्का, ठोकर, हल्की चोट 2. मानसिक कष्ट

**ٹھیک** (वि.)ठीक
1. ठीक, उचित 2. सामान्य, साधारण

**ٹھیک ٹھاک** (क्रि.वि.)ठीक-ठाक
जो बिल्कुल ठीक हो, पूर्णरूप से ठीक, बिल्कुल ठीक

**ٹھیک ٹھیک** (वि.)ठीक-ठीक
सही सही, शुद्ध-शुद्ध

**ٹھیکرا** (पु.)ठीकरा
1. मिट्टी का बासन, बरतन 2. मिट्टी के बरतन का टुकड़ा

**ٹھیکرا پھوڑنا** (क्रि.)ठीकरा फोड़ना
आरोप लगाना, दोषी बनाना

**ٹھیکری** (स्त्री.)ठीकरी
'ٹھیکرا' का स्त्री.

**ٹھیلا** (पु.)ठेला
1. धक्का, रेला, भीड़-भाड़ 2. हाथ गाड़ी

**ٹھینگا** (पु.)ठेंगा
हाथ का अंगूठा

**ٹھینگا دکھانا** (क्रि.)ठेंगा दिखाना
1. अंगूठा दिखाना 2. निराश कर देना

**ٹھینگے سے** (क्रि.वि.)ठेंगे से
बला से

---

## ث

---

**ثابت** (वि.)साबित
1. सिद्ध, प्रमाणित 2. पक्का, सुदृढ़ 3. पूर्ण

ٹھاٹ باٹ (पु.)ठाट-बाट
शान, तड़क-भड़क, ठाठ-बाट, सज-धज

ٹھاٹ مارنا (क्रि.)ठाट मारना
जल-धारा का उछलना, तरंग का उठना, हिलोर मारना

ٹھاکر (पु.)ठाकुर
1. क्षत्रियों की उपाधि 2. नाई 3. ईश्वर, परमेश्वर 4. देवमूर्ति 5. स्वामी, मालिक 6. पूज्य-व्यक्ति 7. नायक, सरदार

ٹھپا (पु.)ठप्पा
1. ठप्पा 2. छाप, चिन्ह

ٹھٹھ (पु.)ठठ
1. भीड़, झुंड 2. समूह, ढेर

ٹھٹھا (पु.)ठट्ठा
1. ठठोली, मज़ाक़ 2. हँसी, छेड़-छाड़

ٹھٹھکنا (क्रि.)ठिठकना
1. सहसा रुक जाना 2. स्तब्ध होना, ठक रह जाना

ٹھٹھولی (स्त्री.)ठठोली
दे. 'ٹھٹھا'

ٹھڈا (पु.)ठुड्डा
1. पतंग की खड़ी खपची 2. रीढ़ की हड्डी

ٹھڈی (स्त्री.)ठुड्डी
ठोड़ी

ٹھساٹھس (वि.)ठसाठस
1. खचाखच, अत्यधिक भरा हुआ 2. ठूँस-ठूँस कर भरा हुआ

ٹھسک (स्त्री.)ठसक
1. अभिमान, गर्व 2. खाँसी की आवाज़ 3. सूखी खाँसी

ٹھسکا (पु.)ठसका
सूखी खाँसी

ٹھکانا (पु.)ठिकाना
1. स्थान, जगह 2. वासस्थान 3. भरोसा, विश्वास

ٹھکانا ڈھونڈنا (क्रि.)ठिकाना ढूँढना
1. रहने का स्थान ठीक करना 2. नौकरी आदि का प्रबंध करना

ٹھکانا لگنا (क्रि.)ठिकाना लगना
1. उचित स्थान पर पहुँच जाना, उद्देश्य पा जाना 2. नौकरी आदि का मिल जाना

ٹہلانا (क्रि.)टहलाना
1. भ्रमण करना, घुमाना-फिराना 2. (छोटों को) चलाना 3. टालना, हटाना

ٹہلنا (क्रि.)टहलना
भ्रमण करना, घूमना-फिरना

ٹیپ ٹاپ (स्त्री.)टीप टाप
सज-धज, ठाठ-बाट

ٹیڑھا (वि.)टेढ़ा
1. तिरछा, झुका हुआ, वक्र 2. बाँका, कुटील 3. कठिन, दुसाध्य 4. उद्दण्ड, अनम, अशिष्ट, असभ्य

ٹیڑھا بانکا (वि.)टेढ़ाबाँका
छैल-छबीला, बाँका

ٹیڑھاپن (पु.)टेढ़ापन
वक्रता, तिरछापन

ٹیڑھی (स्त्री.)टेढ़ी
'ٹیڑھا' का स्त्री.

ٹیس (स्त्री.)टीस
हूल, कसक, चुभन, चबक

ٹیک (स्त्री.)टेक
1. सहारा 2. थूनी, खम्भा

ٹیکا (पु.)टीका
1. माथे का तिलक 2. विवाह के पूर्व की एक रस्म, तिलक सगाई 3. माथे पर पहनने का स्त्री का एक आभूषण 4. सुई द्वारा शरीर में औषधि प्रवेश करने की क्रिया 5. राज तिलक 6. दाग़, धब्बा

ٹیلا (पु.)टीला
1. मिट्टी या बालू का ऊँचा ढेर 2. छोटी पहाड़ी

ٹیم (स्त्री.)टीम
1. टोली 2. दल

ٹینٹوا (पु.)टेंटुआ
नटई

ٹینی (वि.)टैनी
बौना, ठिगना

## ٹھ

ٹھاٹ (पु.)ठाट
1. ठाठ, ढंग, तड़क-भड़क, सज-धज 2. रक्षा, रोक के काम में आने वाला बाँस का ढाँचा 3. धन-दौलत

ٹنڈا (पु.)टिन्डा
1. एक प्रकार की तरकारी 2. मोटा और ठिगना आदमी

ٹوپ (पु.)टोप
1. बड़ी टोपी, रूईदार टोपी 2. शिरस्त्राण 3. खोली, गिलाफ़

ٹوٹ پڑنا (क्रि.)टूट पड़ना
1. आक्रमण करना, धावा करना 2. किसी कार्य में निरंतर लग जाना

ٹوٹ پھوٹ (स्त्री.)टूट फूट
टूट-फूट

ٹوٹا پھوٹا (वि.)टूटाफूटा
1. जीर्ण-शीर्ण 2. समान्य कोटि का

ٹوٹکا (पु.)टोटका
टोटका, टोना

ٹوک (स्त्री.)टोक
1. बुरी दृष्टि का प्रभाव, नज़र 2. विघ्न, रुकावट

ٹوک ٹاک (स्त्री.)टोकटाक
पूछ-ताछ, पूछ-गछ

ٹوکرا (पु.)टोकरा
1. झाबा, डाला, खाँचा 2. एक प्रकार की छोटी नाव, डोंगा

ٹوکری (स्त्री.)टोकरी
टोकरी, डलिया

ٹولہ (पु.)टोला
1. मुहल्ला 2. छोटी बस्ती

ٹولی (स्त्री.)टोली
मंडली, जत्था, झुंड, टुकड़ी

ٹونٹی (स्त्री.)टोंटी
लोटे या बधने इत्यादि की नली, टैप

ٹوہ (स्त्री.)टोह
थाह, खोज, टटोल, ढूँढ

ٹوہ رکھنا (क्रि.)टोह रखना
टटोल रखना, थाह लेना

ٹوہ لگانا (क्रि.)टोह लगाना
खोज लगाना, थाह लगाना

ٹوہ میں رہنا (क्रि.)टोह में रहना
1. खोज में रहना 2. किसी की त्रुटि की खोज में रहना

ٹہل (स्त्री.)टहल
1. मंदगति से भ्रमण 2. सेवा-सुश्रुषा, खिदमत

ٹٹو (पु.)टट्टू
खच्चर

ٹٹی (क्रि.वि.)टट्टी
1. बाँस या सरकण्डों का बँधा हुआ छोटा टट्टर, पल्ला 2. आड़, ओट, परदा, चिक 3. अँगूर आदि की लता चढ़ाने के लिये फट्टियों की छत 4. पाख़ाना, मल

ٹڈا (पु.)टिड्डा
1. टिड्डी का पु. 2. पतला दुबला मनुष्य

ٹڈی (स्त्री.)टिड्डा
दल बाँधकर उड़ने वाला बड़ा पतिंगा जो फ़सल को नष्ट कर देता है

ٹڈی دل (पु.)टिड्डी दल
1. टिड्डियों का बड़ा झुण्ड 2. बड़ी फ़ौज 3. अत्यधिक भीड़-भाड़

ٹرٹر (स्त्री.)टरटर
1. मेंढक की तीव्र एंव कर्कश ध्वनि, मेंढक की आवाज़ 2. बक-बक, झिक-झिक

ٹکاؤ (वि.)टिकाऊ
1. स्थिर, मज़बूत 2. (पु.) स्थिरता

ٹکٹکی (स्त्री.)टकटकी
1. टकटकी 2. लगातार देखे जाना

ٹکر (स्त्री.)टक्कर
1. धक्का, ठोकर 2. प्रतिस्पर्द्धा

ٹکڑا (पु.)टुक्ड़ा
भाग, फाँक, खण्ड

ٹکسال (स्त्री.)टक्साल
सिक्के आदि ढ़ालने का कारख़ाना

ٹکسالی (पु.)टक्साली
1. विशुद्ध, खरा, असल 2. प्रामाणिक, प्रचलित

ٹکسالی بات (स्त्री.)टक्साली बात
प्रामाणिक बात, प्रचलित बात

ٹکسالی بولی/زبان (स्त्री.)टक्साली बोली/ज़बान
प्रामाणिक भाषा

ٹکیہ (पु.)टिकिया
1. ठोस पदार्थ का गोल और चिपटा टुकड़ा 2. बाटी, रोटी 3. तम्बाकू का गोल टुकड़ा जिसे चिलम में भरकर पीते हैं 4. माथा, ललाट 5. माथे पर लगी बिंदी

ٹمٹمانا (क्रि.)टिमटिमाना
रह रहकर हल्का प्रकाश होना, झिलमिलाना

تہی دامن (वि.)तिही दामन
वंचित, ख़ाली

تہی دست (वि.)तिही दस्त
ख़ाली हाथ, कंगाल, दरिद्र

تہیہ (पु.)तहय्या
संकल्प, निश्चय

تیار (वि.)तय्यार
1. तत्पर, मुस्तैद 2. पक्व, पका हुआ

تیاری (वि.)तय्यारी
1. तत्परता, मुस्तैदी 2. रचना, निर्माण 3. सज्जा

تیر (पु.)तीर
बाण

تیر انداز (वि.)तीर अंदाज़
धनुर्धारी

تیر افگن (वि.)तीर अफ़गन
दे. 'تیر انداز'

تیر اندازی (स्त्री.)तीर अंदाज़ी
धनुर्विद्या, तीरअंदाज़ी

تیر بہدف (वि.)तीर बहदफ़
1. अचूक 2. निशाने पर अमोघ

تیر خوردہ (वि.)तीर ख़ुर्दा
1. तीर खाया हुआ 2. घायल, ज़ख़्मी

تیر دان (पु.)तीरदान
तूणीर, तरकश

تیر زن (वि.)तीरज़न
दे. 'تیر انداز'

تیر نیم کش (पु.)तीरे-नीमकश
आधाखिंचा बाण

تیرگی (स्त्री.)तीरगी
अंधकार, तिमिर, अँधेरा

تیرہ (वि.)तीरा
अंधकारमय

تیرہ بخت (वि.)तीरा बख़्त
हतभाग्य, बदक़िस्मत, अभागा

تیرہ و تار (वि.)तीराओ-तार
घोर अँधियारा

تیز (वि.)तेज़
1. द्रुत, तीव्र 2. चालाक, चतुर, धूर्त्त 3. नुकीला, धारदार 4. दक्ष, कुशल 5. तीखा, तीता, झालदार

تیز رو (वि.)तेज़ रौ
तीव्रगामी, शीघ्रगामी

تیز فہم (वि.)तेज़ फ़ह्म
तीव्रबुद्धि

تیز گام (वि.)तेज़ गाम
शीघ्रगामी, तीव्रगामी

تیز مزاج (वि.)तेज़ मिज़ाज
उग्र स्वभावी

تیز و تند (वि.)तेज़ो-तुंद
बहुत तेज़, प्रचंड, अति तीव्र

تیزاب (पु.)तेज़ाब
अम्ल

تیزابی (वि.)तेज़ाबी
अम्लीय

تیزابیت (स्त्री.)तेज़ाबियत
अम्लता

تیزی (स्त्री.)तेज़ी
1. तीव्रता, प्रचंडता 2. चालाकी, चतुरता

تیشہ (पु.)तेशा
1. कुदाल 2. कुल्हाड़ी 3. लकड़ी छीलने का एक उपकरण, बसूला

تیغ (स्त्री.)तेग़
खड्ग, तलवार

تیغ بکف (वि.)तेग़ बकफ़
1. हाथ में तलवार लिये हुए 2. मरने-मारने पर तत्पर

تیغ دو دم (स्त्री.)तेग़े-दो दम
दुधारी तलवार

تیغ دو سر (स्त्री.)तेग़े-दो सर
दे. 'تیغ دو دم'

تیغ زن (वि.)तेग़ ज़न
तलवार बाज़, तलवार चलाने वाला

تیغ زنی (स्त्री.)तेग़ ज़नी
तलवार बाज़ी

تیغا (पु.)तेग़ा
1. छोटी चौड़ी तलवार 2. दरवाज़े आदि को पत्थर, मिट्टी इत्यादि से चुनना 3. कुश्ती का एक दाँव

تیغہ نما (वि.)तेग़ा नुमा
(वन.) द्राक्षगुच्छाकार

تیماردار (पु.)तीमारदार
रोगी की सेवा करने वाला

تنظیم (स्त्री.)तंज़ीम
1. संघटन, संगठन 2. प्रबंध, बंदोबस्त
تنظیمی خط (पु.)तंज़ीमी ख़त
(ग.) फ़ोकस नियता
تنفر (पु.)तनफ़्फ़ुर
1. घृणा 2. ऊब, उकताहट 3. (मनो.) विद्वेष
تنفس (पु.)तनफ़्फ़ुस
श्वास-क्रिया, श्वसन क्रिया
تنقیح (स्त्री.)तंक़ीह
1. सार, शुद्धिकरण, शोधन 2. संक्षेपीकरण
تنقید (स्त्री.)तंक़ीद
1. आलोचना, समालोचना 2. समीक्षा
تنقیص (सत्री.)तंक़ीस
1. दोष, कमी 2. छिद्रान्वेषण
تنک (वि.)तुनुक
1. अल्प 2. सूक्ष्म 3. नाज़ुक 4. थोड़ा
تنک مزاج (वि.)तुनुक मिज़ाज
1. चिड़चिड़ा 2. गुस्सैल
تنگ (वि.)तंग
1. संकीर्ण, संकुचित 2. अल्प, न्यून, थोड़ा, कम 3. दरिद्र, कंगाल, दुखी 4. विवश, मजबूर
تنگ حال (वि.)तंग हाल
1. दुर्दशाग्रस्त 2. निर्धन, कंगाल
تنگ حالی (स्त्री.)तंगहाली
1. दुर्दशा 2. निर्धनता, कंगाली
تنگ خیال (वि.)तंग ख़याल
संकीर्णचित, लघुचेता, तंग नज़र
تنگ دست (वि.)तंग दस्त
निर्धन, कंगाल, रिक्तहस्त
تنگ دستی (स्त्री.)तंग दस्ती
निर्धनता, कंगाली
تنگ دل (वि.)तंग दिल
1. संकीर्ण 2. कंजूस, कृपण
تنگ دلی (स्त्री.)तंग दिली
1. संकीर्णता, तुच्छता 2. कंजूसी, कृपणता
تنگ ظرف (वि.)तंग ज़र्फ़
नीच, लघुचेता, ओछा
تنگ ظرفی (स्त्री.)तंग ज़र्फ़ी
नीचता, ओछापन
تنگ نظر (वि.)तंग नज़र
संकीर्ण दृष्टि वाला, लघुचेता

تنگ نظری (स्त्री.)तंग नज़री
अनुदारता, संकीर्णता
تنگی (स्त्री.)तंगी
1. संकीर्णता 2. न्यूनता, कमी 3. दरिद्रता, कंगाली 4. कष्ट, मुसीबत
تنگیٔ روزگار (स्त्री.)तंगिए-रोज़गार
1. बेकारी, रोज़गार की कमी 2. कालचक्र
تنور (पु.)तनूर
तंदूर, तनूर, (ख़मीरी रोटी पकाने की) भट्टी
تنور خانہ (पु.)तनूर ख़ाना
रोटी पकाने का स्थान, तंदूर ख़ाना
تنوع (पु.)तनव्वो
विविधता, अनेकता, रंगबिरंगापन, रंगारंगी
تنویر (स्त्री.)तंवीर
ज्योति, प्रकाश, रौशनी
تنویم (स्त्री.)तंवीम
1. सुलाना 2. (मनो.) सम्मोहन
تنویمی تحلیل (स्त्री.)तंवीमी तहलील
(मनो.) सम्मोह विश्लेषण
تنویمی رجعت (स्त्री.)तंवीमी रजअ़त
(मनो.) सम्मोह प्रतिगमन
تنوین (पु.)तंवीन
1. अनुस्वार पैदा करना 2. (भा.) 'नून'-योजना
تنہا (वि.)तन्हा
1. अकेला, एकल, एकमात्र 2. केवल, सिर्फ़
تنہائی (स्त्री.)तन्हाई
1. अकेलापन 2. एकांत
تواتر (पु.)तवातुर
निरंतर, अनवरत
توارث ارث (स्त्री.)तवारिस-इर्स
(मनो.) आनुवंशिकता
توارد (पु.)तवारुद
दो कवियों की रचना में एक ही विचार का अनजाने में चित्रित होना
تواریخ (स्त्री.)तवारीख़
'تاریخ' का बहु.
توازن (पु.)तवाज़ुन
संतुलन
توازن تجارت (पु.)तवाज़ुने-तिजारत
(अर्थ.) व्यापार-संतुलन

تن پرور (वि.)तन परवर
दे. 'تن پرست'

تن پروری (स्त्री.)तन परवरी
दे. 'تن پرستی'

تن تنہا (वि.)तने-तन्हा
बिल्कुल अकेला, एकाकी

تن دہی (स्त्री.)तन-दिही
1. प्रयत्न, प्रयास, कोशिश 2. परिश्रम, मेहनत

تن و توش (पु.)तनो-तोश
डील-डौल

تنازع (पु.)तनाज़ो
विवाद, झगड़ा, कलह

تنازعہ (पु.)तनाज़ा
दे. 'تنازع'

تناسب (पु.)तनासुब
1. अनुपात 2. अनुकूलता, तालमेल

تناسب اجزا (पु.)तनासुबे-अज्ज़ा
किसी मिश्रण में उपयुक्त पदार्थों का अनुपात

تناسب اعضا (पु.)तनासुबे-आज़ा
सुडौलपन, अंग-सौष्ठव

تناسخ (पु.)तनासुख़
आत्मा का आवागमन, पुनर्जन्म

تناسل (पु.)तनासुल
प्रजनन

تناسلی (वि.)तनासुली
(प्राणि.) जननिक, जननांगी

تنافر (पु.)तनाफ़ुर
1. विरक्ति, द्वेष, नफ़रत 2. (काव्य शास्त्र) दुरुच्चाय शब्द, दुरुच्चाय ध्वनि

تناقض نظریات (पु.)तनाकुस नज़रियात
(मनो.) विप्रतिपेध, समविरोध द्वंद्व

تناور (वि.)तनावर
1. मोटे तने का (पेड़) 2. हृष्ट पुष्ट, हट्टा कट्टा

تناول (पु.)तनावुल
भोजन ग्रहण करना, खाना खाना

تنبور (पु.)तंबूर
तंबूरा, तानपूरा

تنبول (पु.)तंबूल
पान

تنبیہ (स्त्री.)तंबीह
1. चेतावनी 2. डाँट-डपट

تنبیہاً (क्रि.वि.)तंबीहन
1. चेतावनी के तौर पर 2. डाँट, सज़ा या ताकीद के तौर पर

تنجیم (स्त्री.)तनजीम
ज्योतिष ज्ञान

تنخواہ (स्त्री.)तनख़्वाह
1. वेतन 2. मासिक भत्ता

تنخواہ دار (वि.)तनख़ाहदार
वेतनभोगी

تند (वि.)तुंद
1. तीव्र, द्रुत 2. क्रुद्ध, गुस्सैल 3. तेज़, धारदार

تند باد (स्त्री.)तुंद बाद
आँधी, तूफ़ान, झक्कड़

تند خو (वि.)तुंद ख़ू
1. क्रोधी, ग़ुस्सैल 2. तीव्र-स्वभाव

تند رفتار (वि.)तुंद रफ़्तार
शीघ्रगामी, तीव्रगामी, द्रुतगामी

تند مزاج (वि.)तुंद मिज़ाज
दे. 'تندخو'

تندرست (वि.)तनदुरुस्त
1. स्वस्थ, सेहतमंद 2. नीरोग

تندرستی (स्त्री.)तनदुरुस्ती
1. स्वास्थ्य 2. नीरोगता, नीरोग

تندور (पु.)तंदूर
दे. 'تنور'

تندی (स्त्री.)तुंदी
1. तीव्रता, तेज़ी 2. आवेग, कोप, गुस्सा 3. चिड़चिड़ापन

تنزل (पु.)तनज़्ज़ुल
1. अवनति, पतन 2. घटाव, कमी 3. (भौ.) क्षय

تنزل حاصل (पु.)तनज़्ज़ुल हासिल
(भौ.) क्षय उत्पाद

تنزلی (स्त्री.)तनज़्ज़ुली
(प्रशा.) पदावनत करना, पदावनति

تنسیخ (स्त्री.)तंसीख़
निरस्तीकरण

تنسیب (स्त्री.)तंसीब
(ग.) संयुग्मन

تنصیف (स्त्री.) तंसीफ़
आधा-आधा करना

**تمازت** (स्त्री.)तमाज़त
गरमी, ताप

**تمازتِ آفتاب** (स्त्री.)तमाज़ते-आफ़ताब
सूरज की गर्मी, धूप की गर्मी

**تماش بین** (वि.)तमाश बीन
1. दर्शक, तमाशा देखने वाला 2. बदचलन, आवारा 3. वेश्यागामी

**تماش بینی** (स्त्री.)तमाश बीनी
वेश्यागमन, रंडीबाज़ी

**تماشا** (पु.)तमाशा
1. खेल 2. बाज़ीगरों या मदारियों आदि का खेल 3. नाटक आदि का खेल 4. नाटक, स्वांग

**تماشاگاہ** (स्त्री.)तमाशागाह
क्रीड़ास्थल, नाट्यशाला

**تماشائی** (वि.)तमाशाई
दर्शक, तमाशा देखने वाला

**تماشہ** (पु.)तमाशा
दे. 'تماشا'

**تمام** (वि.)तमाम
1. कुल, सब, समस्त 2. समाप्त, ख़त्म

**تمام تر** (वि.)तमाम तर
संपूर्ण सारे का सारा, पूरा-पूरा

**تمباکو** (सं.)तंबाकू
तंबाकू

**تمباکو فروش** (वि.)तंबाकू फ़रोश
तंबाकू बेचने वाला

**تمباکو نوش** (वि.)तंबाकू नोश
तंबाकू पीने वाला

**تمثال** (पु.)तिम्साल
1. आकृति, प्रतिमा 2. शाही आज्ञा 3. (दर्श.) प्रतिमा, बिंब

**تمثال گر** (वि.)तिम्साल गर
मूर्तिकार, चित्रकार

**تمثیل** (स्त्री.)तम्सील
1. दृष्टांत 2. नाटक, प्रतीक कथा 3. अन्योक्ति

**تمثیلی** (वि.)तम्सीली
समरूप

**تمدن** (पु.)तमद्दुन
संस्कृति, सभ्यता

**تمرِ ہندی** (स्त्री.)तमरे-हिंदी
1. इमली 2. इमली का पेड़

**تمسخر** (पु.)तमस्ख़ुर
उपहास, हँसी ठट्ठा, खिल्ली

**تمسک** (पु.)तमस्सुक
1. ऋणपत्र, क़र्ज़नामा 2. (वाणि.) प्रतिभूति

**تمغا** (पु.)तमग़ा
पदक

**تمکنت** (स्त्री.)तमकनत
1. वैभव 2. भव्यता 3. प्रताप

**تمکین** (स्त्री.)तमकीन
1. प्रतिष्ठा, सम्मान 2. शान, वैभव 3. गंभीरता

**تمنا** (स्त्री.)तमन्ना
1. इच्छा, आरज़ू 2. अभिलाषा, आकांक्षा 3. कामना, लालसा

**تمنائی** (वि.)तमन्नाई
1. इच्छुक 2. अभिलाषी, आकांक्षी

**تموج** (पु.)तमव्वुज
1. ऊँची लहरें, थपेड़े 2. हिल्लोल

**تمول** (पु.)तमव्वुल
धनाढ्यता, समृद्धि, धनसंपन्नता

**تمہید** (स्त्री.)तम्हीद
1. भूमिका 2. प्रस्तावना

**تمہیدی** (वि.)तम्हीदी
1. प्रारंभिक 2. भूमिका संबंधी, परिचायक

**تمیز** (स्त्री.)तमीज़
1. परख, विवेक 2. संस्कार, शिष्टाचार, शील 3. अंतर, भेद 4. (भा.) क्रियाविशेषण

**تمیزِ موصولی** (स्त्री.)तमीज़े-मौसूली
(भा.) संबंधवाचक सर्वनाम

**تمیزی** (वि.)तमीज़ी
(भा.) क्रियाविशेषणात्मक

**تمیزی فقرہ** (पु.)तमीज़ी फ़िक़रा
(भा.) क्रियाविशेषण पदबंध

**تن** (पु.)तन
1. देह, शरीर, काया 2. पिंड

**تن آساں** (वि.)तन आसाँ
आलसी, आरामतलब, निकम्मा

**تن آسانی** (स्त्री.)तन आसानी
आलस्य, निकम्मापन

**تن پرست** (वि.)तन परस्त
1. तन पोषक 2. स्वार्थी

**تن پرستی** (स्त्री.)तन परस्ती
1. तन पोषण 2. स्वार्थ

تکلف (पु.)तकल्लुफ़
1. औपचारिकता, शालीनता 2. दिखावा, दिखावट 3. संकोच

تکلفاً (क्रि.वि.)तकल्लुफ़न
औपचारिकतावश

تکلم (पु.)तकल्लुम
वार्तालाप, बात-चीत

تکلیف (स्त्री.)तकलीफ़
1. दुःख, कष्ट 2. पीड़ा, रोग 3. आपत्ति, मुसीबत

تکلیف دہ (वि.)तकलीफ़देह
दुखदायी, कष्टकारक, दुखप्रद

تکملہ (पु.)तक्मिला
(प्रशा.) परिशिष्ट

تکملہ زاویے (पु.)तक्मिला ज़ाविये
(ग.) विधि

تکمہ (पु.)तुक्मा
घुंडी, कपड़े का बटन

تکمیل (स्त्री.)तक्मील
1. समापन 2. समाप्ति

تکوین (स्त्री.)तकवीन
सृजन, अस्तित्व (में आना)

تکوینیات (स्त्री.)तकवीनियात
1. (भौ.) खगोल शास्त्र 2. (दर्श.) मीमांसा

تکیہ (पु.)तकिया
1. सिरहाने रखने का तकिया 2. भरोसा, आश्रय 3. सूफ़ी-संतों का स्थान, मठ 4. क़ब्रिस्तान

تکیہ کلام (पु.)तकिया कलाम
बात-चीत में ज़बान पर चढ़ा हुआ शब्द या वाक्यांश, अनुपूरक

تگ و تاز (स्त्री.) तगो-ताज़
दे. 'تگ و دو'

تگ و دو (स्त्री.)तगो-दौ
1. दौड़-धूप 2. प्रयत्न, प्रयास, कोशिश

تلاش (स्त्री.)तलाश
1. खोज 2. अन्वेषण

تلاشی (स्त्री.)तलाशी
1. खोजबीन 2. ढूँढ

تلاطم (स्त्री.)तलातुम
1. लहर, तरंग, मौज 2. पानी के थपेड़े

تلافی (स्त्री.)तलाफ़ी
1. क्षतिपूर्ति, भरपाई 2. हरजाना

تلافی عمل (स्त्री.)तलाफ़ी अमल
(वाणि.) प्रतिपूरक क्रिया, क्षतिपूरक क्रिया

تلافی کار (पु.)तलाफ़ी कार
(भौ.) प्रतिकारित्र

تلامذہ (पु.)तलामिज़ा
'تلمیذ' का बहु.

تلاوت (स्त्री.)तिलावत
1. पाठ, वाचन 2. क़ुरआन शरीफ़ का पठन, पाठ

تلخ (वि.)तल्ख़
1. कड़वा, कटु 2. तीखा

تلخ زبان (विं.)तल्ख़ ज़बान
कटुभाषी

تلخ گو (वि.)तल्ख़ गो
कटुभाषी, कड़वी बातें करने वाला

تلخی (स्त्री.)तल्ख़ी
1. कड़वाहट, तीखापन, कटुता 2. वैर

تلخیص (स्त्री.)तल्ख़ीस
सारांश, संक्षेपण, ख़ुलासा

تلذذ (पु.)तलज़्ज़ुज़
मज़ा, आनन्द

تلف (वि.)तलफ़
नष्ट, बर्बाद

تلفظ (पु.)तलफ़्फ़ुज़
(भा.) उच्चारण

تلقین (स्त्री.)तल्क़ीन
उपदेश, सीख

تلمذ (पु.)तलम्मुज़
शिष्यता, शागिर्दी

تلمیح (स्त्री.)तल्मीह
1. साहित्य में किसी प्रसिद्ध अंतर्कथा की ओर इशारा करना 2. संकेत

تلمیذ (पु.)तिल्मीज़
शिष्य, चेला, शागिर्द

تلون (पु.)तलव्वुन
1. अस्थिरता 2. रंग बिरंगापन 3. चंचलता

تلون مزاج (वि.)तलव्वुन मिज़ाज
अस्थिरचित्त

تماثل (पु.)तमासुल
(भौ.) 1. सर्वांगसमता 2. द्विप्राचलरेखा-कुल 3. समशेषता

تمازت ( स्त्री. )तमाज़त
गरमी, ताप

تمازت آفتاب ( स्त्री. )तमाज़ते-आफ़ताब
सूरज की गर्मी, धूप की गर्मी

تماش بین ( वि. )तमाश बीन
1. दर्शक, तमाशा देखने वाला 2. बदचलन, आवारा 3. वेश्यागामी

تماش بینی ( स्त्री. )तमाश बीनी
वेश्यागमन, रंडीबाज़ी

تماشا ( पु. )तमाशा
1. खेल 2. बाज़ीगरों या मदारियों आदि का खेल 3. नाटक आदि का खेल 4. नाटक, स्वांग

تماشا گاہ ( स्त्री. )तमाशागाह
क्रीड़ास्थल, नाट्यशाला

تماشائی ( वि. )तमाशाई
दर्शक, तमाशा देखने वाला

تماشہ ( पु. )तमाशा
दे. 'تماشا'

تمام ( वि. )तमाम
1. कुल, सब, समस्त 2. समाप्त, ख़त्म

تمام تر ( वि. )तमाम तर
संपूर्ण सारे का सारा, पूरा-पूरा

تمباکو ( सं. )तंबाकू
तंबाकू

تمباکو فروش ( वि. )तंबाकू फ़रोश
तंबाकू बेचने वाला

تمباکو نوش ( वि. )तंबाकू नोश
तंबाकू पीने वाला

تمثال ( पु. )तिम्साल
1. आकृति, प्रतिमा 2. शाही आज्ञा 3. ( दर्श. ) प्रतिमा, बिंब

تمثال گر ( वि. )तिम्साल गर
मूर्तिकार, चित्रकार

تمثیل ( स्त्री. )तम्सील
1. दृष्टांत 2. नाटक, प्रतीक कथा 3. अन्योक्ति

تمثیلی ( वि. )तम्सीली
समरूप

تمدن ( पु. )तमद्दुन
संस्कृति, सभ्यता

تمر ہندی ( स्त्री. )तमरे-हिंदी
1. इमली 2. इमली का पेड़

تمسخر ( पु. )तमस्ख़ुर
उपहास, हँसी ठट्ठा, खिल्ली

تمسک ( पु. )तमस्सुक
1. ऋणपत्र, क़र्ज़नामा 2. ( वाणि. ) प्रतिभूति

تمغا ( पु. )तमग़ा
पदक

تمکنت ( स्त्री. )तमकनत
1. वैभव 2. भव्यता 3. प्रताप

تمکین ( स्त्री. )तमकीन
1. प्रतिष्ठा, सम्मान 2. शान, वैभव 3. गंभीरता

تمنا ( स्त्री. )तमन्ना
1. इच्छा, आरज़ू 2. अभिलाषा, आकांक्षा 3. कामना, लालसा

تمنائی ( वि. )तमन्नाई
1. इच्छुक 2. अभिलाषी, आकांक्षी

تموج ( पु. )तमव्वुज
1. ऊँची लहरें, थपेड़े 2. हिल्लोल

تمول ( पु. )तमव्वुल
धनाढ्यता, समृद्धि, धनसंपन्नता

تمہید ( स्त्री. )तमहीद
1. भूमिका 2. प्रस्तावना

تمہیدی ( वि. )तमहीदी
1. प्रारंभिक 2. भूमिका संबंधी, परिचायक

تمیز ( स्त्री. )तमीज़
1. प्रताप, तेज, आन बान 2. क्रोध

(वि.)जलाली جلالی
1. प्रतापी 2. क्रोधी

(क्रि.वि.)जल्द جلد
शीघ्र, तुरंत, फ़ौरन

(स्त्री.)जिल्द جلد
1. त्वचा 2. पुस्तक का पुट्ठा या दफ़्ती 3. पुस्तक का खंड या भाग, ग्रंथ खंड

(क्रि.वि.)जल्द-अज़-जल्द جلدازجلد
शीघ्रातिशीघ्र, जल्द से जल्द

(वि.)जल्दबाज़ جلدباز
आतुर, उतावला

(स्त्री.)जल्दबाज़ी جلدبازی
आतुरता, उतावलापन

(पु.)जिल्दसाज़ جلدساز
पुस्तक की जिल्द बाँधने वाला

(स्त्री.)जिल्दसाज़ी جلدسازی
पुस्तक की जिल्द बाँधने का काम

(स्त्री.)जल्दी جلدی
शीघ्रता, फुर्ती

(वि.)जिल्दी جلدی
1. त्वचा-संबंधी 2. (प्राणि.) त्वचीय, त्वक

جلسہ (पु.)जल्सा
1. सभा 2. बैठक, समारोह

جلسہ گاہ (स्त्री.)जल्सागाह
सभास्थल, समारोह या उत्सव स्थल

جلسۂ تعزیت (पु.)जल्सए-ताज़ियत
शोकसभा

جلسۂ عام (पु.)जल्सए-आ़म
1. (प्रशा.) सामान्य सभा, साधारण बैठक
2. जनसभा, सार्वजनिक सभा

جلو (पु.)जिलौ
1. कोतल घोड़ा (सुसज्जित घोड़ा जिस पर कोई सवार नहीं होता और राजकीय जुलूस में आगे चलता है 2. लगाम 3. सवारी के साथ का ठाठ-बाट व शानो-शौकत 4. साथ 5. मुख, चेहरा 6. इर्द-गिर्द, आस-पास

جلو خانہ (पु.)जिलौ-ख़ाना
1. आँगन, ड्यौढ़ी 2. अस्तबल, अश्वशाला

جلوت (स्त्री.)जल्वत
1. अपने को दिखाना 2. भीड़

جلوس (पु.)जुलूस
1. जलूस, शोभा यात्रा 2. भीड़ 3. बैठना, विराजना, राजा आदि का गद्दी पर बैठना
1. समारोह के साथ गश्त, उत्सव यात्रा, चल समारोह

جلوہ (पु.)जल्वा
1. दर्शन 2. प्रदर्शन 3. तेज 4. अपने को बनावसिंगार करके दिखाना अथवा पेश परना

جلی (वि.)जली
1. स्पष्ट, व्यक्त, प्रकट, ज़ाहिर 2. मोटे अक्षरों में लिखा हुआ लेख

جلی ٹائپ (पु.)जली टाइप
(जन.) मोटा टाइप

جلیس (पु.)जलीस
पास बैठने वाला, सखा, पार्श्ववर्ती, हमनशीं, सहवर्ती

جلیل (वि.)जलील
महान, प्रतिष्ठित, पूज्य, माननीय

جلیل القدر (वि.)जलीलुलक़द्र
सम्मानित, महामना, अति प्रतिष्ठित

جم (पु.)जम
'جمشید' का लघुरूप

جمِ غفیر (पु.)जम्मे-ग़फ़ीर
अपार भीड़, विशाल जनसमूह, बहुत बड़ा जमाव

جماد (स्त्री.)जमाद
जड़ पदार्थ, वह चीज़ जिसमें विकास आदि न हो, जड़ चेतन पदार्थ

جمادات (स्त्री.)जमादात
निर्जीव, बेजान वस्तुएँ

جماع (पु.)जिमा
मैथुन

جماعت (स्त्री.)जमात
1. वर्ग, तबक़ा 2. पंक्ति, क़तार 3. मंडली 4. दल

جماعتی وقفہ (पु.)जमाती वक़्फ़ा
(ग.) वर्ग-अंतराल

جمال (पु.)जमाल
सौंदर्य, शोभा

جمال پرست (पु.)जमाल परस्त
(दर्श.) रसज्ञ, सौंदर्यवादी

جمالیات (स्त्री.)जमालियात
(दर्श.) 1. सौंदर्यवाद 2. सौंदर्य शास्त्र

جمالیاتی وجدانیت जमालियाती विज्दानियत (स्त्री.)
(दर्श.) सौंदर्यात्मक अंत: प्रज्ञावाद, रसात्मक अंत: प्रज्ञावाद

جمشید (पु.)जम्शेद
ईरान का एक प्राचीन शासक, जिसके पास एक प्याला था जिससे उसे संसार भर का हाल ज्ञात हो जाता था

جمع (पु.)जमा
1. योग 2. बहुवचन 3. एकत्रित 5. प्राप्त कुल राजस्व

جمع آوردہ حرارت (स्त्री.)जमा आवुर्दा हरारत
(भू.) संचित ताप

جمع کار الیکٹروڈ (पु.)जमाकार इलेक्ट्रोड
(भौ.) संग्राही इलैक्ट्रोड

جمع کاری (स्त्री.)जमाकारी
(वाणि.) संचय, संचयन

جمعرات (स्त्री.)जुमेरात
वृहस्पतिवार

جمعہ (पु.)जुमा
शुक्रवार

جمعیت (स्त्री.)जमईयत
1. एकता 2. संतोष 3. फ़ौज 4. संगठन
5. भीड़, जमावड़ा

جملہ (पु.)जुम्ला
1. वाक्य 2. समस्त

جملۂ اسمیہ (पु.)जुम्लए-इस्मिया
(भा.) नाम-वाक्य

جملۂ امر (पु.)जुम्लए-अम्र
(भा.) आज्ञार्थक वाक्य

جملۂ شرطیہ (पु.)जुम्लए-शर्तिया
(भा.) हेतुमद् वाक्य

جمود (पु.)जुमूद
1. जड़ता 2. गतिरोध 3. खिन्नता, मलिनता
4. जमना (पानी आदि का)

جمہور (पु.)जुम्हूर
जनता, सर्वसाधारण

جمہوری (वि.)जुम्हूरी
लोकतांत्रिक

جمہوریت (स्त्री.)जुम्हूरियत
गणतंत्र, जनतंत्र, प्रजातंत्र

جمہوریہ (पु.)जुम्हूरीया
गणराज्य

جمیل (वि.)जमील
सुंदर, रूपवान, ख़ूबसूरत

جمیلہ (स्त्री.)जमीला
सुंदरी, रूपसी

جن (पु.)जिन्न
भूत, प्रेत

جناب (वि.)जनाब
श्रीमान्, महाशय

جناب عالی (वि.)जनाबे-आली
श्रीमान्, मान्यवर, महोदय

جناب والا (वि.)जनाबे-वाला
दे. 'جناب عالی'

جنات (पु.)जिन्नात
'جن' का बहु.

جنازہ (पु.)जनाज़ा
अर्थी, शव

جنبش (स्त्री.)जुंबिश
कंपन

جنت (स्त्री.)जन्नत
1. स्वर्ग, देवलोक 2. सुरलोक, उद्यान, वाटिका

جنت الفردوس (स्त्री.)जन्नतुल फ़िरदौस
स्वर्ग का भाग, स्वर्ग-वाटिका

جنت مکانی (वि.)जन्नत-मकानी
स्वर्गीय

جنس (स्त्री.)जिंस
1. वस्तु 2. लिंग

جنس مشترک (स्त्री.)जिंसे-मुश्तरक
(भा.) समान लिंग, उभय लिंग, नपुंसक लिंग

جنس مؤنث (स्त्री.)जिंसे-मुअन्नस
(भा.) स्त्रीलिंग

جنسی (वि.)जिंसी
1. लिंग-संबंधी 2. काम संबंधी

جنسیات (स्त्री.)जिंसीयात
लिंग विज्ञान, योन विज्ञान

جنگ (स्त्री.)जंग
युद्ध, रण संग्राम, लड़ाई

جنگ آزادی (स्त्री.)जंगे-आज़ादी
स्वाधीनता संग्राम

جنگ باز (वि.)जंगबाज़
योद्धा, युद्ध-प्रिय

جنگ بری (स्त्री.)जंगे-बर्री
थल-युद्ध

جنگ جو (वि.)जंग जू
1. लड़ाका, युद्धवीर 2. उग्रवादी

جنگ جوئیت (स्त्री.)जंग जुईयत
1. (राज.) युद्धप्रियता 2. उग्रवाद

جنگ وجدل (स्त्री.)जंगो-जदल
मार-काट, रक्तपात, लड़ाई-झगड़ा

جنگل (पु.)जंगल
1. वन, कानन 2. सहरा 3. चटयल मैदान, बियाबान

جنگلی (वि.)जंगली
जंगल से संबंधित

جنگی (वि.)जंगी
युद्ध संबंधी, सामरिक, लड़ाई में काम आने वाला

جنگی قیدی (पु.)जंगी क़ैदी
(राज.) युद्ध-बंदी

جنگی معیشت (स्त्री.)जंगी मईशत
(अर्थ.) युद्धकालीन अर्थव्यवस्था

جنوب (पु.)जुनूब
दक्षिण, दक्खिन

جنوبی (वि.)जुनूबी
दक्षिणी, दक्खिन का

جنون (पु.)जुनून
उन्माद, पागलपन

جنونی (वि.)जुनूनी
पागल, उन्मादी

جنوں خیز (वि.)जुनूँखेज़
जुनून पैदा करने वाला, उन्मादोत्पादक

جنین (पु.)जनीन
(वन., प्राणि.) भ्रूण

جنینی (पु.)जनीनी
(वन., प्राणि.) भ्रूणीय

جنینیات (स्त्री.)जनीनियात
(वन., प्राणि.) भ्रूणविज्ञान, भ्रौणिकी

جو (स्त्री.)जू
नहर, नदी, नाला, स्रोत

جواب (पु.)जवाब
उत्तर

جواب دہ (वि.)जवाबदेह
उत्तरदायी, जवाब देने वाला

جواب دہی (स्त्री.)जवाबदिही
उत्तरदायित्व, ज़िम्मेदारी

جواب طلبی (स्त्री.)जवाब-तलबी
स्पष्टीकरण

جوابی (वि.)जवाबी
प्रति उत्तर, प्रत्युतर

جوار (पु.)जुवार
पड़ोस

جواز (पु.)जवाज़
1. औचित्य 2. पार पत्र, पासपोर्ट

جوان (पु.)जवान
1. युवक, युवा 2. सिपाही

جوانی (स्त्री.)जवानी
युवावस्था, तरुणिमा

جواں بخت (वि.)जवाँ बख़्त
भाग्यवान्, भाग्यशाली

جواں سال (वि.)जवाँ साल
नवयुवक, किशोर अवस्था

جواں مرد (वि.)जवाँ मर्द
वीर, साहसी, बहादुर, बलवान

جواں مردی (स्त्री.)जवाँ मर्दी
वीरता, साहस, बहादुरी

جواں مرگ (वि.)जवाँ मर्ग
जो युवावस्था में मर जाए

جواہر (पु.)जवाहिर
'جوہر' का बहु. 1. रत्न, आभूषण 2. रत्नसमूह

جواہر نگار (वि.)जवाहिर निगार
1. जड़ित, रत्न जड़ित 2. सुलेखक

جودت (स्त्री.)जौदत
1. पुनीतता 2. मेधा, प्रबुद्धता 3. चतुराई

جودت طبع (स्त्री.)जौदते-तबा
मनोविनोद

جوش (पु.)जोश
1. उबाल, उफान 2. उत्तेजना 3. आवेश, उमंग, उत्साह 4. क्रोध, गुस्सा

جوش جنوں (पु.)जोशे-जुनूँ
उन्माद और पागलपन का जोश

جوش وخروش (पु.)जोशो-ख़रोश
1. ज़ोर-शोर, धूम-धाम 2. उत्साह, उमंग 3. आवेग, जोश

جوشاندہ (पु.)जुशाँदा
काढ़ा, क्वाथ, औटाई हुई औषध
जड़ी-बूटियों का पानी जो नज़्ले आदि में औषिध रूप में पीया जाता है

جوشش (स्त्री.)जोशिश
दे. 'جوش'

جوشن (पु.)जौशन
1. कवच 2. भुजबंद, बाज़ूबंद

جوف (पु.)जौफ़
1. पेट 2. विवर, कोष्ठ, गुहिका

جوف حدبی (पु.)जौफ़े-हदबी
(भौ.) उत्तलावतल

جوق در جوق (क्रि.वि.)जूक़ दर जूक़
झुंड के झुंड, गिरोह के गिरोह

جولان گاہ (स्त्री.)जौलान-गाह
1. घुड़दौड़ का मैदान 2. सेना या फ़ौज के खेलों का मैदान

جولانی (स्त्री.)जौलानी
1. घोड़ों की दौड़ 2. तीव्रता, फुर्ती, चुस्ती, बौद्धिक प्रखरता या तीव्रता

(स्त्री.)जौलानी جولانی
तेज़ी, फुर्ती

(पु.)जौहर جوہر
1. अनमोल रत्न 2. गुण 3. (रसा.,भौ.) परमाणु

(वि.)जौहर शनास جوہر شناس
गुणों का पारखी, गुणों को पहचानने वाला

(वि.)जौहरी جوہری
1. रत्न बेचने वाला 2. पारखी 3. परमाणु संबंधी

(स्त्री.)जौहरी-तवानाई جوہری توانائی
परमाणु ऊर्जा

(पु.)जौहरी ज़र्रे جوہری ذرّے
(रसा.,भौ.) परमाणु कण

(स्त्री.)जौहरी कुव्वत جوہری قوت
(रसा.,भौ.,प्रशा.) परमाणु शक्ति

(स्त्री.)जूए-शीर جوئے شیر
दूध की नहर जो फ़रहाद ने शीरी के लिए खोद कर बनाई थी

(स्त्री.)जिहात جہات
'جہت' का बहु. 1. दिशाएँ 2. कारण समूह, वजहें

(पु.)जिहाद جہاد
धर्म-युद्ध, विधर्मियों से लड़ा जाने वाला युद्ध

(पु.)जहाज़ جہاز
1. जलपोत 2. जलयान

(पुं.)जहाजे-आबी جہاز آبی
जलयान, जलपोत

(पुं.)जहाज़े-बहरी جہاز بحری
समुद्री जहाज़, पोत, जलयान

(स्त्री.)जहाज़ रानी جہاز رانی
जहाज़रानी

(वि.)जहाज़राँ جہازراں
जहाज़ चलानेवाला, पोतचालक

(पु.)जहाज़ी माल جہازی مال
(वाणि.) माल वाहक पोत

(स्त्री.)जहालत جہالت
1. अज्ञानता, जड़ता, निरक्षता 2. मूर्खता, मूढ़ता, बेवकूफ़ी 3. असभ्यता

(पुं.) जहान جہان
1. संसार, विश्व, दुनिया 2. लोक, आलम

(पुं.)जहाने-बाक़ी جہان باقی
शाश्वत संसार, नित्यलोक, परलोक, अनश्वर संसार

(पुं.)जहाने-फ़ानी جہان فانی
नश्वर संसार, मृत्युलोक, इहलोक

(पु.)जहाँ جہاں
दे. 'جہان'

(वि.)जहाँ आरा جہاں آرا
संसार को सुशोभित करनेवाला

(वि.)जहाँ पनाह جہاں پناہ
1. विश्वपाल, संसार को अपनी शरण में लेने वाला 2. राजाओं और बादशाहों के लिए संबोधन का शब्द

(वि.)जहाँदार جہاں دار
पृथ्वीपाल, सम्राट, शासक, बादशाह

(वि.)जहाँ दीदा جہاں دیدہ
अत्यधिक अनुभवी, बृहदनुभवी

(वि.)जहाँ गर्द جہاں گرد
मायावर, दुनियाभर में भ्रमण करने वाला

(वि.)जहाँगीर جہاں گیر
संसार को अपने वश में करनेवाला, विश्वविजयी

(स्त्री.)जिहत جہت
1. दिशा, तरफ़ 2. हेतु, कारण

(पुं.)जह्द جہد
1. प्रयत्न, प्रयास, कोशिश 2. कष्ट, दुख, तक्लीफ़

(पु.)जह्दे-लिल्बका جہد للبقا
जीवन-संघर्ष

(पुं.)जहर جہر
ज़ोर की आवाज़, ऐसी आवाज़ जो पासवाला सुन सके

(पु.)जहल جہل
अज्ञान, मूर्खता, बेवकूफ़ी

(पु.)जहले-मुरक्कब جہل مرکب
निपट अज्ञान

(पु.)जहन्नम جہنم
नरक

(वि.)जहन्नमी جہنمی
1. नारकीय 2. नरकवासी

(पु.)जहेज़ جہیز
दहेज

(वि.)जेब-तराश جیب تراش
जेब काटने वाला, गिरहकट, पॉकेटमार

(स्त्री.)जेब-तराशी جیب تراشی
जेब काटना, गिरिहकटी, पाकेटमारी

جنوب (पु.)जुनूब
दक्षिण, दक्खिन

جنوبی (वि.)जुनूबी
दक्षिणी, दक्खिन का

جنون (पु.)जुनून
उन्माद, पागलपन

جنونی (वि.)जुनूनी
पागल, उन्मादी

جنوں خیز (वि.)जुनूँखेज़
जुनून पैदा करने वाला, उन्मादोत्पादक

جنین (पु.)जनीन
(वन., प्राणि.) भ्रूण

جنینی (पु.)जनीनी
(वन., प्राणि.) भ्रूणीय

جنینیات (स्त्री.)जनीनियात
(वन., प्राणि.) भ्रूणविज्ञान, भ्रौणिकी

جو (स्त्री.)जू
नहर, नदी, नाला, स्रोत

جواب (पु.)जवाब
उत्तर

جواب دہ (वि.)जवाबदेह
उत्तरदायी, जवाब देने वाला

جواب دہی (स्त्री.)जवाबदिही
उत्तरदायित्व, ज़िम्मेदारी

جواب طلبی (स्त्री.)जवाब-तलबी
स्पष्टीकरण

جوابی (वि.)जवाबी
प्रति उत्तर, प्रत्युत्तर

جوار (पु.)जुवार
पड़ोस

جواز (पु.)जवाज़
1. औचित्य 2. पार पत्र, पासपोर्ट

جوان (पु.)जवान
1. युवक, युवा 2. सिपाही

جوانی (स्त्री.)जवानी
युवावस्था, तरुणिमा

جواں بخت (वि.)जवाँ बख़्त
भाग्यवान्, भाग्यशाली

جواں سال (वि.)जवाँ साल
नवयुवक, किशोर अवस्था

جواں مرد (वि.)जवाँ मर्द
वीर, साहसी, बहादुर, बलवान

جواں مردی (स्त्री.)जवाँ मर्दी
वीरता, साहस, बहादुरी

جواں مرگ (वि.)जवाँ मर्ग
जो युवावस्था में मर जाए

جواہر (पु.)जवाहिर
'جوہر' का बहु. 1. रत्न, आभूषण 2. रत्नसमूह

جواہر نگار (वि.)जवाहिर निगार
1. जड़ित, रत्न जड़ित 2. सुलेखक

جودت (स्त्री.)जौदत
1. पुनीतता 2. मेधा, प्रबुद्धता 3. चतुराई

جودت طبع (स्त्री.)जौदते-तबा
मनोविनोद

جوش (पु.)जोश
1. उबाल, उफान 2. उत्तेजना 3. आवेश, उमंग, उत्साह 4. क्रोध, गुस्सा

جوش جنوں (पु.)जोशे-जुनूँ
उन्माद और पागलपन का जोश

جوش و خروش (पु.)जोशो-ख़रोश
1. ज़ोर-शोर, धूम-धाम 2. उत्साह, उमंग 3. आवेग, जोश

جوشاندہ (पु.)जुशाँदा
काढ़ा, क्वाथ, औटाई हुई औषध जड़ी-बूटियों का पानी जो नज़्ले आदि में औषिध रूप में पीया जाता है

جوشش (स्त्री.)जोशिश
दे. 'جوش'

جوشن (पु.)जौशन
1. कवच 2. भुजबंद, बाजूबंद

جوف (पु.)जौफ़
1. पेट 2. विवर, कोष्ठ, गुहिका

جوف حدبی (पु.)जौफ़े-हदबी
(भौ.) उत्तलावतल

جوق در جوق (क्रि.वि.)जूक़ दर जूक़
झुंड के झुंड, गिरोह के गिरोह

جولان گاہ (स्त्री.)जौलान-गाह
1. घुड़दौड़ का मैदान 2. सेना या फ़ौज के खेलों का मैदान

جولانی (स्त्री.)जौलानी
1. घोड़ों की दौड़ 2. तीव्रता, फुर्ती, चुस्ती, बौद्धिक प्रखरता या तीव्रता

(स्त्री.)जौलानी جولانی
तेज़ी, फुर्ती

(पु.)जौहर جوہر
1. अनमोल रत्न 2. गुण 3. (रसा.,भौ.) परमाणु

(वि.)जौहर शनास جوہر شناس
गुणों का पारखी, गुणों को पहचानने वाला

(वि.)जौहरी جوہری
1. रत्न बेचने वाला 2. पारखी 3. परमाणु संबंधी

(स्त्री.)जौहरी-तवानाई جوہری توانائی
परमाणु ऊर्जा

(पु.)जौहरी ज़र्रे جوہری ذرّے
(रसा.,भौ.) परमाणु कण

(स्त्री.)जौहरी कुव्वत جوہری قوت
(रसा.,भौ.,प्रशा.) परमाणु शक्ति

(स्त्री.)जूए-शीर جوئے شیر
दूध की नहर जो फ़रहाद ने शीरी के लिए खोद कर बनाई थी

(स्त्री.)जिहात جہات
'جہت' का बहु. 1. दिशाएँ 2. कारण समूह, वजहें

(पु.)जिहाद جہاد
धर्म-युद्ध, विधर्मियों से लड़ा जाने वाला युद्ध

(पु.)जहाज़ جہاز
1. जलपोत 2. जलयान

(पुं.)जहाज़े-आबी جہازِ آبی
जलयान, जलपोत

(पुं.)जहाज़े-बहरी جہازِ بحری
समुद्री जहाज़, पोत, जलयान

(स्त्री.)जहाज़ रानी جہاز رانی
जहाज़रानी

(वि.)जहाज़राँ جہازراں
जहाज़ चलानेवाला, पोतचालक

(पु.)जहाज़ी माल جہازی مال
(वाणि.) माल वाहक पोत

(स्त्री.)जहालत جہالت
1. अज्ञानता, जड़ता, निरक्षता 2. मूर्खता, मूढ़ता, बेवकूफ़ी 3. असभ्यता

(पुं.) जहान جہان
1. संसार, विश्व, दुनिया 2. लोक, आलम

(पुं.)जहाने-बाक़ी جہانِ باقی
शाश्वत संसार, नित्यलोक, परलोक, अनश्वर संसार

(पुं.)जहाने-फ़ानी جہانِ فانی
नश्वर संसार, मृत्युलोक, इहलोक

(पु.)जहाँ جہاں
दे. 'جہاں'

(वि.)जहाँ आरा جہاں آرا
संसार को सुशोभित करनेवाला

(वि.)जहाँ पनाह جہاں پناہ
1. विश्वपाल, संसार को अपनी शरण में लेने वाला 2. राजाओं और बादशाहों के लिए संबोधन का शब्द

(वि.)जहाँदार جہاں دار
पृथ्वीपाल, सम्राट, शासक, बादशाह

(वि.)जहाँ दीदा جہاں دیدہ
अत्यधिक अनुभवी, बृहदनुभवी

(वि.)जहाँ गर्द جہاں گرد
मायावर, दुनियाभर में भ्रमण करने वाला

(वि.)जहाँगीर جہاں گیر
संसार को अपने वश में करनेवाला, विश्वविजयी

(स्त्री.)जिहत جہت
1. दिशा, तरफ़ 2. हेतु, कारण

(पुं.)जह्द جہد
1. प्रयत्न, प्रयास, कोशिश 2. कष्ट, दुख, तक्लीफ़

(पु.)जह्दे-लिल्बक़ा جہد للبقا
जीवन-संघर्ष

(पुं.)जहर جہر
ज़ोर की आवाज़, ऐसी आवाज़ जो पासवाला सुन सके

(पु.)जह्ल جہل
अज्ञान, मूर्खता, बेवकूफ़ी

(पु.)जह्ले-मुरक्कब جہلِ مرکب
निपट अज्ञान

(पु.)जहन्नम جہنم
नरक

(वि.)जहन्नमी جہنمی
1. नारकीय 2. नरकवासी

(पु.)जहेज़ جہیز
दहेज

(वि.)जेब-तराश جیب تراش
जेब काटने वाला, गिरहकट, पॉकेटमार

(स्त्री.)जेब-तराशी جیب تراشی
जेब काटना, गिरिहकटी, पाकेटमारी

جھال (स्त्री.)झाल
1. झांझ (बाजा) 2. झल्ली, बड़ा टोकरा 3. झालने की क्रिया या भाव, टांका 4. चरपराहट, तीखापन 5. तरंग, लहर 6. ज्वाला, ताप

جھالا (पु.)झाला
1. सितार या बीन बजाते समय अंतिम चरण में तीव्र लय गति से वादन करना 2. राजपूतों की एक शाखा

جھام (पु.)झाम
1. झब्बा, गुच्छा 2. एक प्रकार की बड़ी कुदाल 3. घुड़की, डाँट-डपट 4. छल, धोखा, कपट

جھانپ (पु.)झाँप
1. किसी चीज़ को ढाँपने की वस्तु 2. ऊपरी आवरण 3. झपकी 4. पर्दा, चिक

جھانجی (स्त्री.)झाँजी
1. हिंदुओं का एक त्योहार जिसमें लड़कियाँ गीली मिट्टी की झांझी (छोटी हांडी) में दीया जलाकर घर-घर गीत गाकर पैसा माँगती हैं 2. वह गीत जो झाँझी वालियाँ गाती हैं

جھانجھ (स्त्री.)झाँझ
1. मंजीरे के समान वाद्ययंत्र 2. क्रोध, गुस्सा 3. पाजीपन, शरारत 4. शोर 5. पैजनी, झाँझन, पायल

جھانکی (स्त्री.)झाँकी
1. अवलोकन, दर्शन 2. नज़ारा, दृश्य 3. झरोखा

جھانولی (स्त्री.)झाँवली
झाँसा, राग-पट्टी

جھبا (पु.)झब्बा
फुंदना, गुच्छा

جھپاکا (पु.)झपाका
जल्दी से काम करना, शीघ्रतापूर्वक कार्य

جھپٹ (स्त्री.)झपट
झपटने की क्रिया या भाव

جھپک (स्त्री.)झपक
1. पलभर में, क्षणभर में, पलक गिरने भर का समय 2. पलक का गिरना 3. झपकी 4. लज्जा, हया, शर्म

جھٹ پٹا (पु.)झुटपुटा
ऐसा समय जब कुछ उजाला और कुछ अंधेरा हो

جھٹکےکامال (पु.)झटके का माल
चोरी का माल, छीना-झापटी का माल

جیحون (पु.)जैहून
मध्य एशिया की एक नदी जिसके किनारे बलख़ आबाद है

جیش (पु.)जैश
सेना

جیغہ (पु.)जीग़ा
पगड़ी में बाँधने का एक रत्नजटित आभूषण

جیفہ (पु.)जीफ़ा
1. मरा हुआ पशु आदि 2. मुर्दार, मृत, गतप्राण

جینیات (स्त्री.)जीनीयात
(वन., प्राणि.) आनुवांशिक विज्ञान, आनुवंशिकी

## جھ

جھابا (पु.)झाबा
1. टोकरा 2. खाँचा 3. तारों का गुच्छा जो कपड़ों अथवा गहनों में शोभा के लिए लटकाया जाता है

جھابر (स्त्री.)झाबर
1. दलदली भूमि 2. झाबा, टोकरा

جھارا (पु.)झारा
1. पतली छनी हुई भंग 2. अन्न को साफ़ करने का एक प्रकार का सूप, झरना

جھاری (स्त्री.)झारी
1. एक प्रकार का लंबोतरा टोटीदार जलपात्र 2. समूह, समुदाय

جھاڑ (पु.)झाड़
1. वह छोटा वृक्ष जिसकी डालियाँ भूमि के बहुत पास से निकलकर चारों ओर फैली रहती है 2. फ़ानूस 3. डाँट-डपट 4. मंत्र से झाड़ने की क्रिया

جھاڑکاازاربند (पु.)झाड़ का इज़ारबंद
एक प्रकार का इज़ारबंद जिसके बड़े-बड़े फुदने आदि होते हैं

جھاڑکاکانٹا (पु.)झाड़ का काँटा
लड़ाका व्यक्ति जिससे पीछा छुड़ाना मुश्किल हो

جھاڑن پونچھن (स्त्री.)झाड़न-पोंछन
1. सफ़ाई 2. वह वस्तु जो झाड़ने पोंछने से निकले 4. अंतिम बच्चा

**جھٹیل** (स्त्री.)झुटैल
बदकार औरत

**جھرکٹ** (वि.)झुरकट
1. मुर्झाया हुआ, सूखा हुआ 2. कृश, दुबला

**جھرمٹ** (पु.)झुरमुट
1. भीड़ 2. समूह 3. समुदाय 4. पास-पास में उगे पेड़-पौधों का समूह या स्थल

**جھری** (स्त्री.)झिरी
1. रिसने या टपकने वाला पतला छेद, छोटी दरार 2. पानी का छोटा सोता 3. तुषार, पाला

**جھڑ** (स्त्री.)झड़
1. लगातार होने वाली वर्षा 2. ताले के भीतर का खटका

**جھڑپ** (स्त्री.)झड़प
1. हाथापाई 2. मुठभेड़

**جھڑوس** (पु.)झड़ूस
बूढ़ा, खूसट

**جھک** (वि.)झक
साफ़ और चमकता हुआ, चमकीला

**جھکولا** (पु.)झकोला
लहर, तरंग, हिलकोरा

**جھکی** (पु.)झक्की
1. ख़ब्ती, सनकी 2. धुनी 3. बकवासी 4. अड़ियल, ज़िद्दी

**جھل** (स्त्री.)झल
1. दाह, जलन, आँच 2. किसी विषय की उत्कट इच्छा 3. क्रोध, ग़ुस्सा

**جھلا** (पु.)झल्ला
टोकरा, झाबा

**جھلاجھل** (वि.)झलाझल
चमक-दमक, जगमग

**جھلکا** (पु.)झल्का
शरीर में पड़ा हुआ छाला, फफोला

**جھلمل** (स्त्री.)झिलमिल
1. जगमगाहट, हिलता हुआ प्रकाश 2. रह रह कर प्रकाश के घटने बढ़ने की क्रिया 3. एक प्रकार का बढ़िया बारीक और मुलायम कपड़ा

**جھلملی** (स्त्री.)झिलमिली
चिक, चिलमन, झीना पर्दा

**جھلنگا** (पु.)झिलंगा
ढीले बान और चूल वाली चारपाई

**جھمیلا** (पु.)झमेला
1. बखेड़ा, झंझट 2. भीड़-भाड़

**جھنجھری** (स्त्री.)झंझरी
लोहे की जाली जो प्रायः कोयले के चूल्हों में राख छन-छन कर गिरने के लिए लगाते हैं

**جھنڈی** (स्त्री.)झुण्डी
पौधे या फ़सल को काट लेने के बाद बची हुई खूँटी

**جھوٹ** (पु.)झूट
झूठ, मिथ्या, असत्य

**جھول** (पु.)झोल
1. रसा, शोरबा 2. ढीलापन, शिथिल

**جھومر** (पु.)झुमर
1. सिर पर पहनने का एक प्रकार का गहना 2. झुमका 3. एक प्रकार का नृत्य 4. झुण्ड 5. चौदह मात्राओं की एक ताल विशेष

**جھونا** (पु.)झौना
1. पारदर्शी ढीला और खुली बुनावट वाला बारीक महीन कपड़ा 2. मंद, धीमा

**جھونٹا** (पु.)झोंटा
1. बड़े बालों का समूह या गुच्छा 2. जुट्टा 3. झूले की पेंग 4. भैंस का बच्चा, पाँड़ा या पडुआ

**جھیر جھیر** (वि.)झीर-झीर
टुकड़े-टुकड़े, कत्तर-कत्तर, लीर

**جھیڑ** (पु.)झीड़
1. सूखा कुँआ जिसमें प्रायः कबूतर रहते हैं 2. बावड़ी

**جھیلنی** (स्त्री.)झीलनी
एक प्रकार का लड़ीदार आभूषण जिसे कानों के ज़ेवर का बोझ सहारने के लिए सर के बालों में अटका लेते हैं

## چ

**چابک** (पु.)चाबुक
1. कोड़ा 2. (वि.) निपुण

**چابک دست** (वि.)चाबुक दस्त
दक्ष, कुशलहस्त

**چابک دستی** (स्त्री.)चाबुक दस्ती
कारीगरी में कुशलता, दक्षता

چاپلوس (वि.)चापलूस
चाटुकार, ख़ुशामदी

چاپلوسی (स्त्री.)चापलूसी
चाटुकारिता, ख़ुशामद

چادر (स्त्री.)चादर
चादर

چادرِمہتاب (स्त्री.)चादरे-महताब
1. चाँदनी, शुभ्र-सफ़ेद 2. चाँदनी की चादर 3. चाँदनी का फ़र्श

چاردیواری (स्त्री.)चारदीवारी
घर, बाग़ या इमारत आदि के घेरे की दीवार, प्राचीर, अहाता

چارباش (पु.)चार-बालिश
बड़ा तकिया, मस्नद, गाव तकिया

چارباغ (पु.)चारबाग़
1. स्कार्फ़ जिसके चारों कोनों पर अलग-अलग रंग के गुल बूटे बने हों
2. चौकोर वाटिका, चौखूंटा बाग़

چارپا (पु.)चारपा
चौपाया, पशु, मवेशी

چارزانو (पु.)चारज़ानू
आलती पालती (पलथी) मारकर बैठने की मुद्रा

چارضلعی (वि.)चार ज़िलई
(ग.) चतुर्भुज

چارمغز (पु.)चारमग़्ज़
चार फलों (ख़रबूज़ा, कद्दू, तरबूज़ा और ख़ीयारीन (ख़ीरा, ककड़ी)) के बीज जिनका दवा में प्रयोग होता है

چارہ (पु.)चारा
1. उपाय, उपचार 2. प्रयत्न, तदबीर

چارہ جوئی (स्त्री.)चारा जोई
प्रयत्न, तदबीर, दौड़-भाग, कोशिश

چارہ ساز (पु.)चारा-साज़
1. उपचारक 2. आश्वासन देने वाला, ढारस देने वाला

چارہ گری (स्त्री.)चारा गरी
चिकित्सा, उपचार, इलाज, दवा-दारू

چاشت (स्त्री.)चाश्त
1. सूर्योदय से एक पहर तक का समय, 2. दो पहर-पूर्वकाल का हलका खाना, नाश्ता, जलपान 3. इस समय की नमाज़

چاشنی (स्त्री.)चाश्नी
चीनी या गुड़ आदि का गाढ़ा घोल

چاق (वि.)चाक़
1. स्वस्थ, हृष्ट पुष्ट 2. सतर्क, सचेत, चौकस 3. तत्पर

چاک (वि.)चाक
1. विदीर्ण, फटा हुआ 2. कुम्हार का चाक 3. पहिया 4. खड़िया मिट्टी

چاک چاک (वि.)चाकचाक
पुर्ज़े-पुर्ज़े, टुकड़े-टुकड़े, भिन्न-भिन्न

چاک دامن (पु.)चाक-दामन
प्रेमोन्माद की स्थिति में जो वस्त्र आदि को फाड़ डाले

چال چلن رجسٹر (पु.)चाल चलन रजिस्टर
(प्रशा.) चरित्र पंजिका

چاند (पु.)चाँद
चंदमा

چاہ (पु.)चाह
1. कुआँ 2. इच्छा, प्रेम, अनुराग

چاہِ بابل (पु.)चाहे-बाबुल
वह कुआँ जिसमें 'हारूत' और 'मारूत' नाम के दो दैवी-दूत बंद हैं और जो लोगों को जादू सिखाते हैं

چاہِ ذقن (पु.)चाहे-ज़क़न
वह गढ़ा जो ढोड़ी के बीच में होता है, चिबुक-कूपिका

چاہِ زنخ (पु.)चाहे-ज़नख़
दे. 'چاہِ ذقن'

چاہِ زنخداں (पु.)चाहे-ज़नख़दाँ
दे. 'چاہِ ذقن'

چاہِ غبغب (पु.)चाहे-ग़बग़ब
दे. 'چاہِ ذقن'

چاہ کن (वि.)चाह कन
1. कुआँ खोदने वाला, कूपकार 2. दूसरे के काम में विघ्न डालने वाला 3. छली, वंचक, फ़रेबी

چاہ کنی (स्त्री.)चाह कनी
1. कुआँ खोदने का काम 2. दूसरे के काम में बाधा डालना 3. छल करना, दग़ाबाज़ी

چاہِ نخشب (पु.)चाहे-नख़शब
नख़शब (ईरान का एक नगर) की वह गुफ़ा जहाँ से उस समय के प्रसिद्ध वैज्ञानिक हकीम इब्ने मुक़्ना ने एक कृत्रिम चंदमा उदय किया था जो चारों ओर बारह-बारह मील रौशनी देता था, और दिन को गुफ़ा में छिप जाता था

چاہ نسیاں (पु.)चाहे-निस्याँ
अंधा कुआँ (जिसका पानी सूख गया हो)

چپ (वि.)चप
बायाँ, उलटे हाथ का, उलटी तरफ़

چپ وراست (क्रि.वि.)चपो-रास्त
1. दाएँ-बाएँ 2. इधर-उधर 3. दोनों ओर

چپ گردش (वि.)चप गर्दिश
(भौ.) वामावर्त

چپ گردشی (वि.)चप गर्दिशी
(भौ.) 1. वामावर्त 2. वामध्रुवण, घूर्णक

چپقلش (स्त्री.)चपक़ुलश
1. चकल्लस, राड़, तकरार 2. लड़ाई, झगड़ा

چپکن (स्त्री.)चपकन
अचकन के प्रकार का एक वस्त्र, अँगरखा

چتر (पु.)चत्र
छतरी, छाता, वह छत्र जो राजाओं के सर पर लगाया जाता है

چترشاہی (पु.)चत्रे-शाही
बादशाहों के सर पर लगाया जाने वाला बड़ा छाता अथवा छत्र

چٹاخ (स्त्री.)चटाख़
चटकने की आवाज़, चटाक

چٹخارہ (पु.)चट्ख़ारा
चटपटा

چٹخنی (स्त्री.)चट्ख़नी
चटकनी, सिटकिनी

چچا (पु.)चचा
चाचा

چچازاد (वि.)चचा-ज़ाद
चचेरा, चचेरी

چچی (स्त्री.)चची
चाची

چخ چخ (स्त्री.)चख़-चख़
झक-झक, बक-बक, फ़िज़ूल तकरार

چراغ (पु.)चिराग़/चराग़
दिया, चिराग़, दीप

چراغ پا (पु.)चराग़पा
नाराज़, ख़फ़ा

چراغِ تہِ داماں (पु.)चराग़े-तहेदामन
हवा से बचाने के लिए आँचल में छुपाया हुआ दिया

چراغ داں (पु.)चराग़दान
चराग़ रखने का पात्र, दीवट आदि

چراغاں (पु.)चराग़ाँ
1. जलते हुए चराग़ों की क़तारें, दीपावली 2. पंक्तियों में बहुत से दीपक जलाने का कर्म 3. अपराधी को शारीरिक यातना देने की एक अमानुषिक शैली, जिसमें उसके सिर पर बहुत से घाव बनाकर हर घाव में एक जलती हुई बत्ती रख दी जाती थी

چراغی (स्त्री.)चराग़ी
किसी बुज़ुर्ग के मज़ार पर फ़ातिहा दिलाने वाले से दीप जलाने के लिए लिया जाने वाला पैसा, भेंट या नज़राना

چراگاہ (स्त्री.)चरागाह
1. पशुओं के चरने का मैदान 2. चरनी, चरी

چرب (वि.)चर्ब
1. चिकना, चर्बी, वसा 2. तेज़

چرب زبان (वि.)चर्ब-ज़बान
1. चापलूस 2. बातूनी

چرب زبانی (स्त्री.)चर्ब-ज़बानी
1. चापलूसी 2. बातूनी होना

چربہ (पु.)चर्बा
रेखा-चित्र, ख़ाका, प्रतिलिपि, नक़ल, अनुरेख

چربی (स्त्री.)चर्बी
चिकनाई, वसा

چرخ (पु.)चर्ख़
1. चक्र 2. आकाश 3. चाक 4. रहट

چرخ انداز (वि.)चर्ख़ अंदाज़
धनुर्धर, तीर चलाने में निपुण

چرخِ بریں (पु.)चर्ख़े-बरीं
1. ऊँचा आकाश 2. सबसे ऊपर वाला आकाश

چرخِ فلک (पु.)चर्ख़े-फ़लक
आकाश का सर्वोच्च शिखर जिस पर ईश्वर का सिंहासन है, अर्श

چرخہ (पु.)चर्ख़ा
सूत कातने का यंत्र, चर्ख़ा

چرخی (स्त्री.)चर्ख़ी
1. कपास ओटने का यंत्र 2. पतंग की डोर लपेटने का हुचका 3. एक तरह की आतशबाज़ी, फिरकी, चरकी

چشم بندی (स्त्री.)चश्म बंदी
1. मंत्र या जादू से नींद का उड़ जाना 2. दीठबंदी, नज़रबंदी, जादू

چشم بیدار (स्त्री.)चश्मे-बेदार
1. खुली हुई आँख 2. सजग 3. सचेष्ट, जागृत नेत्र

چشم بیمار (स्त्री.)चश्मे-बीमार
1. उन्मीलित आँख, अधखुली आँख विशेषतः प्रेमिका की आँख 2. नशीली आँख

چشم پوشی (स्त्री.)चश्म पोशी
नज़र अंदाज़ करना, जानबूझ कर टालना, देखी-अनदेखी, अनदेखा करना

چشم خوں آلود (स्त्री.)चश्मे-ख़ूँ आलूद
रक्तिम नेत्र, रौद्र नेत्र, अरुणिम आँखें, रक्ताभ नयन

چشم داشت (स्त्री.)चश्म-दाश्त
आशा, भरोसा, उम्मीद

چشم دید (वि.)चश्मदीद
आँखों देखी

چشم زدن (क्रि.वि.)चश्म-ज़दन
पलक झपकते ही, तुरंत ही, पल भर में

چشم گوشہ (पु.)चश्म गोशा
(प्राणि.) अक्षिकोणक

چشم نم (स्त्री.)चश्मे-नम
आँसुओं से भरी आँख, आर्द्र नेत्र

چشم نمائی (स्त्री.)चश्म नुमाई
1. आँख दिखाना, आँख तरेरना, आँख तरेरकर धमकी देना 2. डराना, धमकाना

چشم نیم باز (स्त्री.)चश्मे-नीम बाज़
1. अधखुली आँख 2. ऊँघते हुए की आँख 3. नशे में मस्त आँख

چشم نیم وا (स्त्री.)चश्मे-नीम वा
दे. چشم نیم باز

چشم و چراغ (पु.)चश्मो-चराग़
1. दीपक 2. सपूत 3. पुत्र, बेटा

چشمک (स्त्री.)चश्मक
1. नेत्र-संकेत 2. उपनेत्र 3. प्रतिस्पर्धा 4. मन मुटाव

چشمہ (पु.)चश्मा
1. झरना 2. जल-स्रोत 3. ऐनक

چرغ (पु.)चर्ग़
1. लकड़बग्घा 2. श्येन, शिक़रा, बाज़, शिकारी पक्षी

چرک (पु.)चिर्क
1. मैल, गंदगी 2. विष्ठा, गू 3. पीप, रीम 4. आँख का चीपड़

چرکین (वि.)चिर्कीन
मैला, गंदा, पलीद, मलिन, मलिष्ठ

چرم (पु.)चर्म
चमड़ा, चाम, खाल

چرم دوز (पु.)चर्मदोज़
चर्मकार

چرم دوزی (स्त्री.)चर्मदोज़ी
चमड़ा सीने का काम, चर्मकारी

چرمینہ (पु.)चर्मीना
चमड़े की बनी हुई वस्तु

چرند (पु.)चरिंद
चरने वाला, पशु, मवेशी, चौपाया

چسپاں (वि.)चस्पाँ
1. चिपका हुआ 2. संलग्न

چست (वि.)चुस्त
1. फुर्तीला 2. कसा हुआ 3. दक्ष

چستہ (पु.)चुस्ता
1. बकरी आदि की बड़ी आँत का तीसरा अंतिम भाग 2. खीरी

چستی (स्त्री.)चुस्ती
1. फुर्ती 2. मज़बूती

چشتی (वि.)चिश्ती
1. चिश्त का निवासी 2. सूफ़ियों का एक संप्रदाय

چشم (स्त्री.)चश्म
नेत्र, आँख, नैन

چشم بد (वि.)चश्मे-बद
कुदृष्टि, बुरी नज़र

چشم بد دور (वा.)चश्मे-बद्दूर
एक आशीर्वाद, तुम्हें बुरी नज़र न लगे

چشم براہ (वि.)चश्म-बराह
बेचैनी से प्रतीक्षा करने वाला, प्रतीक्षाकुल, प्रतीक्षक

**چشمۂ حیواں** (पु.)चश्मए-हैवाँ
सुधा, अमृत, अमृत जल

**چغتائی** (वि.)चुग़ताई
चुग़ता वंश से संबंधित

**چغد** (पु.)चुग़द
1. उल्लू 2. मूर्ख

**چغل** (वि.)चुग़ुल
दे. 'چغلی'

**چغل خور** (वि.)चुग़ुलख़ोर
चुग़ली लगाने वाला

**چغل خوری** (स्त्री.)चुग़ुल-ख़ोरी
बुराई करना, लूतरापन, पिशुनता

**چغلی** (स्त्री.)चुग़ुली
पिशुनता, चुग़ुलख़ोरी

**چق** (स्त्री.)चिक़
चिक, बाँस या सरकंडे की तीली का परदा

**چقماق** (पु.)चक़माक़
चकमक पत्थर, अग्निमय पत्थर

**چکاں** (वि.)चकाँ
1. टपकता हुआ 2. (प्रत्य.) टपकाने वाला

**چکن** (स्त्री.)चिकिन
एक प्रकार का कशीदा जो रेशम या सूत से कपड़ों पर काढ़ा जाता है

**چکیدہ** (वि.)चकीदा
टपका हुआ, गिरा हुआ, टपकता हुआ, गिरता हुआ

**چلپاسہ** (स्त्री.)चल्पासा
छिपकली

**چلغوزہ** (पु.)चिलग़ोज़ा
मेवा (चीड़ वृक्ष पर लगने वाला फल)

**چلم** (स्त्री.)चिलम
तम्बाकू पीने का पात्र जो हुक़्क़े पर रखा जाता है

**چلم پوش** (पु.)चिलम पोश
चिलम ढाँकने का ढक्कन जिससे चिंगारी न उड़े

**چلہ** (पु.)चिल्ला
1. चालीस दिन की अवधि, चालीस दिनों में होने वाला काम 2. कोना, गोशा

**چلہ کش** (वि.)चिल्ला कश
चालीस दिन तक नियमपूर्वक जाप अथवा उपासना करने वाला

**چلہ کشی** (स्त्री.)चिल्ला कशी
किसी कार्य विशेष की सिद्धि के लिए नियमपूर्वक चालीस दिन कोई जप अथवा मंत्र उच्चारण करना

**چلۂ کماں** (पु.)चिल्लए-कमाँ
धनुष का कोना

**چلیپا** (स्त्री.)चलीपा
सलीब, क्रास

**چمچا** (पु.)चम्चा
चम्मच, भोजन परोसने या खाने का पात्र विशेष

**چمن** (पु.)चमन
उद्यान, उपवन, बग़ीचा, बाग़ीचा

**چمن آرا** (वि.)चमन आरा
माली, बाग़ को सँवारने और सजाने वाला, उद्यानपाल

**چمن آرائی** (स्त्री.)चमन आराई
बाग़ के सजाने का काम

**چمن بندی** (स्त्री.)चमन बंदी
1. बाग़ की सजावट 2. बाग़ के लिए पेड़ लगाना

**چمنستان** (पु.)चमनिस्तान
चमन, बाग़

**چنار** (पु.)चनार
एक प्रसिद्ध वृक्ष जिसके पत्ते मनुष्य के पंजे जैसे और लाल रंग के होते हैं

**چنانچہ** (अव्य.)चुनाँचे
अतः, अर्थात, इसलिए, फलस्वरूप, नतीजे में, परिणामस्वरूप

**چند** (वि.)चंद
कतिपय, कुछ, थोड़े से

**چند در چند** (वि.)चंद दर चंद
बहुत अधिक, अत्यधिक

**چند روزہ** (वि.)चंद रोज़ा
अस्थायी, नश्वर, थोड़े दिनों का

**چند سالہ** (वि.)चंद साला
1. जो थोड़ी आयु का हो 2. जो थोड़े वर्षों के लिए हो 3. जो थोड़े वर्षों में समाप्त हो

**چنداں** (क्रि.वि.)चंदाँ
1. इतना, इस क़दर 2. कितना, किस क़दर 3. ज़रा भी, कुछ भी

(पु.)चंदावल چنداول
सेना के पीछे का भाग
(सं.)चंदन چندن
एक प्रसिद्ध सुगंधित लकड़ी, संदल
(पु.)चंदा چندہ
1. अभिदान 2. चंदा, योगदान
(स्त्री.)चंग چنگ
एक वाद्ययंत्र
(वि.)चंग नवाज़ چنگ نواز
चंग बजाने वाला
(स्त्री.)चंग नवाज़ी چنگ نوازی
चंग बजाने का काम या पेशा
(पु.)चंगाल چنگال
दे. چنگل
(पु.)चंगुल چنگل
मनुष्य, पक्षी या शेर आदि का पंजा
(वि.)चुनीदा چنیدہ
1. चुना हुआ 2. श्रेष्ठ 3. बढ़िया
(वर्ण)चुनीं چنیں
ऐसा, ऐसे
(स्त्री.)चोब چوب
1. काष्ठ 2. लाठी 3. छड़ी 4. सोटा
(पु.)चोबे-परचम چوب پرچم
(राज.) ध्वज-दंडा
(पु.)चोबदार چوبدار
लठधारी, चौकीदार
(स्त्री.)चोब दस्ती چوبدستی
हाथ की लकड़ी
(पु.)चौपाया چوپایہ
पशु, जानवर
(पु.)चौथा सुतून چوتھا ستون
(जन.) चतुर्थ स्तंभ, प्रेस, पत्रकारिता
(पु.)चूज़ा چوزہ
मुर्ग़ी का बच्चा
(पु.)चोग़ा چوغہ
अंगरखा, चोग़ा
(स्त्री.)चौखटा सुर्ख़ी چوکھٹا سرخی
चौखटा शीर्ष
(पु.)चौगा چوگا
चिड़ियों के खाने का दाना

(पु.)चौगान چوگان
एक खेल, पोलो
(वि.)चौगाँ बाज़ چوگان باز
चौगान (पोलो) खेलने वाला
(स्त्री.)चौगाँ बाज़ी چوگان بازی
चौगान खेलना, पोलो का खेल
(वि.)चौगोशा چوگوشہ
(ग.) चतुष्कोण, चतुर्भुज, चौकोर
(स्त्री.)चूनो-चिरा چون و چرا
वाद-विवाद, क्यों और कैसे करना
(अव्य.)चूँकि چونکہ
क्योंकि, चूँकि
(अव्य.)चूँ چوں
1. कैसे, किस प्रकार 2. जब, जिस समय 3. तुल्य, समान
(स्त्री.)चे-मीगोई چہ میگوئی
1. कानाफूसी 2. अटकलबाज़ी 3. टिप्पणी
(वि.)चहार چہار
चार
(क्रि.वि.)चहार जानिब چہار جانب
चारों ओर, चारों तरफ़, चतुर्दिशा
(क्रि.वि.)चहारदांग چہاردانگ
1. चारों ओर, सब तरफ़ 2. संसार भर
(वि.)चहारदह چہاردہ
चौदह, चतुर्दश
(वि.)चहारदहुम چہاردہم
चौदहवाँ/चौदहवीं, चतुर्दशी
(क्रि.वि.)चहार सू چہار سو
चारो ओर
(पु.)चहार-शंबा چہارشنبہ
बुधवार
(वि.)चहारगाना چہارگانہ
1. चार से संबंध रखने वाला 2. चार सूत्री 3. चार प्रकार वाला
(वि.)चहारुम چہارم
1. चौथा, चतुर्थ 2. एक प्रकार की पूजा विशेष जो चौथे दिन मृतक की शांति के लिए की जाती है
(पु.)चहचहा چہچہہ
चिड़ियों की चहकार, चहचहाहट

## چھ

چھاپ (स्त्री.)छाप
1. उभरे हुए या खुदे हुए ठप्पे का निशान 2. मुहर का चिह्न 3. मुद्रा 4. टीका, तिलक आदि 5. अंकन

چھاپا (पु.)छापा
ऐसा साँचा जिस पर स्याही या रंग पोतकर उसमें खुदे हुए आकार कागज़ अथवा कपड़े पर छापते हैं

چھاج (पु.)छाज
अनाज फटकने का उपकरण, सूप, छाजना

چھاڑ (स्त्री.)छाड़
नदी का किनारा, तीर, तट

چھاگل (स्त्री.)छागल
1. चमड़े की बनी मशक 2. मिट्टी का करवा 3. पाँव का एक गहना, पायल, झांझर

چھانٹ (स्त्री.)छाँट
1. छँटी या बची हुई चीज़ 2. कतरन

چھانٹن (स्त्री.)छांटन
दे. 'چھانٹ'

چھاند (स्त्री.)छाँद
दूध दूहते समय पशुओं के पाँव बाँधने की छोटी रस्सी

چھب (स्त्री.)छब
1. शोभा, सौंदर्य 2. कांति, चमक

چھبیلا (वि.)छबीला
1. शोभायुक्त 2. सुहावना 3. सुंदर, छैला

چھپٹی (स्त्री.)छिप्टी
1. लकड़ी के छोटे और पतले टुकड़े 2. चैली, जलावन की लकड़ी

چھپرکھٹ (पु.)छपरखट
वह मसहरी जिस पर छतरी और पर्दे होते हैं

چھپکا (पु.)छप्का
1. पानी का बड़ा छींटा 2. सिर का एक गहना 3. पतली छड़ी या कमची

چھپی بےروزگاری (स्त्री.)छिपी बेरोज़गारी
(अर्थ.) प्रच्छन्न बेरोज़गारी

چھتیسا (वि.)छत्तीसा
कपटी, धूर्त, चालाक

چہرہ (पु.)चेहरा
मुख, आनन, आकृति, हुलिया

چہرہ کشائی (स्त्री.)चेहरा कुशाई
मुँह दिखाई की रस्म

چہرہ نویس (वि.)चेहरा नवीस
नए कर्मचारी को भर्ती करने वाला, उनका हुलिया लिखने वाला, मनोवैज्ञानिक

چہرہ نویسی (स्त्री.)चेहरा नवीसी
नए कर्मचारी को भर्ती करने का कार्य, हुलिया लिखना

چہل (वि.)चेहेल
चालीस

چہل قدمی (स्त्री.)चहल क़दमी
टहलना, चिहिल क़दमी

چہلم (वि.)चिहिलुम
1. चालीसवाँ, चालीस से संबंध रखने वाला 2. (पु.) एक प्रकार का कर्मकांड जो चालीसवें दिन मृतक की शांति के लिए की जाती है, मृत्योपरांत का चालीसवाँ

چیچک (स्त्री.)चेचक
बड़ी माता, शीतला

چیرہ (वि.)चीरा
शक्तिशाली, विजेता, ताक़तवर

چیرہ دست (वि.)चीरा दस्त
अन्यायी, अत्याचारी, ज़ालिम

چیز (स्त्री.)चीज़
वस्तु, पदार्थ, द्रव्य

چیستاں (स्त्री.)चीस्ताँ
पहेली

چین (पु.)चीन
1. एक प्रसिद्ध देश 2. (स्त्री.) दे. 'چیں'

چینل (पु.)चैनेल
(जन.) सरणी

۱- چیں (प्रत्य.)चीं
चुनने वाला, जैसे- 'گل چیں' (गुलचीं) फूल चुनने वाला

۲- چیں (स्त्री.)चीं
1. बल, शिकन, सिलवट 2. माथे की झुर्री

چیں بہ جبیں ہونا (मु.)चीं ब जबीं होना
त्यौरियाँ चढ़ाना, माथे पर बल पड़ना

چھتیسا پن (पु.)छत्तीसापन
कपट, चालाकी

چھٹ (स्त्री.)छट
1. हिंदुओं का एक त्योहार 2. प्रतिपक्ष की छटी तिथि

چھچھورا پن (पु.)छिछोरापन
नीचता, ओछापन

چھدام (पु.)छदाम
पैसे का चौथाई भाग

چھڑی چھٹانک (वि.)छड़ी छटांक
1. एकाकी 2. बिना बोझ या सामान के

چھڑی سواری (पु.)छड़ी सवारी
अकेली सवारी

چھکّا (पु.)छक्का
1. छ से संबंधित 2. छ का समूह 3. हिजड़ा, नपुंसक

چھکڑا (पु.)छक्ड़ा
1. बोझ लादने वाली बैलगाड़ी 2. खटारा गाड़ी 3. वह चीज़ जिसके औज़ार ढीले हों

چھل (स्त्री.)छल
फ़रेब, धोखा, कपट

چھلاوا (पु.)छलावा
1. भूत-प्रेत आदि की छाया जो सामने आकर अदृश्य हो जाती है 2. अगिया बैताल 3. इन्द्रजाल

چھوٹا کپڑا (पु.)छोटा कपड़ा
अंगिया

چھوٹا محور (पु.)छोटा मिहूवर
(ग.) लघुतर अक्ष

چھیل (पु.)छैल
तड़क-भड़क कपड़ा पहना व्यक्ति, बाँका

چھیلا (पु.)छैला
दे. 'چھیل'

## ح

حاتم (पु.)हातिम
1. निपुण, चतुर, कुशल 2. अरब के क़बीला तै का सरदार जो बड़ा दानी, परोपकारी और उदार हृदय था

حاجت (स्त्री.)हाजत
1. आवश्यकता, ज़रूरत 2. इच्छा, अभिलाषा

حاجت مند (वि.)हाजत मंद
1. ज़रूरतमंद 2. निर्धन 3. इच्छुक, अभिलाषी

حاجت مندی (स्त्री.)हाजत मंदी
1. निर्धनता, मोहताजी 2. इच्छा, चाह, तलब

حاجز (वि.)हाजिज़
(भौ.) 1. रोधी 2. विद्युत-रोधी 3. ऊष्मा-रोधी

حاجی (पु.)हाजी
हज करने वाला

حادث (वि.)हादिस
1. नई पैदा होने वाली वस्तु, जो सदा से न हो, जो क़दीम न हो 2. नव घटित 3. भूत, नश्वर

حادثہ (पु.)हादिसा/हादसा
1. दुर्घटना 2. घटना

حادّہ (पु.)हाद्दा
(ग.) न्यूनकोण

حاذق (वि.)हाज़िक़
दक्ष, निपुण, प्रवीण, माहिर, कुशल

حار (वि.)हार
उष्ण, तप्त, गर्म

حارث (पु.)हारिस
1. कृषक, किसान 2. व्याघ्र, शेर

حارج (वि.)हारिज
1. बाधक 2. हानिकर, नुक़्सानदेह

حارہ (वि.)हार्रा
गर्म, उष्ण, तप्त

حاسد (वि.)हासिद
ईर्ष्यालु, डाही

حاشا (वि.)हाशा
1. कदापि, हरगिज़ 2. त्राहि, पनाह 3. पवित्रता, पाकी 4. यह शब्द ऐसे समय बोलते हैं जब किसी बात से अपनी बिल्कुल ही अज्ञानता या निष्पक्षता प्रकट करनी होती है

حاشا ثم حاشا (वि.)हाशा सुम्मा हाशा
दे. 'حاشا وکلا'

حاشاللہ (वाणि.)हाशा लिल्लाह
ईश्वर ऐसा न करे, ऐसा कभी न हो

حاشا وکلا (वि.)हाशा व कल्ला
1. कदापि नहीं, ज़रा भी नहीं 2. जब किसी (विशेषत: बुरी) बात से अपनी निष्पक्षता और अज्ञानता प्रकट करनी होती है तो 'हाशा व कल्ला' कहते हैं

**حاشیہ** (पु.)हाशिया
1. किनारी 2. पुस्तक आदि का किनारा 3. बेल-बूटे की गोट 4. टीका-टिप्पणी

**حاصل** (वि.)हासिल
1. प्राप्त, उपलब्ध (पु.) 2. भूमिकर, आय 3. निष्कर्ष 4. (भौ.) परिणामी 5. निराकरण, फल

**حاصل جمع** (पु.)हासिल जमा
1. जोड़, योगफल 2. कुल, शेष राशि

**حاصل جفت** (स्त्री.)हासिल जुफ़्त
(भौ.) परिणामी बल-युग्म

**حاصل شدہ** (वि.)हासिल शुदा
(समा.) अर्जित

**حاصل ضرب** (पु.)हासिले-ज़र्ब
गुणनफल

**حاصل کلام** (पु.)हासिले-कलाम
1. बात का निचोड़, सार या निष्कर्ष 2. सार, संक्षिप्त

**حاصل مصدر** (पु.)हासिल मस्दर
(भा.) क्रियार्थक संज्ञा

**حاضر** (वि.)हाज़िर
1. उपस्थित, विद्यमान 2. तत्पर 3. सम्मुख, पेश

**حاضر بازار** (पु.)हाज़िर बाज़ार
(वाणि.) हाज़िर बाज़ार, नक्द बाज़ार

**حاضر جوابی** (स्त्री.)हाज़िर जवाबी
प्रगल्भता, तुरंत किसी बात का उचित और चमत्कार पूर्ण उत्तर देना

**حاضری** (स्त्री.)हाज़िरी
उपस्थिति, मौजूदगी

**حاضرین** (पु.)हाज़िरीन
'حاضر' का बहु., हाज़िर लोग, उपस्थित गण

**حاضرین مجلس** (पु.)हाज़िरीने-मजलिस
सभा में उपस्थित गण

**حافظ** (वि.)हाफ़िज़
जिसे कुरआन शरीफ़ कंठस्थ हो

**حافظہ** (पु.)हाफ़िज़ा
स्मृति, स्मरण शक्ति

**حاکم** (पु.)हाकिम
1. शासक, आदेशक, राज्याध्यक्ष 2. अधिकारी

**حاکم اعلیٰ** (पु.)हाकिमे-आला
बड़ा अफ़सर, सर्वोच्च अधिकारी

**حاکم بالا** (पु.)हाकिमे-बाला
उच्चाधिकारी, सीनियर अफ़सर

**حاکم وقت** (पु.)हाकिमे-वक़्त
वर्तमान शासक

**حاکمانہ** (वि.)हाकिमाना
अफ़सरों जैसा

**حاکمی** (वि.)हाकिमी
1. पदाधिकार 2. अफ़सरी 3. स्वामित्व

**حال** (पु.)हाल
1. दशा, अवस्था 2. ख़बर, समाचार 3. वर्तमान काल 4. हर्षोन्माद की स्थिति, परमानन्द

**حالات** (पु.)हालात
'حال' का बहु.

**حالات کا گوشوارہ** (पु.)हालात का गोशवारा
(वाणि.) स्थिति-विवरण

**حالانکہ** (अव्य.)हालाँके
यद्यपि, अगरचे, हालाँकि

**حالت** (स्त्री.)हालत
1. दशा, अवस्था, स्थिति, हालत 2. (भा.) कारक, विभक्ति

**حالت نزع** (स्त्री.)हालते-नज़ा
चंदा, मरने के समय प्राण छोड़ने की अवस्था, जाँकनी, मरण अवस्था

**حالیہ** (वि.)हालिया
1. आधुनिक, वर्तमान 2. नवीन, नूतन 3. (भा.) कृदंतपरक

**حالیہ تمام** (वि.)हालिया तमाम
(भा.) भूतकालिक कृदंत विशेषण

**حالیہ ناتمام** (पु.)हालिया नातमाम
(भा.) वर्तमानकालिक कृदंत विशेषण

**حامد** (वि.)हामिद
ईश्वर की स्तुति करनेवाला

**حامل** (वि.)हामिल
1. धारक, भारवाहक, बोझ वहन करने वाला 2. (भौ.) वाहक

**حامل تواتر** (पु.)हामिल तवातुर
(भौ.) वाहक तरंग आवृत्ति

حاملہ (स्त्री.)हामिला
गर्भवती, गर्भिणी
حامی (वि.)हामी
1. पक्षधर 2. सहायक, समर्थक
حاوی (वि.)हावी
1. प्रभावी, छाया हुआ 2. व्यापक
حائضہ (स्त्री.)हाइज़ा
रजस्वला, पुष्पवति
حائطۂ دائرہ (पु.)हाएतए-दाएरा
(ग.) परिवृत्त
حائل (वि.)हाइल
बीच में आने वाला, बाधा, रुकावट, अवरोध
حُب (स्त्री.)हुब
प्रेम, भक्ति, प्यार
حب (स्त्री.)हब
गोली
حُبُّ الوطن (स्त्री.)हुब्बुल-वतन
स्वदेशप्रेम, देशभक्ति, देशप्रेम
حُبِّ وطن (स्त्री.)हुब्बे-वतन
दे. 'حُبُّ الوطن'
حباب (पु.)हबाब
बुलबुला, बुदबुदा
حبس (पु.)हब्स
1. उमस 2. घुटन 3. कारावास, क़ैद
حبسِ بَول (पु.)हब्से-बौल
पेशाब का रुक जाना, मूत्रनिरोध
حبسِ بیجا (पु.)हब्से-बेजा
अवैध रूप से किसी को बंद रखना
حبسِ دم (पु.)हब्से-दम
1. साँस रुकना, दम घुटना, श्वासरोध
2. साँस रोककर की जाने वाली एक तपस्या, कुंभक प्राणायाम
حبسِ دوام (पु.)हब्से-दवाम
आजीवन कारावास, उम्र क़ैद
حبسِ ریاح (पु.)हब्से-रियाह
पेट का वात-रोग
حبوب (स्त्री.)हुबूब
'حب' का बहु., गोलियाँ
حبیب (पु.)हबीब
1. मित्र 2. प्रेमपात्र, प्रिय

حتم (पु.)हत्म
दृढ़ता, मज़बूती, पुख़्तगी
حتماً (क्रि.वि.)हत्मन
दे. 'حتمی'
حتمی (क्रि.वि.)हत्मी
1. अंतिम रूप से 2. निश्चित रूप से
3. (ग.) प्रतथ
حتّیٰ (क्रि.वि.)हत्ता
1. जब तक, जहाँ तक 2. यथावत्, यहाँ तक
حتّی الامکان (वि.)हत्तल-इम्कान
यथासंभव, यथाशक्ति, जहाँ तक हो सके
حج (पु.)हज
1. मक्का-यात्रा का धार्मिक कृत्य 2. इस्लाम के पाँच अनिवार्य सिद्धान्तों में से एक
حجِ اکبر (पु.)हज्जे-अक्बर
1. बड़ा हज 2. वह हज जिसमें हज के दिन शुक्रवार पड़े
حجاب (पु.)हिजाब
1. पर्दा, आवरण 2. लज्जा, शर्म 3. संकोच
حُجّاج (पु.)हुज्जाज
'حاجی' का बहु.
حجاز (पु.)हिजाज़
अरब का वह प्रदेश जिसमें मक्का और तायफ़ है
حجّام (पु.)हज्जाम
नाई, हज्जाम
حجامت (स्त्री.)हजामत
1. बाल बनवाना या कटवाना 2. धोखाधड़ी, ठगी
حُجّت (स्त्री.)हुज्जत
1. तर्क-वितर्क, बहस 2. तू-तू मैं-मैं 3. प्रमाण
حُجّتی (वि.)हुज्जती
तार्किक, वाद-विवाद करने वाला, तू-तू मैं-मैं करने वाला, झगड़ालू
حجر (पु.)हजर
पाषाण, पत्थर
حجرِ اسود (पु.)हजरे-असवद
काबा की दीवार में लगा हुआ काले रंग का पवित्र पत्थर
حجرالیہود (पु.)हजरुल-यहूद
औषधि में प्रयुक्त एक पत्थर विशेष

(पु.)हुजरा حجرہ
कमरा, कोठरी

(वि.)हजरी حجری
पत्थर का, पत्थर का बना हुआ

(पु.)हजरी दौर حجری دور
पाषाण-काल

(पु.)हजला حجلہ
1. कमरा 2. दुल्हन का कमरा

(पु.)हजलए-अ़रूसी حجلۂ عروسی
नवविवाहिता का सजा हुआ कमरा

(पु.)हज्म حجم
मोटाई, दल, स्थूलता

(स्त्री.)हज्मे-तिजारत حجم تجارت
(अर्थ.) व्यापार परिमाण

(स्त्री.)हद حد
पराकाष्ठा, सीमा

(स्त्री.)हद्दे-अदब حدِ ادب
आदर और लिहाज की अंतिम सीमा, आदर सत्कार की पराकाष्ठा

(वि.)हद बंद حد بند
(ग.) परिबद्ध

(स्त्री.)हदबंदी حد بندی
दो चीज़ों या ज़मीनों के बीच में ऐसा चिह्न जो दोनों की सीमा निश्चित करे, सीमांकन

(वि.)हदबी حدبی
(भौ.) उत्तल

(स्त्री.)हदबीय्यत حدبیت
(भौ.) उत्तलता

(स्त्री.)हद्दे-फ़ासिल حدِ فاصل
दो पदार्थों के बीच में अंतर डालने वाली वस्तु, ओट, आड़

(पु.)हद्दे-कर्ज़ حدِ قرض
(वाणि.) ऋण सीमा

(वि.)हद्दाद حداد
1. लौहकार, लुहार 2. कारा-रक्षक 3. जेलर

(स्त्री.)हद्दादी حدادی
लुहार का काम

(पु.)हदाइक़ حدائق
'حدیقہ' का बहु., बग़ीचे, बाग़ात

(स्त्री.)हिद्दत حدت
1. उष्णता 2. गर्मी, तेज़ी 3. हरारत

(पु.)हुदूस حدوث
1. नवीनता, नयापन 2. किसी वस्तु का नया पैदा होना, नवोत्पन्न

(पु.)हुदूसो-क़िदम حدوث وقدم
नित्यता एंव नश्वरता

(स्त्री.)हुदूद حدود
'حد' का बहु., सीमाएँ

(पु.)हुदूदे-अर्बअ़ حدودِ اربعہ
चौहद्दी, चारों ओर की सीमा

(पु.)हुदूदे-शरई حدودِ شرعی
इस्लामी विधि के अनुसार कार्यों की सीमाएँ

(स्त्री.)हदीस حدیث
1. पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब का कथन 2. बात, नई बात

(पु.)हदीद حدید
1. लोहा, फ़ौलाद 2. तेज़ और धारदार पदार्थ

(पु.)हदीक़ा حدیقہ
वह बाग़ जिसके चारों ओर दीवार हो

(स्त्री.)हज़ाक़त حذاقت
1. दक्षता, प्रवीणता, कुशलता, महारत 2. विद्वता 3. चातुर्य

(पु.)हज़्फ़ حذف
1. विच्छेद, अलग कर देना, कम करना 2. किसी शब्द से एक अक्षर कम कर देना

(वि.)हुर्र حر
1. स्वतंत्र, आज़ाद 2. प्रतिष्ठित, संमाननीय 3. वह दास जो स्वतंत्र हो गया हो

(पु.)हिरा حرا
मक्के के पास एक पहाड़ी ग़ार जिसमें हज़रत मुहम्मद ईश्वर का ध्यान किया करते थे, और जहाँ आप पर पहली वही नाज़िल हुई

(स्त्री.)हरारत حرارت
1. उष्णता 2. हल्का ज्वर, हल्का बुख़ार 3. (भौ.,रसा.) ऊष्मा

(वि.)हरारत ख़ोर حرارت خور
(रसा., भौ.) ऊष्माशोषी

(पु.)हरारा حرارہ
(रसा., भौ.) कैलोरी

(पु.)हरारा पैमा حرارہ پیما
(रसा., भौ.) ऊष्मामापी, कैलोरीमीटर

حرارہ پیمائی (स्त्री.)हरारा पैमाई
(रसा., भौ.) ऊष्मामिति
حراست (स्त्री.)हिरासत
1. बंदी बनाना 2. कारागार
حرافہ (स्त्री.)हर्राफ़ा
1. कुलटा, भ्रष्टा, धूर्ता, असाध्वी
2. बहुत अधिक बातूनी स्त्री
حرام (वि.)हराम
1. अवैध 2. व्यभिचार, परस्त्री या परपुरुष गमन
حرام خور (वि.)हराम ख़ोर
1. कामचोर 2. कृतघ्न
حرام خوری (स्त्री.)हरामख़ोरी
1. कृतघ्नता 2. काम न करना एवं मुफ़्त का खाना 3. कामचोरी करने की आदत
حرام زادہ (पु.)हरामज़ादा
1. जारज 2. धूर्त 3. वर्ण-संकर
حرام کار (वि.)हराम कार
व्यभिचारी, लंपट
حرام کاری (स्त्री.)हरामकारी
1. व्यभिचार 2. लंपटता
حرام مغز (पु.)हराम मग़ज़
1. रीढ़ की हड्डी का गूदा 2. (मनो.) मस्तिष्क स्तंभ
حرامی (वि.)हरामी
1. जारज, संकर 2. दोग़ला
حرب (पु.)हर्ब
युद्ध, संग्राम, समर
حربہ (पु.)हर्बा
1. हथियार, अस्त्र, शस्त्र 2. आक्रमण, आघात
حربی (वि.)हर्बी
1. युद्ध सम्बन्धी 2. सैनिक, योद्धा
حرص (स्त्री.)हिर्स
लिप्सा, लोभ, लालच
حرص و آز (स्त्री.)हिर्सो-आज़
लोभ और लालच
حرص و ہوس (स्त्री.)हिर्सो-हवस
दे. 'حرص و آز'
حرف (पु.)हर्फ़
1. अक्षर, वर्ण 2. बात 3. ऐब, त्रुटि, खोट
4. (भा.) निपात

حرف آخر (पु.)हर्फ़े-आख़िर
आख़िरी बात, अंतिम निर्णय, पक्की बात
حرف آشنا (वि.)हर्फ़-आशना
बहुत कम पढ़ा लिखा
حرف استدراک (पु.)हर्फ़े-इस्तिदराक
वह अव्यय जिससे कोई मुस्तस्ना (मुक्त) बनता हो, जैसे- "सब आ गए मगर राम" में मगर, वह अव्यय है जो पहले वाक्य के संदेह को दूर करे
حرف اضافت (पु.)हर्फ़े-इज़ाफ़त
(भा.) संबंधवाचक कारक
حرف تردید (पु.)हर्फ़े-तर्दीद
खंडन करने वाला कथन
حرف تنبیہ (पु.)हर्फ़े-तंबीह
चेतावनी देने वाली बात
حرف تنکیر (पु.)हर्फ़े-तंकीर
1. अनिश्चित संज्ञा बनाने वाला अव्यय
2. (भा.) उपपद, आर्टिकल
حرف جر (पु.)हर्फ़े जर
इज़ाफ़त देने वाला अव्यय
حرف عطف (पु.)हर्फ़े-अत्फ़
(भा.) संयोजक
حرف علت (पु.)हर्फ़े-इल्लत
(भा.) स्वर
حرف گیری (स्त्री.)हर्फ़गीरी
आलोचना, छिद्रान्वेषण, मीन-मेख़ निकालना
حرف مطلب (पु.)हर्फ़े-मत्लब
उद्देश्य, आशय, मतलब की बात
حرف مکرر (पु.)हर्फ़े-मुकर्रर
शब्द अथवा बात की पुनरावर्ती, दुबारा आया हुआ शब्द, दो बार कही हुई बात
حرف ندا (पु.)हर्फ़े-निदा
(भा.) संबोधवाचक कारक
حرف ندبہ (पु.)हर्फ़े-नुद्बा
वह शब्द या अव्यय जो विलाप के लिए बोला जाए, जैसे- हाय, आह
حرف نفی (पु.)हर्फ़े-नफ़ी
नकारात्मक शब्द
حرف نہی (पु.)हर्फ़े-नही
(भा.) निषेध-निपात, नास्तिकवाचक निपात
حرف و حکایت (स्त्री.)हर्फ़ो-हकायत
कथोपकथन, वार्तालाप, बातचीत

**(क्रि.वि.)हर्फ़न हर्फ़न حرفاً حرفاً**
1. अक्षरशः 2. एक एक हर्फ़ करके 3. विस्तारपूर्वक

**(स्त्री.)हिर्फ़त حرفت**
1. शिल्प, उद्यम, व्यवसाय, उद्योग 2. हल, 3. चालाकी, धूर्तता

**(पु.)हिर्फ़ा حرفہ**
शिल्प, उद्योग, व्यवसाय

**(वि.)हर्फ़ी حرفی**
अक्षरवाला, अक्षर का, अक्षर संबंधी

**(स्त्री.)हरकात حرکات**
'حرکت' का बहु, 1. गतिविधियाँ 2. चालें, शरारतें

**(स्त्री.)हरकातो-सकनात حرکات وسکنات**
1. चाल-ढाल 2. गतिविधियाँ

**(स्त्री.)हरकत حرکت**
1. गति 2. शरारत 3. गतिविधियाँ

**(वि.)हरकी حرکی**
(भौ.) गतिक, गतिज्ञ

**(पु.)हरकी तवाज़ुन حرکی توازن**
(भौ.) गतिक साम्य, गतिक संतुलन

**(स्त्री.)हरकी तवानाई حرکی توانائی**
(भौ.) गतिज ऊर्जा

**(स्त्री.)हरकी मईशत حرکی معیشت**
(अर्थ.) गत्यात्मक अर्थव्यवस्था

**(स्त्री.)हरकियात حرکیات**
(भौ.) गतिविज्ञान, गतिकी

**(वि.)हरकियाती حرکیاتی**
(भौ.) गतिकीय

**(पु.)हरम حرم**
1. अल्लाह का घर 2. क़ाबा, क़ाबे की चारदीवारी जहाँ हिंसा पाप है 3. अंतःपुर, रनिवास 4. धर्म पार्टनर 5. विशेष सेविका

**(स्त्री.)हरम सरा حرم سرا**
अंतःपुर, रनिवास, ज़नानख़ाना

**(पु.)हिर्माँ حرماں**
1. निराश, नैराश्य 2. दुर्भाग्य, बदक़िस्मती

**(वि.)हिर्माँनसीब حرماں نصیب**
अभागा, अभागन

**(स्त्री.)हुर्मत حرمت**
1. मर्यादा, इज़्ज़त, सतीत्व 2. धर्म-निषेध

**(पु.)हरमैन حرمین**
1. हरम का द्विवचन 2. दोनों हरम अर्थात् मक्का और मदीना

**(पु.)हुरूफ़ حروف**
'حرف' का बहु., एक से अधिक अक्षर

**(पु.)हुरूफ़े-तहज्जी حروفِ تہجی**
वर्णमाला

**(पु.)हुरूफ़े-शम्सी حروفِ شمسی**
अ़रबी के वे समासित शब्द जिनमें 'ال' (अल) (अलिफ़ और लाम) अनुच्चारित होते हैं, जैसे- 'عبدالرحیم' (अब्दुर्रहीम)

**(पु.)हुरूफ़े-क़मरी حروفِ قمری**
अ़रबी के वे समासित शब्द जिनमें 'ال' (अल) (अलिफ़ और लाम) उच्चारित होते है, जैसे- 'ابوالبرکات' (अबुल बरकात)

**(वि.)हर्री حری**
(भौ.) तापीय

**(स्त्री.)हुर्रियत حریت**
स्वतंत्रता, स्वाधीनता, आज़ादी

**(पु.)हरीर حریر**
1. रेशम 2. रेशमी कपड़ा

**(पु.)हरीरा حریرہ**
देसी घी, सूजी, मेवों तथा शक्कर से बना पतला हलवा जो प्रायः जच्चा के लिये बनाया जाता है, तुर्री

**(वि.)हरीरी حریری**
1. रेशमी 2. महीन, पतला

**(वि.)हरीस حریص**
1. लोभी 2. ईर्ष्यालु

**(पु.)हरीफ़ حریف**
1. प्रतिद्वंद्वी, प्रतिनायक 2. शत्रु

**(पु.)हरीफ़े-मुक़ाबिल حریفِ مقابل**
प्रतिद्वंद्वी

**(पु.)हिज़्ब حزب**
1. पक्ष, दल 2. परिच्छेद, अध्याय

**(स्त्री.)हिज़्बे इख़्तिलाफ़ حزبِ اختلاف**
(राज.) विपक्ष

**(पु.)हिज़्बुल अहरार حزب الاحرار**
स्वतंत्र दल

**(पु.)हिज़्बे-मुख़ालिफ़ حزبِ مخالف**
विपक्षी दल, विपक्ष

حسب الحکم ( क्रि.वि. )हस्बुल-हुक्म
आदेशानुसार

حسبِ تجویز ( क्रि.वि. )हस्बे-तज्वीज़
प्रस्ताव अनुसार, यथा प्रस्ताव

حسبِ توفیق ( क्रि.वि. )हस्बे-तौफ़ीक़
यथासामर्थ्य, यथाशक्ति, ईश्वर-कृपा अनुसार

حسبِ حال ( क्रि.वि. )हस्बे-हाल
यथास्थिति

حسبِ حوصلہ ( क्रि.वि. )हस्बे-हौसला
यथाशक्ति, सामर्थ्य के अनुसार, जितनी हिम्मत हो उतना

حسبِ حیثیت ( क्रि.वि. )हस्बे-हैसियत
सामर्थ्य अनुसार, यथा सामर्थ्य, हैसियत के मुताबिक़

حسبِ خواہش ( क्रि.वि. )हस्बे-ख़्वाहिश
इच्छानुसार, जितनी ज़रूरत हो उतना

حسبِ دستور ( क्रि.वि. )हस्बे-दस्तूर
नियमानुसार, परम्परानुसार

حسبِ ذیل ( क्रि.वि. )हस्बे-ज़ैल
निम्नलिखित, अधोलिखित

حسبِ روایت ( क्रि.वि. )हस्बे-रिवायत
प्रथानुसार, परंपरागत, परंपरावत्

حسبِ سابق ( क्रि.वि. )हस्बे-साबिक़
1. पहले की तरह, यथापूर्व 2. ( क्रि.वि. ) पूर्ववत्

حسبِ ضابطہ ( क्रि.वि. )हस्बे-ज़ाबिता
विधि के अनुरूप, विधिवत्

حسبِ قانون ( क्रि.वि. )हस्बे-क़ानून
विधि अनुसार, क़ानून के मुताबिक़

حسبِ مراد ( क्रि.वि. )हस्बे-मुराद
यथेच्छ, यथेष्ट, यथाकाम, मंशा के मुताबिक़

حسبِ معمول ( क्रि.वि. )हस्बे-मामूल
1. यथापूर्व 2. नित्यक्रम अनुसार

حسبِ منشا ( क्रि.वि. )हस्बे-मंशा
दे. 'حسبِ خواہش'

حسبِ موقع ( क्रि.वि. )हस्बे-मौक़अ़
1. यथासमय 2. यथास्थान

حسب نسب ( पु. )हसब नसब
मातृ तथा पैतृक पक्ष, वंशवृक्ष

حسد ( पु. )हसद
ईर्ष्या, मत्सर, डाह, जलन

حسبِ موافق ( पु. )हिज़्बे-मुवाफ़िक़
सहयोगी दल

حزم و احتیاط ( पु. )हज़्मो-एहतियात
सावधानी और दूरदर्शिता

حزن ( पु. )हुज़्न
दुःख, संताप, शोक, रंज

حزیں ( वि. )हज़ीं
खिन्नमन, मलिनचित्त, संतप्त

حس ( स्त्री. )हिस
1. इन्द्रीय 2. संवेदन, संवेदन-शक्ति 3. ग़ैरत, लज्जा, शर्म

حسِ باطنی ( स्त्री. )हिस्से-बातिनी
1. इंद्रियातीत 2. अध्यात्म शक्ति

حسِ مشترک ( स्त्री. )हिस्से-मुश्तरक
सामूहिक संवेदना, भाव

حساب ( पु. )हिसाब
1. गणित 2. हिसाब-किताब, लेन-देन 3. दर, मूल्य, भाव

حساب و کتاب ( पु. )हिसाबो-किताब
लेन-देन का हिसाब, बहीखाते का हिसाब

حسابی ( वि. )हिसाबी
1. गणितात्मक, हिसाब संबंधी 2. गणितज्ञ, हिसाब जानने वाला

حسابی استقراء ( पु. )हिसाबी इस्तिक़रा
( ग. ) गणितीय आगम

حسابی اوسط ( स्त्री. )हिसाबी औसत
( ग. ) समांतर माध्य

حسابی سلسلہ ( पु. )हिसाबी सिल्सिला
( ग. ) समांतर श्रेणी

حساس ( वि. )हस्सास
1. संवेदनशील, संवेदी, भावुक 2. ( भौ. ) सुग्राही, सूक्ष्मग्राही

حساسیت ( स्त्री. )हस्सासियत
( भौ. ) सक्रियकरण, संवेदनीकरण

حسان ( वि. )हस्सान
1. उत्तम, अति उत्तम 2. अति सुंदर

حسب ( पु. )हस्ब
( क्रि.वि. ) अनुसार, यथा, मुताबिक

حسب ( पु. )हसब
श्रेष्ठता, वंशवृक्ष, मात्रिक, वंश वृक्ष

حسب الامر ( क्रि.वि. )हस्बुलअम्र
1. शास्त्रानुसार 2. विधि-विधान के अनुसार 3. आज्ञानुसार

**حسرت** (स्त्री.)हसरत
1. इच्छा, आकांक्षा 2. अधूरी इच्छा

**حسرت انگیز** (वि.)हसरत अंगेज़
इच्छा जगाने वाला, ललक पैदा करने वाला, लालसा जगाने वाला

**حسرت دید** (स्त्री.)हसरते-दीद
दे. حسرت دیدار

**حسرت دیدار** (स्त्री.)हसरते-दीदार
दर्शन की इच्छा, देखने की अभिलाषा, दर्शनाभिलाषा

**حسرت زا** (वि.)हसरतज़ा
निराशा पैदा करने वाला, दुख बढ़ाने वाला

**حسرت زدہ** (वि.)हसरत ज़दा
निराशाग्रस्त, नाउम्मीदी का मारा हुआ, अवसादग्रस्त, अवसादमय

**حسرت کدہ** (पु.)हसरत कदा
शोक स्थल

**حسرت مند** (वि.)हसरतमंद
अभिलाषी, इच्छुक, ख़्वाहिशमंद

**حسرت ناک** (वि.)हसरतनाक
निराशापूर्ण, दुखपूर्ण

**حسن** (वि.)हसन
1. रूपवान्, मनोरम 2. नेक, सत्यनिष्ठ

**حسن** (पु.)हुस्न
सौंदर्य, शोभा, सुंदरता, रूप

**حسن اخلاق** (पु.)हुस्ने-अख़्लाक़
सुशीलता, शालीनता, आचार-व्यवहार में सद्वृत्ति

**حسن ادا** (पु.)हुस्ने-अदा
बात कहने का अच्छा ढंग, लिखने की अच्छी शैली, मोहन शैली, सुंदर अभिव्यक्ति

**حسن افزا** (वि.)हुस्न अफ़ज़ा
1. शोभा बढ़ाने वाला 2. सुंदरता बढ़ाने वाला

**حسن انتظام** (पु.)हुस्ने-इंतिज़ाम
1. सुप्रबंध, सुव्यवस्था 2. कार्य विशेष के प्रबन्ध की सुंदरता

**حسن پرست** (वि.)हुस्न परस्त
सौंदर्य उपासक, सौंदर्य-प्रेमी

**حسن تعلیل** (पु.)हुस्ने-त़ालील
1. एक अर्थालंकार 2. कविता में किसी बात का ऐसा कारण बताना जो वास्तव में कारण नहीं होता

**حسن خطاب** (पु.)हुस्ने-ख़िताब
वाक्पटुता, रोचक सम्बोधन शैली

**حسن طلب** (पु.)हुस्ने-तलब
1. माँगने का अच्छा ढंग, याचना कला 2. क़सीदे का एक हिस्सा

**حسن ظن** (पु.)हुस्ने-ज़न
सुधारणा, अच्छी भावना, सुरूपता

**حسن قبول** (पु.)हुस्ने-क़बूल
किसी मिली हुई वस्तु का भली भाँति स्वीकार किया जाना

**حسن مطلع** (पु.)हुस्ने-मतला
ग़ज़ल में पहले शे़र (मतला) के बाद वाला शे़र जिसके दोनों मिस्रों में क़ाफ़िया रदीफ़ होते हैं

**حسن مطلق** (पु.)हुस्ने-मुत्लक़
1. अखण्ड सौंदर्य, ईश्वरीय सौंदर्य 2. ईश्वर

**حسن و جمال** (पु.)हुस्नो-जमाल
रूप और सौंदर्य

**حسن و عشق** (पु.)हुस्नो-इश्क़
1. प्रेम और सौंदर्य 2. प्रेमी-प्रेमिका

**حسن یوسف** (पु.)हुस्ने-यूसुफ़
पैग़म्बर हज़रत यूसुफ़ का सौंदर्य जो सांसारिक रूपों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है

**حسنا** (स्त्री.)हुस्ना
रूपवती, लावण्यप्रभा, सुंदरी, हसीन औरत

**حسنہ** (स्त्री.)हसना
1. उपकार, भलाई 2. सुंदर वस्तु

**حسود** (पु.)हुसूद
'حاسد' का बहु., ईर्ष्यालु व्यक्ति, डाही लोग.

**حسی** (वि.)हिस्सी
(मनो.) इंद्रिय-संबंधी

**حسیات** (स्त्री.)हिस्सीयात
(मनो.) इंद्रियजन्य अनुभव

**حسیب** (वि.)हसीब
1. लेखाकार 2. हिसाब करने वाला 3. पूज्य, मान्य

**حسیت** (स्त्री.)हिस्सियत
(मनो.) 1. सुग्राहिता, सूक्ष्मग्राहिता 2. संवेदनशीलता

**حسین** (वि.)हसीन
सुंदर, रूपवान

**حسینہ** (स्त्री.)हसीना
रमणी, सुंदरी, रूपवती

حشر (पु.)हश्र
महाप्रलय

حشرانگیز (वि.)हश्रअंगेज़
क़ियामत उठाने वाला, हलचल और हंगामा मचा देने वाला, उपद्रवकारी प्रलयंकर

حشرات الارض (पु.)हशरातुल अर्ज़
(प्राणि.) थलचर, ज़मीन पर रेंगने वाले कीड़े-मकोड़े

حشرہ (पु.)हशरा
(प्राणि.) रेंगने वाला कीड़ा

حشرہ خور (वि.)हशरा ख़ोर
(प्राणि.) कीटहारी, कीटाशी

حشریات (स्त्री.)हशरियात
(प्राणि.) कीटविज्ञान

حشم وخدم (पु.)हशमो-ख़दम
नौकर-चाकर, लाव लश्कर

حشمت (स्त्री.)हश्मत
1. प्रताप, श्रेष्ठता, वैभव 2. ठाठ-बाट

حشو (पु.)हश्व
अंदर भरी जाने वाली चीज़

حشیش (स्त्री.)हशीश
1. भांग 2. सूखी घास

حصار (पु.)हिसार
1. परिधि, घेरा, फ़सील 2. दुर्ग, गढ़, क़िला

حصاربندی (स्त्री.)हिसारबंदी
1. घेराबंदी, क़िला में बंद होकर बैठ जाना 2. कुंडली में बैठना

حصص (पु.)हिसस
1. (वाणि.) शेयर 2. अंश, भाग

حصص بازار (पु.)हिसस बाज़ार
(वाणि.) शेयर बाज़ार, स्टाक बाज़ार

حصول (पु.)हुसूल
1. प्राप्ति, लब्धि 2. आय 3. निष्कर्ष 4. (समा.) अभिग्रहण, अर्जन

حصول پسند (पु.)हुसूल पसंद
(समा.) अर्जनशील

حصول تعلیم (पु.)हुसूले-तालीम
विद्योपार्जन, शिक्षा लाभ, ज्ञान प्राप्ति

حصول شفا (पु.)हुसूले-शिफ़ा
रोग मुक्ति, स्वास्थ्यप्राप्ति

حصول علم (पु.)हुसूले-इल्म
विद्योपार्जन, विद्यालाभ, ज्ञान प्राप्ति

حصول مدعا (पु.)हुसूले-मुद्दआ
दे. 'حصول مطلب'

حصول مراد (पु.)हुसूले-मुराद
आशय और मनोकामना में सफलता, मनोवांछित वस्तु की प्राप्ति

حصول مطلب (पु.)हुसूले-मतलब
अर्थ सिद्धि, मतलब की प्राप्ति

حصول معراج (पु.)हुसूले-मेराज
उन्नति की पराकाष्ठा

حصولی لاگت (स्त्री.)हुसूली लागत
(अर्थ.) अर्जन लागत

حصہ (पु.)हिस्सा
भाग, खंड, अंश

حصہ بخرہ (पु.)हिस्सा बख़रा
बंदरबाँट, टुकड़े-टुकड़े करके बाँटना

حصہ دار (वि.)हिस्सेदार
1. अंशी 2. साझी, साझीदार

حصہ داری (स्त्री.)हिस्सेदारी
साझा, साझेदारी

حصۂ مساوی (पु.)हिस्सए-मुसावी
बराबर का भाग, समानांश, समांश

حصیر (स्त्री.)हसीर
चटाई, साथरी, खजूर की चटाई

حصین (वि.)हसीन
सुदृढ़, सुस्थिर, अविचल

حضار (पु.)हुज़्ज़ार
'حاضر' का बहु., उपस्थित जन, हाज़िरीन

حضر (पु.)हज़र
उपस्थिति, मौजूदगी

حضرات (पु.)हज़रात
'حضرت' का बहु.

حضرت (पु.)हज़रत
एक आदर सूचक शब्द, पूज्य व्यक्ति, श्रीमान

حضور (पु.)हुज़ूर
उपस्थिति, साक्षात, श्रीमान

حضور والا (पु.)हुज़ूरे-वाला
संमान सूचक संबोधन शब्द श्रीमान

حضوری (स्त्री.)हुज़ूरी
उपस्थिति, हाज़िरी

حظ (पु.)हज़
आनंद, हर्ष, प्रसन्नता, खुशी

حفاظ (पु.)हुफ़्फ़ाज़
'حافظ' का बहु., वे लोग जिन्हें क़ुरआन शरीफ़ कंठस्थ हो

حفاظت (स्त्री.)हिफ़ाज़त
रक्षा, सावधानी, देख-रेख

حفاظت خود (स्त्री.)हिफ़ाज़ते-खुद
आत्म-रक्षा, स्वरक्षा

حفاظتی (वि.)हिफ़ाज़ती
सुरक्षार्थ, रक्षा हेतु

حفظ (पु.)हिफ़्ज़
1. कंठस्थ, मुखाग्र 2. सुरक्षा

حفظ ماتقدم (पु.)हिफ़्ज़े-मातक़द्दुम
पूर्वोपाय, अनिष्ट से बचने के लिए पहले से किया जाने वाला उपाय

حفظ مراتب (पु.)हिफ़्ज़े-मरातिब
हैसियत तथा पद का लिहाज़, पदानुसार व्यवहार

حفظان (पु.)हिफ़्ज़ान
रक्षा, संरक्षण, हिफ़ाज़त

حفیظ (वि.)हफ़ीज़
संरक्षक, रखवाला, निगहबान

حق (पु.)हक़
1. संबंध रखने वाली वस्तु, संबंधित 2. (ग.) संगत

**متعلم** (पु.)मुतअल्लिम
विद्यार्थी, छात्र

**متعلمہ** (स्त्री.)मुतअल्लिमा
पाठिका, छात्रा

**متعہد** (वि.)मुतअह्हिद
वचनबद्ध, परिचारक, उत्तरदायी

**متعین** (वि.)मुतअय्यन
1. निश्चित 2. नियुक्त

**متعینہ** (वि.)मुतअय्यना
1. निश्चित 2. नियुक्त

**متعینہ ترتیب** (स्त्री.)मुतअय्यना तर्तीब
(ग.) सारणिक

**متعینہ مقدار** (स्त्री.)मुतअय्यना मिक़्दार
(ग.) प्राचल

**متغائر** (वि.)मुतग़ाइर
1. पृथक्, अलग, जुदा 2. एक-दूसरे के विरुद्ध

**متغیر** (वि.)मुतग़य्यिर
1. परिवर्तित, बदला हुआ 2. विकृत, बिगड़ा हुआ

**متفرق** (वि.)मुतफ़र्रिक़
विविध, विभिन्न

**متفرقات** (पु.)मुतफ़र्रिक़ात
متفرق का बहु., विभिन्न वस्तुएँ

**متفق** (वि.)मुत्तफ़िक़
सहमत

**متفق الرائے** (वि.)मुत्तफ़िक़ुर्राय
एक राय पर सहमत होना

**متفق علیہ** (वि.)मुत्तफ़िक़ अलैह
सर्वमान्य, सर्वस

متفکر (वि.)मुतफ़क्किर
चिंतित, चिंताकुल

متفنی (वि.)मुतफ़न्नी
वंचक, धूर्त

متقابل (वि.)मुतक़ाबिल
1. प्रत्यक्ष, साक्षात्, सम्मुख 2. (ग.) विलोम, आमने-सामने

متقابلین (वि.)मुतक़ाबिलीन
(भू.) प्रतिध्रुव

متقارب (वि.)मुतक़ारिब
सम्मुख, समीप, निकट

متقاضی (वि.)मुतक़ाज़ी
तक़ाज़ा करने वाला, इच्छुक, माँगकर्ता

متقدم (वि.)मुतक़द्दिम
श्रेष्ठ, पहले आने वाला, पहले वाला

متقدمین (पु.)मुतक़द्दिमीन
पुराने लोग

متقی (वि.)मुत्तक़ी
संयमी, इंद्रियनिग्रही, धर्मांध, धार्मिक व्यक्ति

متکبر (वि.)मुतकब्बिर
अहंकारी, घमंडी

متکلم (वि.)मुतकल्लिम
1. वक्ता, वाचक 2. (भा.) प्रथम पुरुष

متلاشی (वि.)मुतलाशी
तलाश करने वाला, ढूँढने वाला

متلاطم (वि.)मुतलातिम
तरंगित, तरंगयुक्त, थपेड़े मारने वाला, तुफ़ानी

متلون (वि.)मुतलव्विन
चंचलचित, रह रहकर रंग बदलने वाला

متمتع (वि.)मुतमत्ते
लाभांवित, लाभ पाने वाला, लाभ उठाने वाला

متمدن (वि.)मुतमद्दिन
सभ्य, सुसंस्कृत

متمکن (वि.)मुतमक्किन
ठहरा हुआ, स्थिर

متمنی (वि.)मुतमन्नी
इच्छुक, उत्सुक, आकांक्षी

متمول (वि.)मुतमव्विल
धनवान, धनाढ्य, मालदार

متمیز (वि.)मुतमय्यिज़
पृथक होने वाला, पहचाना जाने वाला

متن (पु.)मत्न
1. मूलपाठ 2. मूल लेख 3. मध्य

متنازع (वि.)मुतनाज़े
विवादित

متنازع فیہ (वि.)मुतनाज़े फ़ीह
विवादित, विवादग्रस्त

متنازعہ (वि.)मुतनाज़ेआ
विवादास्पद

متناسب (वि.) मुतनासिब
1. (ग.) सममित समघात 2. (भौ.) समानुपातिक, आनुपातिक

متناسب شرح (स्त्री.)मुतनासिब शरह
(वाणि.) समानुपातिक दर

متناقض (वि.)मुतनाक़िज़
विपरीत, विलोम, उल्टा

متناہی (वि.)मुतनाही
अंत को पहुँचा हुआ

متنبہ (वि.)मुतनब्बेह
सावधान, सचेत, सतर्क, चौकन्ना

متنفر (वि.)मुतनफ़्फ़िर
विमुख, विचलित, उकताया हुआ, ऊबा हुआ

متنفس (वि.)मुतनफ़्फ़िस
1. प्राणी 2. मनुष्य

متنوع (वि.)मुतनव्वो
विविध, रंगारंग, नानाविधि

متواتر (क्रि.वि.)मुतवातिर
निरंतर, लगातार

متوازن (वि.)मुतवाज़िन
संतुलित

متوازی (वि.)मुतवाज़ी
1. समानांतर 2. (भौ.) समांतर

متوازی الاضلاع (पु.)मुतवाज़ीउल-अज़्ला
समानांतर चतुर्भुज

متوازیت (स्त्री.)मुतवाज़ियत
(भौ.) 1. संधारण, समांतरण, समांतरता 2. अनुरूपता

متواضع (वि.)मुतवाज़े
1. आवभगत और ख़ातिरदारी करने वाला 2. विनम्र, विनीत, शालीन

متوالی (वि.)मुतवाली
1. आवर्ती 2. लगातार, निरंतर

متوجہ (वि.)मुतवज्जेह
आकर्षित, ध्यान आकृष्ट

متورم (वि.)मुतवर्रिम
शोथित, सूजा हुआ

متوسط (वि.)मुतवस्सित
मध्यम

( वि. )मुतवत्तिन متوطن
निवासी

( वि. )मुतवफ़्फ़ी متوفی
मृत, दिवंगत, स्वर्गीय

( वि. )मुतवक़्क़े متوقع
आशांवित, आशा रखने वाला

( स्त्री. )मुतवक़्क़े आमदनी متوقع آمدنی
( प्रशा. ) प्रत्याशित आय

( स्त्री. )मुतवक़्क़े-ख़िलाफ़वर्ज़ी متوقع خلاف ورزی
( प्रशा. ) प्रत्याशित भंग

( पु. )मुतवक़्क़े मसारिफ़ متوقع مصارف
( प्रशा. ) प्रत्याशित व्यय

( वि. )मुतवक़्क़िफ़ متوقف
ठहरने वाला, देर लगाने वाला

( वि. )मुतवक्किल متوکل
ख़ुदा पर भरोसा रखने वाला

( वि. )मुतवल्लिद متولد
जनित, उत्पन्न

( वि. )मुतवल्ली متولی
अधिष्ठाता, प्रबंधक, किसी धर्मार्थ संपत्ति की देख रेख करने वाला, मस्जिद का प्रबंधक

( वि. )मतीन متین
गंभीर, धीर, सुसभ्य, सुसंस्कृत

( स्त्री. )मिसाल مثال
1. उदाहरण 2. आदर्श, नमूना

( वि. )मिसाली مثالی
आदर्शस्वरूप

( स्त्री. )मिसालियत مثالیت
( दर्श. ) प्रत्ययवाद, आदर्शवाद

( पु. )मसाना مثانہ
मूत्राशय

( वि. )मुस्बत مثبت
( भौ. ) 1. घनात्मक, घन 2. सकारात्मक

( स्त्री. )मसल مثل
लोकोक्ति, कहावत

( वि. )मिस्ल مثل
जैसा, समान

( क्रि.वि. )मसलन مثلاً
उदाहरणार्थ

( पु. )मुसल्लस مثلث
तिकोन, त्रिभुज

( स्त्री. )मुसल्लसी इकाई مثلثی اکائی
( ग. ) त्रिकोणमितीय सर्वसमिका

( पु. )मुसल्लसी ज़ाबिते مثلثی ضابطے
( ग. ) त्रिकोणमितीय सर्वसमिका

( वि. )मुसम्मन مثمن
अष्टकोण

( स्त्री. )मस्नवी مثنوی
उर्दू पद्य की एक विधा जिसमें सामान्यतः कोई कहानी या उपदेश हो और जिसके हर शेर के दोनों मिस्रों में क़ाफ़िए की पाबंदी होती है तथा हर शेर का क़ाफ़िया भिन्न होता हो

( पु. )मुसन्ना مثنیٰ
प्रतिमूर्ति

( पु. )मुजादला مجادلہ
झगड़ा, लड़ाई

( वि. )मजाज़ مجاز
1. अवास्तविक वस्तु 2. ( प्रशा. ) प्राधिकृत

( क्रि.वि. )मजाज़न مجازاً
लक्षितार्थ, लाक्षणिक

( वि. )मजाज़ी مجازی
1. भौतिक 2. लाक्षणिक अर्थ

( स्त्री. )मजाल مجال
शक्ति, सामर्थ्य, बस, क़ाबू, हौसला

( स्त्री. )मजालिस مجالس
"مجلس" का बहु.

( स्त्री. )मुजामअत مجامعت
सहवास, संभोग

( वि. )मुजाविर مجاور
किसी दरगाह का सेवक

( पु. )मुजाहिद مجاہد
1. सेनानी 2. धर्मयोद्धा

( पु. )मुजाहिदा مجاہدہ
1. कोशिश,प्रयत्न,चेष्टा 2. तपस्या 3. सेनानी

( पु. )मुजाहिदीन مجاہدین
"مجاہد" का बहु.

( वि. )मज्बूर مجبور
विवश, लाचार

( क्रि.वि. )मज्बूरन مجبوراً
विवशतापूर्वक

( वि. )मज्बूरी مجبوری
विवशता, लाचारी, निःसहायता, बेकसी

( वि. )मुज्तबा مجتبیٰ
सम्मानित, प्रतिष्ठित, बुज़ुर्ग

( वि. )मुज्तमा مجتمع
1. एकत्र, इकट्ठा, एक जगह, एकत्रित
2. ( ग. ) गुच्छित

مجتہد (पु.)मुज्तहिद
1. प्रयास करने वाला 2. समयानुसार धार्मिक सिद्धांत में संशोधन करने वाला 3. शीया संप्रदाय का सर्वोच्च धर्मगुरु

مجدد (वि.)मुजद्दिद
सुधारक

مجذوب (पु.)मज्ज़ूब
1. मलंग, ब्रह्मलीन, खुदा की इबादत में लीन 2. पागल, दीवाना

مجرب (वि.)मुजर्रब
अनुभूत, परीक्षित

مجرد (वि.)मुजर्रद
1. एकल, अविवाहित, ब्रह्मचारी 2. (भौ.) विविक्त 3. (ग., दर्श.) अमूर्त

مجرد تصور (पु.)मुजर्रद तसव्वुर
(मनो.) अमूर्त संप्रत्यय, अमूर्त संकल्पना

مجرد علامت (स्त्री.)मुजर्रद अलामत
(दर्श.) अमूर्त प्रतीक

مجرم (पु.)मुजरिम
अपराधी

مجرمانہ (क्रि.वि.)मुजरिमाना
अपराधपूर्ण

مجروح (वि.)मजरूह
आहत, घायल

مجسم (वि.)मुजस्सम
साकार, मूर्तिमान, साक्षात्

مجسمہ (पु.)मुजस्समा
प्रतिमा, मूर्ति

مجسمہ ساز (पु.)मुजस्समा साज़
मूर्तिकार

مجسمہ سازی (स्त्री.)मुजस्समा साज़ी
मूर्तिकला, मूर्तिनिर्माण

مجلد (वि.)मुजल्लद
सजिल्द

مجلس (स्त्री.)मज्लिस
1. सभा, परिषद 2. कर्बला के शहीदों की शोक सभा

مجلس شوریٰ (स्त्री.)मज्लिसे-शूरा
सलाहकार-समिति

مجلس عاملہ (स्त्री.)मज्लिसे-आमिला
1. कार्यकारिणी समिति 2. (वाणि.) कार्य कारिणी

مجلس قانون ساز (स्त्री.)मज्लिसे-क़ानून साज़
1. (राज.) विधान सभा 2. (ना.) विधि निर्माण समिति

مجلسی (वि.)मजलिसी
जो मजलिस में सम्मिलित हो, गोष्ठीबाज़, मजलिस से संबंधित

مجلہ (पु.)मुजल्ला
पत्रिका, स्मारिका

مجلی (वि.)मुजल्ला
प्रकाशमान, दीप्त, ज्योतिर्मय

مجمع (पु.)मजमा
भीड़, सभा

مجمع الجزائر (पु.)मज्मउल जज़ाइर
(भू.) द्वीप-समूह

مجموعہ (पु.)मजमूआ
1. समाहार, पुंज 2. संग्रह

مجموعی (वि.)मज्मूई
सामूहिक, कुल

مجموعی خسارہ (पु.)मजमूई ख़सारा
(अर्थ.) समग्र घाटा

مجنوں (वि.)मजनूँ
पागल, दीवाना

مجوزہ (वि.)मुजव्वज़ा
प्रस्तावित

مجہول (वि.)मजहूल
1. अज्ञात, नमालूम 2. निष्क्रिय, लुजलुजा, ढीला-ढाला, शिथिल

مجیب (वि.)मुजीब
1. उत्तरदाता, जवाब देने वाला 2. स्वीकार करने वाला

مجید (वि.)मजीद
पूज्य, मान्य, प्रतिष्ठित

مچلکا (पु.)मुचल्का
वह प्रतिज्ञापत्र जो अपराधी की ओर से इस बात के लिए हो कि यदि वह फिर अपराध करेगा तो इतने रुपये देगा, इक़रारनामा

محابا (पु.)मुहाबा
1. लिहाज़, मुरव्वत, पासदारी 2. डर, भय, त्रास 3. संकोच 4. चिंता, फ़िक्र

محاذ (पु.)महाज़
मुक़ाबले या लड़ाई का स्थान

محاذ جنگ (पु.)महाज़े-जंग
युद्ध-क्षेत्र, रणभूमि, रणस्थल, जंग का मैदान

محاذی (वि.)महाज़ी
सम्मुख, सामने, बराबर

محاربہ (पु.)मुहारबा
परस्पर युद्ध, युद्ध, संग्राम, लड़ाई

**محاسب** (पु.)मुहासिब
1. लेखापाल, लेखपरीक्षक 2. पूछ-गछ करने वाला

**محاسبہ** (पु.)मुहासबा
1. हिसाब-किताब 2. पूछ-गछ, पूछ-ताछ

**محاسن** (पु.)महासिन
'حسن' का बहु., ख़ूबियाँ, गुण

**محاصرہ** (पु.)मुहासरा
घिराव, घेराबंदी

**محاصل** (पु.)महासिल
1. आय, आमदनी 2. राजस्व, मालगुज़ारी, भूमिकर, लगान

**محافظ** (पु.)मुहाफ़िज़
संरक्षक

**محافظ خانہ** (पु.)मुहाफ़िज़ख़ाना
अभिलेखागार, पुरालेख संग्रहलय, पुरालेख भवन

**محافظت** (स्त्री.)मुहाफ़िज़त
रक्षा

**محافظین** (पु.)मुहाफ़िज़ीन
'محافظ' का बहु.

**محاکات** (स्त्री.)महाकात
कथोपकथन, किसी वस्तु या हालत की नक़ल करना

**محاکمہ** (पु.)मुहाकमा
समीक्षा

**محال** (वि.)मुहाल
1. असंभव 2. कठिन, दुष्कर

**محاورات** (पु.)मुहावरात
'محاورہ' का बहु.

**محاورہ** (पु.)मुहावरा
शब्दों का वह समूह जो अपना शाब्दिक अर्थ न देकर कोई और अर्थ देता है, रूढ़ वाक्यांश, मुहावरा

**محب** (पु.)मुहिब्ब
मित्र, प्रेमी

**محب وطن** (पु.)मुहिब्बे-वतन
देशभक्त

**محبت** (स्त्री.)मुहब्बत/महब्बत
प्रेम, स्नेह, कृपा, प्यार

**محبس** (पु.)महबस
कारागार, कैदख़ाना, जेल

**محبوب** (पु.)महबूब
प्रेमपात्र, प्रिय, प्रेमिका, प्रेमी

**محبوبہ** (स्त्री.)महबूबा
प्रेयसी, प्रेमिका

**محبوبی** (वि.)महबूबी
प्रेम, प्यारापन

**محبوس** (वि.)महबूस
कारावासी, बंदी

**محتاج** (वि.)मोहताज
1. जरूरतमंद 2. अपाहिज, विकलांग

**محتاط** (वि.)मोहतात
सावधान

**محترم** (वि.)मुहतरम
1. प्रतिष्ठावान 2. महोदय, श्रीमान्

**محترمہ** (स्त्री.)मुहतरमा
श्रीमती, महोदया, देवीजी, मान्या, वरिष्ठा

**محتسب** (वि.)मुहतसिब
1. हिसाब लेने वाला, पूछ-ताछ करने वाला 2. अधिकारी जो लोगों को शराब पीने से रोके

**محتشم** (वि.)मुहतशिम
नौकर-चाकर वाला, शानो-शौकत वाला

**محجوب** (वि.)महजूब
1. छिपा हुआ 2. लुप्त

**محدب** (वि.)मुहद्दब
उत्तल

**محدب سیٹ** (पु.)मुहद्दब सैट
(ग.) अवमुख समुच्चय

**محدث** (पु.)मुहद्दिस
हदीस का विद्वान, हदीसवेत्ता

**محدود** (वि.)महदूद
सीमित

**محذوف** (वि.)महज़ूफ़
वह अक्षर जो लुप्त हो, वह शब्द जो लुप्त हो, वह अक्षर जो अनुच्चारित हो

**محراب** (स्त्री.)मेहराब
डाट

**محرر** (पु.)मुहर्रिर
लिपिक

**محررہ** (वि.)मुहर्रिरा
लिखित

**محرک** (वि.)मुहर्रिक
प्रेरक, उत्तेजक

**محرم** (वि.)महरम
1. राज़दार मित्र, परिचित 2. वह व्यक्ति जिसके साथ मुस्लिम कन्या का विवाह जाइज़ न हो

**محرم** (वि.)मुहर्रम
पहला इस्लामी महीना

**محرم راز** (पु.)महरमे-राज़
भेद जानने वाला, रहस्य जानने वाला, मर्मज्ञ

محروسہ (वि.)महरूसा
अधीन वस्तु, वह वस्तु या देश आदि जो किसी की निगरानी या नियंत्रण में हो

محروم (वि.)महरूम
वंचित

محرومی (स्त्री.)महरूमी
वंचित रहना, निराशा

محرومیت (स्त्री.)महरूमियत
दे. 'محرومی'

محزونی (स्त्री.)महज़ूनी
शोक, ग़म, दुःख, तक्लीफ़

محزوں (वि.)महज़ूँ
शोकान्वित

محسن (वि.)मुहसिन
उपकारी, कृपालु

محسن کش (वि.)मुहसिनकुश
कृतघ्न, नाशुक्रा, वह आदमी जो अपने मुहसिन के साथ बुराई करे

محسنہ (स्त्री.)मुहसिना
उपकार करने वाली स्त्री

محسوس (वि.)महसूस
अनुभूति, अनुभव

محشر (पु.)महशर
महाप्रलय, क़यामत

محصور (वि.)महसूर
घिरा हुआ

محصول (पु.)महसूल
शुल्क, कर

محض (वि.)महज़
केवल, मात्र

محضر (पु.)महज़र
ज्ञापन

محضرنامہ (पु.)महज़र नामा
ज्ञापन पत्र

محظوظ (वि.)महज़ूज़
हर्षित, आनंदित, प्रसन्न, खुश

محفل (स्त्री.)महफ़िल
सभा, गोष्ठी

محفوظ (वि.)महफ़ूज़
सुरक्षित

محقق (पु.)मुहक्क़िक़
शोधकर्ता, गवेषक

محقق (वि.)मुहक़्क़क़
प्रमाणित, गवेषित, जाँचा हुआ

محک (स्त्री.)महक
कसौटी

محکم (वि.)मुहकम
दृढ़, मज़बूत

محکمہ (पु.)महकमा
विभाग

محکمہ جات (पु.)महकमाजात
'محکمہ' का बहु.

محکمہ جاتی تحقیقات (स्त्री.)महकमाजाती तहक़ीक़ात
(राज.) विभागीय जाँच

محکمۂ آب پاشی (पु.)महकमए-आबपाशी
(ना.) सिंचाई- विभाग

محکمۂ آب کاری (पु.)महकमए-आबकारी
(ना.) मादक विभाग, मद्य विभाग

محکمۂ آبادکاری (पु.)महकमए-आबादकारी
(ना.) पुनर्वास-विभाग

محکمۂ تعلیم (पु.)महकमए-तालीम
(प्रशा.) शिक्षा विभाग

محکمۂ تعمیر (पु.)महकमए-तामीर
(प्रशा.) निर्माण विभाग

محکمۂ توسیع تعلیم (पु.)महकमए-तौसीए-तालीम
(प्रशा.) शिक्षा प्रसार विभाग

محکمۂ دفاع (पु.)महकमए-दिफ़ा
(प्रशा.) रक्षा विभाग

محکمۂ زراعت (पु.)महकमए-ज़िराअत
(ना.) कृषि विभाग

محکمۂ صنعت وحرفت (पु.)महकमए-सनअतो-हिर्फ़त
(अर्थ.) उद्योग शिल्प विभाग

محکمۂ مال (पु.)महकमए-माल
(प्रशा.) राजस्व विभाग, अर्थ विभाग

محکمۂ محنت (पु.)महकमए-मेहनत
(प्रशा.) श्रम विभाग

محکمۂ نشرواشاعت (पु.)महकमए-नश्रो-इशाअत
(ज.) प्रचार-प्रसार विभाग

محکوم (वि.)महकूम
पराधीन

محل (पु.)महल
1. भवन, प्रासाद 2. स्थान 3. अवसर

محلات (पु.)महल्लात
'محل' का बहु.

محلل (वि.)मुहल्लिल
घुलाने वाला

محلول (वि.)महलूल
घुला हुआ, विलीन

محلہ (पु.)महल्ला
टोला

(स्त्री.)मुख़्बिरी مخبری
जासूसी, गुप्तचर्या

(वि.)मुख़्तार مختار
1. स्वामी, मालिक 2. वकील

(पु.)मुख़्तार नामा مختارنامہ
(वाणि.) प्राधिकार प्रमाण पत्र

(वि.)मुख़्तस مختص
ख़ास, विशेष

(वि.)मुख़्तसर مختصر
1. संक्षिप्त, सार रूप, ख़ुलासा 2. न्यून, थोड़ा

(वि.)मुख़्फ़ी مخفی
गुप्त, छिपा हुआ

(वि.)मुख़्तल مختل
अस्त-व्यस्त, गड़बड़

(वि.)मुख़्तलुल-हवास مختل الحواس
विक्षिप्त, पागल

(वि.)मुख़्तलित مختلط
1. मिला-जुला 2. (ना.) अतिव्यापन

(वि.)मुख़्तलिफ़ مختلف
विभिन्न, अन्य

(वि.)मख़्दूश مخدوش
शंकाजनक, असुरक्षित, भयपूर्ण

(वि.)मख़्दूम مخدوم
1. स्वामी 2. मान्य, पूज्य

(स्त्री.)मख़्दूमा مخدومہ
स्वामिनी, श्रीमती, महोदया, देवी

(वा.)मख़्दूमी مخدومی
(संबोधन में) हे स्वामी, (शब्दार्थ) मेरे स्वामी

(वि.)मुख़रब مخرب
ध्वस्त, नष्ट, बर्बाद, बिगड़ा हुआ

(वि.)मुख़र्रिब مخرّب
ख़राब करने वाला, बर्बाद करने वाला

(वि.)मुख़र्रिब अख़लाक़ مخرّب اخلاق
आचरण को ख़राब करने वाला

(पु.)मख़्रज مخرج
उद्गम, अक्षर के उच्चारण का स्थान

(वि.)मख़्रूत مخروط
(भौ.) शंकु

(वि.)मख़्रूत नुमा مخروط نما
(प्राणि.) शंकुभ

(पु.)मख़्रूता مخروطہ
शंकु

(वि.)मख़्रूती مخروطی
(भौ.) शांकवीय

(वि.)मुहम्मद محمد
1. स्तुत, प्रशंसित 2. (पु.) इस्लाम के अन्तिम पैग़म्बर का नाम

(पु.)महमिल محمل
ऊँट का हौदा, कजावा

(वि.)महमूद محمود
1. प्रशंसित 2. श्रेष्ठ, उत्तम 3. शुभ, इष्ट, मुबारक

(वि.)महमूल محمول
कल्पित

(स्त्री.)मिहन محن
'محنت' का बहु.

(स्त्री.)मेहनत محنت
1. परिश्रम, श्रम 2. तकलीफ़

(पु.)मेहनत कश محنت کش
श्रमिक

(पु.)मेहनताना محنتانہ
पारिश्रमिक, श्रम के बदले में दी जाने वाली राशि

(वि.)महव محو
1. मिटा हुआ 2. तल्लीन, लीन मग्न, तन्मय

(पु.)महवर محور
1. (भौ.,ग.) धुरा, धुरी 2. अक्ष

(स्त्री.)महवियत محویت
तल्लीनता, तन्मयता

(वि.)मुहीत محیط
1. आच्छादित, छाया हुआ 2. व्यापक, फैला हुआ 3. (ग.) परिधिक

(पु.)मख़ारिज مخارج
'مخرج' का बहु., 1. शब्द उच्चारण के स्थान 2. निकलने की जगह

(स्त्री.)मुख़ासमत مخاصمت
शत्रुता, द्वेष

(वि.)मुख़ातिब مخاطِب
संबोधक

(वि.)मुख़ातब مخاطَب
संबोधित

(वि.)मुख़ालिफ़ مخالف
विरोधी, प्रतिकूल

(पु.)मुख़ालिफ़ इंदराज مخالف اندراج
(प्रशा.) विरुद्ध प्रविष्टि

(स्त्री.)मुख़ालफ़त مخالفت
विरोध, शत्रुता

(पु.)मुख़्बिर مخبر
जासूस, गुप्तचर

مخزن (पु.)मख़्ज़न
भंडार, कोषागार

مخصوص (वि.)मख़्सूस
विशेष, प्रधान

مخطوطہ (पु.)मख़्तूता
प्राचीन हस्तलिखित पुस्तक

مخفف (वि.)मुख़फ़्फ़फ़
(भा.) 1. संक्षेप, संक्षिप्ति 2. संकेताक्षर 3. लघु

مخففات (पु.)मुख़फ़्फ़फ़ात
'مخفف' का बहु.

مخفی (वि.)मख़्फ़ी
गुप्त, छिपा हुआ

مخفی توانائی (स्त्री.)मख़्फ़ी तवानाई
(रसा.) गुप्त उर्जा

مخفی حرارت (स्त्री.)मख़्फ़ी हरारत
(रसा.) गुप्त ऊष्मा

مخفی عکس (पु.)मख़्फ़ी अक्स
(रसा.) गुप्त प्रतिबिंब

مخفی وقفہ (पु.)मख़्फ़ी वक़्फ़ा
(रसा.) अव्यक्त काल

مخل (पु.)मुख़िल
बाधक, हस्तक्षेपी

مخلص (वि.)मुख़्लिस
निश्छल, निस्वार्थ

مخلصانہ (क्रि.वि.)मुख़्लिसाना
निश्छलतापूर्ण, निस्वार्थ भावना से

مخلوط (वि.)मख़्लूत
मिश्रित, मिला-जुला, गडमड, अच्छी तरह मिला हुआ, भली-भाँति मिला हुआ

مخلوط آمدنی (स्त्री.)मख़्लूत आमदनी
(वाणि.) मिश्रित आय

مخلوط تعلیم (पु.)मख़्लूत ता़लीम
(शि., प्रशा.) सह-शिक्षा

مخلوط سرکار (स्त्री.)मख़्लूत सरकार
(राज.) मिली-जुली सरकार, बहुदलीय सरकार

مخلوط کرنسی (स्त्री.)मख़्लूत करंसी
(वाणि.) मिश्रित मुद्रा

مخلوط کھیتی (स्त्री.)मख़्लूत खेती
(अर्थ.) मिश्रित कृषि

مخلوط معیشت (स्त्री.)मख़्लूत मईशत
(अर्थ.) मिश्रित अर्थव्यवस्था

مخلوق (वि.)मख़्लूक़
1. पैदा किया गया 2. (स्त्री.) जनता

مخمس (पु.)मुख़म्मस
पंचकोण, पंचक, वह नज़्म जिसके हर बंद में पाँच-पाँच मिसरे हों

مخمصہ (पु.)मख़्मसा
1. बखेड़ा, झंझट, झमेला 2. चिंता, फ़िक्र 3. भय, डर

مخمل (पु.)मख़्मल
एक प्रकार का रेशमी कपड़ा जिसके एक ओर छोटे रेशमी रोएँ उभरे रहते हैं, मख़मल

مخملی (वि.)मख़्मली
मख़मल का बना हुआ, मख़मल मढ़ा हुआ, मख़मल-जैसा

مخمور (वि.)मख़्मूर
मदोन्मत्त, मस्त, मदहोश, नशे में चूर

مخنث (पु.)मुख़न्नस
हीजड़ा, नपुंसक

مخیر (वि.)मुख़ैय्यर
दानी, दान करने वाला

مخیلہ (स्त्री.)मुख़य्यला
विचार शक्ति, कल्पना शक्ति

مد (स्त्री.)मद्
1. ज्वार, मद् 2. अलिफ़ 'ا' के ऊपर लगाने वाली अ़लामत (~)

مد مقابل (पु.)मद्दे-मुक़ाबिल
1. प्रतिद्वंद्वी 2. बराबर की जोड़

مد نظر (वि.)मद्दे-नज़र
दृष्टिगत, समक्ष

مداح (वि.)मद्दाह
प्रशंसक

مداحی (स्त्री.)मद्दाही
प्रशंसा, ता़रीफ़

مداخلت (स्त्री.)मुदाख़लत
हस्तक्षेप

مدار (पु.)मदार
1. धुरी 2. निर्भरता 3. (भौ.,ग.) कक्ष 4. नेत्रख, नेत्रकोटक

مدار علیہ (पु.)मदार अ़लैह
आधार वस्तु, आधेय

مداری (वि.)मदारी
(भौ.) कक्षक, कक्षीय, ऑर्बिटल

مداری رفتار (स्त्री.)मदारी रफ़्तार
(भौ.) कक्षीय वेग

مدافعت (स्त्री.)मुदाफ़ेअ़त
1. बचाव, रक्षा 2. निवारण

مدام ( वि. )मुदाम
सतत, नित्य, बराबर, हमेशा

مداوا ( पु. )मुदावा
उपचार, चारा, उपाय

مدبّر ( वि. )मुदब्बिर
नीतिज्ञ

مدّت ( स्त्री. )मुद्दत
अवधि, समय

مدّتِ حیات ( स्त्री. )मुद्दते-हयात
जीवनकाल

مدّتِ مدید ( स्त्री. )मुद्दते-मदीद
लंबा समय, लंबा अर्सा

مدح ( स्त्री. )मद्ह
प्रशंसा, स्तुति

مدح خوانی ( स्त्री. )मद्हख़ानी
प्रशंसा करना, तारीफ़ करना

مدح گوئی ( स्त्री. )मद्हगोई
दे. 'مدح خوانی'

مدحیہ ( वि. )मद्हिया
प्रशंसनीय

مدد ( स्त्री. )मदद
सहायता

مددگار ( पु. )मददगार
सहायक

مدرّس ( पु. )मुदर्रिस
अध्यापक

مدرسہ ( पु. )मदरसा
पाठशाला, विद्यालय

مدرّسی ( स्त्री. )मुदर्रिसी
अध्यापन

مدّعا ( पु. )मुद्दआ
अर्थ, आशय, तात्पर्य, उद्देश्य

مدّعا علیہ ( पु. )मुद्दआ अलैह
प्रतिवादी

مدعو ( वि. )मद्ऊ
आमंत्रित

مدّعی ( पु. )मुद्दई
1. वादी, दावा करने वाला 2. शत्रु, दुश्मन

مدغم ( वि. )मुदग़म
समन्वित

مدفن ( पु. )मदफ़न
दफ़्न करने का स्थान, क़ब्र

مدفون ( वि. )मदफ़ून
भूमिगत, दफ़्न किया हुआ, गाड़ा हुआ

مدلّل ( वि. )मुदल्लल
युक्ति-संगत, तर्कयुक्त, तर्कपूर्ण

مدلول ( वि. )मद्लूल
1. तर्कित 2. ( भा. ) संकेतित

مدنی ( वि. )मदनी
1. नागरिक, शहरी 2. मदीने का निवासी

مدنیت ( स्त्री. )मदनियत
नागरिकता

مدوجزر ( पु. )मद्दो-जज़र
1. ज्वार-भाटा 2. उतार-चढ़ाव

مدوّن ( वि. )मुदव्वन
संकलित, संपादित

مدوّن ( पु. )मुदव्विन
संपादक

مدہوش ( वि. )मदहोश
उन्मत्त, बेसुध

مدہوشی ( स्त्री. )मदहोशी
बेसुधपन, निश्चेष्टता, उन्मत्तता, मतवालापन

مدیر ( पु. )मुदीर
संपादक

مدید ( वि. )मदीद
लंबा, दीर्घ

مدینہ ( पु. )मदीना
1. नगर, शहर 2. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहाँ पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब का रौज़ा है

مذاق ( पु. )मज़ाक़
1. परिहास, हँसी, ठिठोल, ठट्ठा, दिल्लगी, ठिठोली 2. रूचि, अभिरूचि

مذاکرات ( पु. )मुज़ाकरात
'مذاکرہ' का बहु., किसी विषय पर बातचीत, परिचर्चा

مذاکرہ ( पु. )मुज़ाकरा
गोष्ठी, परिचर्चा

مذاہب ( पु. )मज़ाहिब
'مذہب' का बहु.

مذبح ( पु. )मज़्बह
वधभूमि, वधस्थल, जब्ह किये जाने की जगह

مذبذب ( वि. )मुज़बज़ब
संकोची, दुविधा में पड़ा हुआ, डाँवाडोल

مذکّر ( वि. )मुज़क्कर
1. नर, पुरुष 2. ( भा. ) पुल्लिंग

مذکور ( वि. )मज़कूर
कथित, ज़िक्र किया गया

مذکورہ ( वि. )मज़कूरा
( प्रशा. ) 1. पूर्व कथित 2. उक्त कथित

مذکورہ بالا ( वि. )मज़कूरा बाला
उपर्युक्त

مذمت (स्त्री.)मुज़म्मत
निंदा
مذموم (वि.)मज़मूम
अश्लील, निंदनीय
مذہب (पु.)मज़हब
धर्म, मत
مذہبی (वि.)मज़हबी
धार्मिक, धर्म से संबंधित
مذہبی جنگ (स्त्री.)मज़हबी जंग
(इति.) धर्मयुद्ध
مذہبیت (स्त्री.)मज़हबीयत
धर्म में निष्ठा, धर्मित्व
مراتب (पु.)मरातिब
'مرتبہ' का बहु., पद, दर्जे, श्रेणियाँ
مراجعت (स्त्री.)मराजअत
प्रत्यागमन, वापसी, अतीत की ओर जाना
مراد (स्त्री.)मुराद
1. मनोकामना 2. (भा.) अभिप्राय, इष्टार्थ, आशय
مرادف (पु.)मुरादिफ़
समानार्थक, पर्यायवाची
مرادی (वि.)मुरादी
1. आशय के अनुसार 2. काल्पनिक
مرادی معنی (पु.)मुरादी मानी
(भा.) इष्टार्थ, गुणार्थ, संपृक्तार्थ
مراسلات (पु.)मुरासलात
'مراسلہ' का बहु., पत्र, चिट्ठियाँ
مراسلت (स्त्री.)मुरासलत
पत्राचार, पत्र-व्यवहार
مراسلہ (पु.)मुरासला
पत्र, चिट्ठी
مراسم (पु.)मरासिम
'رسم' का बहु., मेल-जोल, प्रेम-व्यवहार, संबंध
مراعات (स्त्री.)मुराआत
1. रक्षा, देख-रेख 2. मुरव्वत, रियायत, विशेष छूट
مراعات النظیر (स्त्री.)मुराआतुन्नज़ीर
एक शब्दालंकार जिसमें एक चीज़ के वर्णन में उससे संबद्ध और चीज़ों को भी लाया जाए, जैसे- धनुष के साथ बाण, निषंग अथवा प्रत्यंचा आदि का उल्लेख हो
مرافعہ (पु.)मुराफ़आ
अपील
مرافعہ گزار (पु.)मुराफ़आ गुज़ार
अपीलकर्ता
مراق (स्त्री.)मिराक़
झक, सनक, जनून, पागलपन, ख़ब्त
مراقبہ (पु.)मुराक़बा
1. समाधि 2. अवधान 3. ध्यान
مراقی (वि.)मिराक़ी
सनकी, जनूनी, ख़ब्ती, झक्की
مراکز (पु.)मराकिज़
'مرکز' का बहु., केन्द्र
مرام (पु.)मराम
इच्छा, आशा, मनोकामना, ख़्वाहिश
مربا (पु.)मुरब्बा
चीनी की चाशनी में पकाया गया फल
مربع (पु.)मुरब्बा
1. वर्ग, वर्गाकार 2. चतुर्भुज
3. (ग.) वर्ग, द्विघात
مربوط (वि.)मर्बूत
क्रमबद्ध, व्यवस्थित
مربی (पु.)मुरब्बी
1. तपस्वी 2. अभिभावक
مرتاض (वि.)मुर्ताज़
तपस्वी
مرتب (वि.)मुरत्तब
संपादित, तर्तीब दिया गया, क्रमागत
مرتب (पु.)मुरत्तिब
संपादक, संग्रहकर्ता, संकलनकर्ता
مرتبہ (पु.)मर्तबा
1. पद, दर्जा 2. प्रतिष्ठा, इज़्ज़त 3. वर्ग, श्रेणी 4. बार, दफ़ा
مرتبہ (पु.)मुरत्तबा
संकलित
مرتد (वि.)मुर्तद
विधर्मी, परधर्मी, इस्लाम धर्म से फिरा हुआ
مرتسم (वि.)मुर्तसम
अंकित
مرتضیٰ (वि.)मुर्तज़ा
1. रोचक, मनोवांछित, पसंदीदा 2. (पु.) हज़रत अली की उपाधि
مرتعش (वि.)मुर्तइश
कंपायमान
مرتفع (वि.)मुर्तफ़ा
उत्तुंग, उच्च

**مرتکب** (पु.)मुर्तकिब
1. किसी काम को करने वाला 2. अपराधी, दोषी

**مرثیہ** (पु.)मर्सिया
शोकगीत, शाइरी की विधा जो किसी की मौत पर लिखी जाए, इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत से संबंधित काव्य

**مرجان** (पु.)मर्जान
मूँगा

**مرجع** (पु.)मर्जा
ठिकाना, आश्रय

**مرحبا** (स्त्री.)मर्हबा
धन्य

**مرحلہ** (पु.)मर्हला
1. चरण 2. गंतव्य

**مرحمت** (स्त्री.)मर्हमत
दया, कृपा, अनुकंपा, अनुदान

**مرحوم** (वि.)मर्हूम
दिवंगत, स्वर्गीय

**مرد** (पु.)मर्द
1. मनुष्य, आदमी 2. पुरुष, नर 3. पति, शौहर 4. शूर, बहादुर, साहसी

**مردِ خدا** (पु.)मर्दे-खुदा
सदात्मा, पुनीतात्मा

**مردار** (वि.)मुर्दार
1. मृत पशु, मृतक समान 2. अपवित्र

**مردار خور** (वि.)मुर्दार ख़ोर
मृतभोजी

**مردانگی** (स्त्री.)मर्दांगी
मर्दानापन, साहस, पुरुषत्व

**مردانہ وار** (क्रि.वि.)मर्दानावार
मर्दों की तरह, साहसपूर्वक, बहादुराना

**مردم** (पु.)मर्दुम
मनुष्य, आँख की पुतली, कनीनिका

**مردم خور** (वि.)मर्दुम ख़ोर
नरभक्षी

**مردم خیز** (वि.)मर्दुम ख़ेज़
वह स्थान जहाँ से प्रतिभाशाली, प्रतिष्ठित और विद्वज्जन उत्पन्न होते हों

**مردم دیدہ** (पु.)मुर्दम दीदा
आँख की पुतली, कनीनिका

**مردم شماری** (स्त्री.)मर्दुम शुमारी
जनगणना

**مردم شناس** (वि.)मर्दुम शनास
पारखी, अच्छे-बुरे आदमी की परख रखनेवाला

**مردم کشی** (स्त्री.)मर्दुम कुशी
नरवध

**مردمی** (स्त्री.)मर्दुमी
पौरुष, वीरता

**مردنی** (वि.)मुर्दनी
1. मृत्यु के चिह्न जो मरते समय मनुष्य के मुख पर प्रकट होते हैं 2. मृत्यु, मरण, मौत 3. उदासी, वीरानी

**مردود** (वि.)मर्दूद
बहिष्कृत, तिरस्कृत

**مردہ** (वि.)मुर्दा
मुर्दा, मृतक

**مردہ خور** (वि.)मुर्दा ख़ोर
मृतभक्षी

**مردہ دل** (वि.)मुर्दा दिल
मृतहृदय, हतमानस, हतचित्र

**مردی** (स्त्री.)मर्दी
वीरता

**مرسل** (वि.)मुर्सल
1. भेजा हुआ 2. वह पैग़म्बर जिस पर कोई इलहामी किताब उतरी हो

**مرسِل** (वि.)मुर्सिल
प्रेषित

**مرسوم** (वि.)मर्सूम
1. विधान किया हुआ 2. चिह्नित

**مرشد** (पु.)मुर्शिद
धर्म-गुरु, पीर

**مرصع** (वि.)मुरस्सा
जड़ाऊ, अलंकृत

**مرض** (पु.)मरज़
रोग, बीमारी

**مرض الموت** (पु.)मरज़ुल-मौत
घातक रोग, मौत की बीमारी

**مرضی** (स्त्री.)मर्ज़ी
1. इच्छा 2. स्वीकृति, आज्ञा

**مرطوب** (वि.)मर्तूब
आर्द्र

**مرعوب** (वि.)मर्ऊब
भयभीत, आतंकित

**مرغ** (पु.)मुर्ग़
1. पक्षी 2. मुर्ग़ा, कुक्कुट

**مرغزار** (पु.)मर्ग़ज़ार
गोचर, हरियाली, चरागाह

**مرغِ قبلہ نما** (पु.)मुर्ग़े-क़िब्लानुमा
क़ुतुबनुमा की सुई

**مرغابی** (स्त्री.)मुर्ग़ाबी
जल-मुर्ग़ी

**مرغن** (वि.)मुरग़्ग़न
वसापूर्ण, रोग़न (चर्बी) वाला

**مرغوب** (वि.)मर्ग़ूब
रुचिकर

**مرغولی** (वि.)मर्ग़ोली
(रसा.) सर्पिल

**مرفہ** (वि.)मुरफ़्फ़ह
सम्पन्न, समृद्ध

**مرفہ حال** (वि.)मुरफ़्फ़ह हाल
धनाद्य, मालदार, धनी, सम्पन्न

**مرقد** (पु.)मर्क़द
क़ब्र, समाधि

**مرقع** (पु.)मुरक़्क़ा
1. चित्र, तस्वीर 2. तस्वीरों का अल्बम, चित्रावली

**مرقوم** (वि.)मर्क़ूम
लिखित

**مرکب** (वि.)मुरक्कब
1. योग, मिश्रित 2. समास

**مرکب توصیفی** (पु.)मुरक्कबे-तौसीफ़ी
(भा.) कर्मधारय समास

**مرکب عدد** (पु.)मुरक्कब अ़दद
(ग.) सम्मिश्र संख्या

**مرکب فعل** (पु.)मुरक्कब-फ़ेल
(भा.) संयुक्त क्रिया

**مرکب لفظ** (पु.)मुरक्कब लफ़्ज़
(भा.) समस्त पद, समास, समस्त शब्द

**مرکب مسند** (पु.)मुरक्कब मुस्नद
(भा.) समस्त विधेय

**مرکز** (पु.)मर्कज़
केन्द्र, परिधि

**مرکزِ تعلیم بالغان** (पु.)मर्कज़े-तालीमे-बालिग़ान
(शि.,प्रशा.) प्रौढ़ शिक्षा केंद्र

**مرکز زائیدہ** (पु.)मर्कज़ ज़ाईदा
(प्राणि.) केंद्रजात

**مرکز گریز** (वि.)मर्कज़ गुरेज़
1. (भौ.) अपकेंद्री 2. (वन.) उपकेंद्री

**مرکزی** (वि.)मर्कज़ी
केंद्रीय

**مرکزی حکومت** (स्त्री.)मर्कज़ी हुकूमत
केंद्र सरकार

**مرکزی کھاتہ** (पु.)मर्कज़ी खाता
(वाणि.) केंद्रीय लेखा

**مرکزی محور** (पु.)मर्कज़ी महवर
(भौ.) केंद्रीय अक्ष

**مرکزی منصوبہ بندی** (स्त्री.)मर्कज़ी मंसूबाबंदी
(अर्थ.) केंद्रीकृत आयोजना

**مرکوز** (वि.)मर्कूज़
केंद्रित

**مرگ** (स्त्री.)मर्ग
मृत्यु

**مرگِ ناگہاں** (स्त्री.)मर्गे-नागहाँ
आकस्मिक मृत्यु

**مرگی** (स्त्री.)मिरगी
(चिकि., मनो.) अपस्मार, मिरगी

**مرمت** (स्त्री.)मरम्मत
जीर्णोद्वार

**مروارید** (पु.)मर्वारीद
मुक्ता, मोती

**مروت** (स्त्री.)मुरव्वत
लिहाज़, शील, संकोच

**مروج** (वि.)मुरव्वज
प्रचलित

**مروجہ** (वि.)मुरव्वजा
प्रचलित, जो चलन में हो

**مرورِ ایام** (पु.)मुरूरे-अय्याम
समय बीतना, वक़्त गुज़रना

**مرہم** (पु.)मर्हम
लेप, मरहम

**مرہون** (वि.)मर्हून
गिरवी

**مرئی** (वि.)मरई
दृश्यमान, दृश्य, मूर्त

**مرئی اثاثہ** (पु.)मरई असासा
(वाणि.) मूर्त संपत्ति, परिसंपत्ति

**مریخ** (पु.)मिर्रीख़
मंगल

**مرید** (पु.)मुरीद
1. भक्त, चेला 2. अनुयायी

**مریدی** (स्त्री.)मुरीदी
गुरु सेवा

مریض (पु.)मरीज़
रोगी, बीमार

مریضانہ بشاشت (स्त्री.)मरीज़ाना बशाशत
(मनो.) उल्लासोन्माद

مریضہ (स्त्री.)मरीज़ा
रागिणी

مریم (स्त्री.)मरियम
1. कुमारी 2. ईसा मसीह की माताजी

مزاج (पु.)मिज़ाज
स्वभाव, प्रकृति

مزاج پرسی (स्त्री.)मिज़ाजपुर्सी
1. रोगी को देखने के लिए जाना
2. साधारणतः किसी से मिलने जाना

مزاح (पु.)मिज़ाह
1. प्रहास 2. हास्य

مزاحم (पु.)मुज़ाहिम
हस्तक्षेपकर्ता

مزاحم حرارت (स्त्री.)मज़ाहिमे-हरारत
(रसा.) ऊष्मा प्रतिरोधक

مزاحمت (स्त्री.)मुज़ाहमत
प्रतिरोध

مزاحمت کار (वि.)मुज़ाहमत कार
(भौ.) प्रतिरोधक

مزار (पु.)मज़ार
क़ब्र

مزارات (पु.)मज़ारात
'مزار' का बहु.

مزارع (पु.)मज़ारे
किसान, कृषक

مزامیر (पु.)मज़ामीर
'مزمار' का बहु., बाँसुरियाँ, बंसियाँ

مزد (स्त्री.)मुज़्द
पारिश्रमिक, मज़दूरी

مزدور (पु.)मज़दूर
श्रमिक, मज़दूर

مزدوری (स्त्री.)मज़दूरी
श्रम, पारिश्रमिक

مزروعہ (वि.)मज़रूआ
कृषि-भूमि, जोती हुई ज़मीन

مزمار (पु.)मिज़मार
बाजा, बाँसुरी, वंशी

مزمن (वि.)मुज़मिन
1. (मनो.) दीर्घकालिक, चिरकालिक
2. जीर्ण, पुराना

مزہ (पु.)मज़ा
स्वाद

مزہ دار (वि.)मज़ेदार
1. स्वादिष्ट 2. मनोरंजक, दिलचस्प

مزید (वि.)मज़ीद
1. अतिरिक्त, फ़ालतू 2. अधिक, ज़ियादा, और भी

مزید براں (क्रि.वि.)मज़ीद बराँ
इसके अतिरिक्त

مزید کارروائی (स्त्री.)मज़ीद कार्रवाई
(प्रशा.) अगली कार्यवाही

مزین (वि.)मुज़ैय्यन
सुसज्जित, सजा हुआ

مزین (वि.)मुज़य्यिन
सजाने वाला, सज्जाकार

مژدہ (पु.)मुझ़्दा
शुभ सूचना

مژہ (स्त्री.)मिझ़्गा
पलक

مس (पु.)मस
स्पर्श

مس (पु.)मिस
ताँबा, ताम्र

مسابقت (स्त्री.)मुसाबकत
1. वरीयता 2. प्रतियोगिता

مساعد (वि.)मुसाइद
अनुकूल

مساعدت (स्त्री.)मुसाअदत
सहायता, मदद

مساعی (स्त्री.)मसाई
कोशिश, प्रयत्न, चेष्टा

مسافت (स्त्री.)मुसाफ़त
1. दूरी 2. यात्रा

مسافر (पु.)मुसाफ़िर
यात्री

مسافر خانہ (पु.)मुसाफ़िर ख़ाना
धर्मशाला, यात्री निवास

مسافرت (स्त्री.)मुसाफ़रत
यात्रा

مسام (पु.)मसाम
रोमकूप

مساوات (स्त्री.)मुसावात
समता, समानता, बराबरी

مساوات مبادلہ (पु.)मुसावते-मुबादला
(वाणि.) विनिमय सममूल्यता

مساواتیت (स्त्री.)मुसावातियत
(दर्श.) समतावाद, समानतावाद

مساوی (वि.)मुसावी
समान, सम, बराबर

مساوی الاضلاع (पु.)मुसावियुल-अज़्ला
(ग., प्रशा.) समभुज क्षेत्र

مساوی ترتیب (स्त्री.)मुसावी तरतीब
(कंप्यू.) औचित्य

مسائل (पु.)मसाइल
'مسئلہ' का बहु., समस्याएँ

مسبب (वि.)मुसब्बब
1. कारण, सबब 2. साधन उपस्थित करने वाला

مست (वि.)मस्त
मतवाला, उन्मत्त

مست الست (वि.)मस्ते अलस्त
ब्रह्मलीन

مستاجر (वि.)मुस्ताजिर
ठेकेदार, एकाधिकारी, उजरत देने वाला

مستانہ (वि.)मस्ताना
1. मस्तों की तरह, मस्तों जैसा 2. मस्त, मत्त

مستثنیٰ (वि.)मुस्तस्ना
मुक्त

مستجاب (वि.)मुस्तजाब
स्वीकृत, क़बूलियत

مستحب (वि.)मुस्तहब
ठीक, पुनीत

مستحسن (वि.)मुस्तहसिन
उत्तम

مستحق (वि.)मुस्तहक़
योग्य, पात्र, स्वत्वाधिकारी

مستحکم (वि.)मुस्तहकम
सुदृढ़

مسترد (वि.)मुस्तरद
रद्द, अस्वीकार

مسترد بولی (स्त्री.)मुस्तरद बोली
(वाणि.) अस्वीकृत बोली

مستسقی (पु.)मुस्तस्क़ी
जलोदरी

مستشرق (वि.)मुस्तश्रिक़
प्राच्यविद्, मशरक़ियात का माहिर

مستشرقین (पु.)मुस्तश्रिक़ीन
'مستشرق' का बहु.

مستطیل (पु.)मुस्ततील
आयत

مستطیلی (वि.)मुस्ततीली
(भौ.) आयतीय, आयतकार

مستطیلی صف (स्त्री.)मुस्ततीली सफ़
(भौ.) आयताकार सारणी

مستعار (वि.)मुस्तआर
माँगी हुई चीज़, थोड़े दिनों के लिए माँगा हुआ, उधार

مستعار لفظ (पु.)मुस्तआर लफ़्ज़
(भा.) आगत शब्द, आदत्त शब्द, स्वीकृत शब्द, गृहीत शब्द

مستعاریت (स्त्री.)मुस्तआरियत
(भा.) स्वीकरण, आदान, ग्रहण, अधिग्रहण

مستعجل (वि.)मुस्ताजिल
अधीर, आतुर, जल्दबाज़, उतावला

مستعد (वि.)मुस्तइद
1. तत्पर 2. फुर्तीला

مستعدی (स्त्री.)मुस्तइदी
तत्परता

مستعفی (वि.)मुस्ताफ़ी
त्यागपत्र देने वाला

مستعمل (वि.)मुस्तामल
प्रयुक्त, प्रचलित

مستغرق (वि.)मुस्तग़रक़
मग्न, तल्लीन

مستغنی (वि.)मुस्तग़नी
निःस्पृह, बेपरवाह

مستفید (वि.)मुस्तफ़ीद
लाभांवित, लाभेच्छुक

مستفیض (वि.)मुस्तफ़ीज़
लाभ प्राप्तकर्ता

مستقبل (पु.)मुस्तक़बिल
आगामी, भविष्य

مستقبل تام (पु.)मुस्तक़बिल ताम
(भा.) पूर्ण भविष्यत्

مستقر (पु.)मुस्तक़र
अड्डा, ठिकाना

مستقل (वि.)मुस्तक़िल
1. नियत, अचर, स्थिर, अचल, अपरिवर्ती, एकसमान 2. स्थायी

مستقل اسراع (पु.)मुस्तक़िल इसरा
(भौ.) अचर कोणांक, एकसमान त्वरण

مسخرہ (पु.)मसख़रा
भाँड, हँसोड़

مسدس (पु.)मुसद्दस
1. षड्भुज, षट्पदि 2. नज़्म (कविता) की एक विधा जिसके हर एक बंद में छः मिस्रे (पंक्तियाँ) होते हैं

مسدود (वि.)मसदूद
अवरुद्ध

مسرت (स्त्री.)मसर्रत
हर्ष, आनंद, ख़ुशी

مسرت افزا (वि.)मसर्रत अफ़ज़ा
मसर्रत बढ़ाने वाला, ख़ुशी को बढ़ाने वाला

مسرت قلبی (स्त्री.)मसर्रते-क़ल्बी
दिली ख़ुशी

مسرور (वि.)मसरूर
प्रसन्न, आनंदित, ख़ुश

مسروقہ (वि.)मसरूक़ा
चुराया हुआ

مسطح (वि.)मुसत्तह
समतल, चौरस, हमवार

مسطور (वि.)मसतूर
1. लिखा हुआ, लिखित 2. लाईनदार, रेखांकित

مسعود (वि.)मसऊद
इष्ट, कल्याणकर, शुभ, नेक, मुबारक

مسقف (वि.)मुसक़्क़फ़
छतदार

مسکر (वि.)मुस्किर
नशा पैदा करने वाली चीज़, मादक

مسکرات (वि.)मुस्किरात
مسکر का बहु., नशे की चीज़ें

مسکن (पु.)मसकन
रहने का स्थान, घर, गृह, मकान, ठिकाना

مسکن (वि.)मुसक्किन
1. आराम देने वाला, शांति पहुँचाने वाला 2. वह दवा जो रोग विशेष में शांति पहुँचाए

مسکون (वि.)मसकून
आबाद, बसित

مسکہ (पु.)मस्का
मक्खन, नवनीत

مسکین (वि.)मिस्कीन
दीन, दरिद्र; विनम्र

مسل (स्त्री.)मिस्ल
फ़ाइल

مسلح (वि.)मुसल्लह
हथियारबंद, सशस्त्र

مستقل تقرر (पु.)मुस्तक़िल तक़र्रुर
(प्रशा.) स्थायी नियुक्ति

مستقل عنوان (पु.)मुस्तक़िल उनवान
(जन.) सर्वछादी शीर्ष

مستقل مزاجی (स्त्री.)मुस्तक़िल-मिज़ाजी
मन की स्थिरता

مستقلاً (क्रि.वि.)मुस्तक़िलन
1. स्थिर रूप में, अटल तौर पर 2. निरंतर, बराबर

مستقلی (स्त्री.)मुस्तक़्ली
स्थायीकरण

مستقیم (वि.)मुस्तक़ीम
सरल, सीधा

مستند (वि.)मुस्तनद
प्रामाणिक, प्रमाणित

مستور (वि.)मस्तूर
गुप्त, छुपा हुआ

مستورات (स्त्री.)मस्तूरात
'مستورہ' का बहु., परदे में रहने वाली महिलाएँ, पर्दानशीं स्त्रियाँ

مستورہ (वि.)मस्तूरा
छिपी हुई गुप्त वस्तु

مستوی (वि.)मुस्तवी
1. समतल, हमवार 2. सम, समान, बराबर

مستوی سطح (स्त्री.)मुस्तवी सतह
(ग.) अनुविक्षेप

مستی (स्त्री.)मस्ती
1. उन्माद 2. काम-वेग

مسجد (स्त्री.)मस्जिद
नमाज़ पढ़ने की जगह, मस्जिद

مسجع (वि.)मुसज्जा
1. सानुप्रास 2. वह अलंकृत वाक्य या लेखन शैली जिसमें तुक का ध्यान रखा जाता है

مسجود (वि.)मसजूद
जिसको सज्दा किया जाए, जिसके लिए पूजा में सर झुकाया जाए, ईश्वर

مسحور (वि.)मसहूर
मंत्रमुग्ध

مسخ (वि.)मस्ख़
विकृत

مسخر (वि.)मुसख़्ख़र
वश में किया हुआ, वशीभूत

مسخر (वि.)मुसख़्ख़िर
1. वश में करने वाला 2. मुग्ध करने वाला

مسلح تصادم (पु.)मुसल्लह तसादुम
(राज.) सशस्त्र संघर्ष

مسلح کارروائی (सत्री.)मसुल्लह कारवाई
(राज.) सशस्त्र कार्यवाही

مسلسل (वि.)मुसल्सल
निरंतर, लगातार, क्रमबद्ध

مسلط (वि.)मुसल्लत
आच्छादित, विजित, सवार

مسلک (पु.)मसलक
पथ, पंथ

مسلم (पु.)मुस्लिम
मुसलमान

مسلّم (वि.)मुसल्लम
1. सर्वमान्य 2. अखंड, संपूर्ण, पूरा

مسلّم الثبوت (वि.)मुसल्लमुस्सुबूत
प्रमाणसिद्ध, साधनक्षम, प्रत्यक्षसिद्ध, पूर्णतः प्रमाणित

مسلمان (पु.)मुसलमान
इस्लाम धर्म का अनुयायी, मुस्लिम

مسلمانی (स्त्री.)मुसलमानी
1. मुसलमान से संबंधित 2. ख़त्ना, सुन्नत

مسلّمہ (वि.)मुसल्लमा
1. सर्वमान्य 2. प्रमाणित 3. अखण्ड, संपूर्ण

مسمّاۃ (स्त्री.)मुसम्मात
1. नाम रखी गई, नामधारिणी 2. स्त्रियों के नाम से पहले लगाया जाने वाला शब्द जो विशेषतः सरकारी और अदालती कागज़ों में लिखा जाता है 3. श्रीमती

مسمار (वि.)मिसमार
नष्ट, ध्वस्त

مسمّط (पु.)मुसम्मत
मुक्तावली, नज़्म की एक विधा जिसमें चंद मिसरे एक क़ाफ़िए में कहकर एक या दो मिसरे दूसरे क़ाफ़िए के लाऐ जाते हैं, 'مخمّس' (मुख़म्मस) और 'مسدّس' (मुसद्दस) आदि इसी की क़िस्में हैं

مسموع (वि.)मस्मू
सुना हुआ, श्रुत

مسموم (वि.)मस्मूम
ज़हरीला, विषाक्त, ज़हर मिला हुआ

مسمّٰی (वि.)मुसम्मा
1. नाम रखा हुआ, नामधारी 2. पुरुषों के नाम के पहले लगाया जाने वाला शब्द जो विशेषतः सरकारी और अदालती कागज़ों में लगाया जाता है

مسند (पु.)मस्नद
1. तकिया लगाकर बैठने की जगह 2. तख़्त, सिंहासन, गद्दी

مسند (पु.)मुस्नद
(भा.) 1. विधेय 2. निर्धारक

مسند آرا (वि.)मस्नद आरा
मसनद की शोभा बढ़ाने वाला, अर्थात् मसनद पर बैठने वाला

مسند نشیں (वि.)मस्नद नशीं
सिंहासन आसीन

مسواک (स्त्री.)मिस्वाक
दतौन

مسوّدہ (पु.)मुसव्वदा
पांडुलिपि

مسئلہ (पु.)मस्अला
समस्या

مسئول (वि.)मस्ऊल
जिससे पूछा जाए, जिससे जवाब लिया जाए, जवाबदेह, ज़िम्मेदार, उत्तरदायी

مسیح (पु.)मसीह
हज़रत ईसा की उपाधि

مسیحا (पु.)मसीहा
1. हज़रत ईसा जो मृतक को ज़िन्दा कर देते थे 2. बीमारों को अच्छा करने वाला

مسیحا صفت (वि.)मसीहा सिफ़त
मसीह के गुण रखने वाला, मुर्दे को जिलाने वाला

مسیحائی (वि.)मसीहाई
हज़रत ईसा का चमत्कार, अर्थात् मुर्दे जिलाना, और बीमारों को अच्छा करना

مسیحی (वि.)मसीही
हज़रत इसा मसीह को मानने वाले, ईसाई

مشابہ (वि.)मुशाबेह
1. एकरूप, सदृश, हम शक्ल 2. तुल्य, समान, बराबर

مشابہت (वि.)मुशाबहत
1. एकरूपता, हमशक्ली 2. समानता, बराबरी

مشارٌ الیہ (वि.)मुशारुन इलैह
जिसकी ओर संकेत किया जाए, उक्त, कथित, उपलक्षित

مشارکت (स्त्री.)मुशारकत
साझा, भागदीरी, शिर्कत

مشاطگی (स्त्री.)मश्शातगी
स्त्रियों का बनाव-सिंगार कराने का काम, प्रसाधन

مشاطہ (स्त्री.) मश्शाता
स्त्रियों का बनाव-सिंगार करने वाली स्त्री, प्रसाधिका

مشاعرہ (पु.) मुशाइरा
कवि-सम्मेलन

مشافہہ (पु.) मुशाफ़हा
संमुखता, आमना-सामना

مشاق (वि.) मश्शाक़
दक्ष

مشاقی (स्त्री.) मश्शाक़ी
दक्षता

مشام (पु.) मशाम
मस्तिष्क, वह स्थान जहाँ सूँघने की शक्ति होती है

مشاور (वि.) मुशाविर
परामर्शकर्ता, सलाहकार

مشاورت (स्त्री.) मुशावरत
परस्पर परामर्श और विचार विनिमय.

مشاورتی کونسل (स्त्री.) मुशावरती कौंसिल
(शि.) सलाहकार परिषद

مشاہد (पु.) मुशाहिद
प्रेक्षक

مشاہدات (पु.) मुशाहदात
'مشاہدہ' का बहु.

مشاہدہ (पु.) मुशाहदा
पर्यवेक्षण

مشاہرہ (पु.) मुशाहरा
मासिक वेतन

مشائخ (पु.) मशाइख़
'شیخ' का बहु., पीर लोग, सूफ़ी लोग

مشبہ (वि.) मुशब्बा
(भा.) उपमेय

مشبہ (वि.) मुशब्बेह
(भा.) उपमा देने वाला

مشبہ بہ (पु.) मुशब्बह बेह्
(भा.) उपमान, उपमित

مشت (स्त्री.) मुश्त
मुट्ठी

مشت خاک (स्त्री.) मुश्ते-ख़ाक
1. मुट्ठी भर ख़ाक 2. मनुष्य, आदमी.

مشت زنی (स्त्री.) मुश्त ज़नी
हस्त मैथुन

مشتاق (वि.) मुश्ताक़
उत्सुक, अभिलाषी, इच्छुक

مشتبہ (वि.) मुश्तबा
संदिग्ध, संदेहजनक

مشترک (वि.) मुश्तरक
साझे का, सामासिक, मिला जुला, साझी

مشترک دائرۂ اختیار (पु.) मुश्तरक दायरए-इख़्तियार
(राज.) समवर्ती अधिकार क्षेत्र

مشترکہ (वि.) मुश्तरका
1. साझे का, मिला हुआ 2. संयुक्त

مشترکہ رعایت (स्त्री.) मुश्तरका रिआयत
(जन.) संयुक्त शुल्क

مشترکہ قومیت (स्त्री.) मुश्तरका क़ौमियत
(राज.) सह-राष्ट्रियता

مشتری (पु.) मुश्तरी
1. क्रेता, ग्राहक 2. बृहस्पति

مشتعل (वि.) मुश्तइल
1. उत्तेजित, गुस्से में आया हुआ
2. प्रज्वलित, भड़कता हुआ

مشتق (वि.) मुश्तक़
(भा.) 1. व्युत्पन्न (शब्द), साधित (शब्द)
2. व्युत्पादी, साधक

مشتمل (वि.) मुश्तमिल
समाविष्ट, शामिल

مشتہر (वि.) मुश्तहर
प्रसिद्ध, विज्ञापित

مشتہر (वि.) मुश्तहिर
विज्ञापक, प्रसिद्ध करने वाला

مشتہرہ ٹینڈر (पु.) मुश्तहिरा टेंडर
(प्रशा.) विज्ञापित निविदा

مشتہرہ فروخت (स्त्री.) मुश्तहिरा फ़रोख़्त
(प्रशा.) विज्ञापित विक्रय

مشخص (वि.) मुशख़्ख़स
1. परीक्षित, जाँचा हुआ 2. अनुमानित, अंदाज़ा किया हुआ 3. तशख़ीस अर्थात् रोग निदान किया हुआ 4. (ग.) अभिलक्षणन

مشدد (वि.) मुशद्दद
(भा.) द्वित्वभूत

مشرب (पु.) मशरब
1. पानी पीने की जगह 2. मत, पंथ

مشرح (वि.) मुशर्रह
व्याख्यायित

مشرح (वि.) मुशर्रिह
1. व्याख्या करने वाला 2. व्याख्याता, भाष्यकार

مشرف (वि.) मुशर्रफ़
प्रतिष्ठित, सम्मानित

مشرق (पु.)मश्रिक़
पूर्व, पूरब, सूर्य निकलने का स्थान, उदयाचल

مشرقِ وسطیٰ (पु.)मश्रिक़े-वुस्ता
(इति.) मध्य पूर्व

مشرقی (वि.)मश्रिक़ी
1. पूर्वीय, पूर्वी, पूरब का 2. एशियाई

مشرک (वि.)मुश्रिक
बहुदेववादी

مشروب (वि.)मश्रूब
1. पीने वाली वस्तु, पेय 2. पिया हुआ, पीत, मादक पेय

مشروط (वि.)मश्रूत
1. (भा.) सोपाधिक, आश्रित
2. (ग.) सप्रतिबंध 3. शर्तबद्ध

مشروط ثنویت (स्त्री.)मश्रूत सनवियत
(मनो.) सोपाधिक द्वैतवाद, वाह्यानुमेयवाद

مشروط رپورٹ (स्त्री.)मश्रूत रिपोर्ट
(वाणि.) साक्षेप रिपोर्ट, साक्षेप प्रतिवेदन

مشروطی (वि.)मश्रूती
(भा) सप्रतिबंध, सोपाधिक, हेतुमद

مشعل (स्त्री.)मशाल
मशाल

مشغلہ (पु.)मश्ग़ला
1. उद्यम, रोज़गार 2. कार्य, काम

مشغول (वि.)मश्ग़ूल
लीन, व्यस्त, तन्मय, तल्लीन

مشفق (वि.)मुशफ़िक़
दयावान, दयालु, कृपालु

مشق (स्त्री.)मश्क़
अभ्यास

مشقِ سخن (स्त्री.)मश्क़े सुख़न
कविता-अभ्यास

مشقت (स्त्री.)मशक़्क़त
1. श्रम, मेहनत, मज़दूरी 2. कष्ट, दुःख, तकलीफ़ 3. परिश्रम, दौड़ धूप 4. तपस्या, रियाज़त

مشک (स्त्री.)मश्क
परवाल

مُشک (पु.)मुश्क
कस्तूरी, कस्तूरिका

مشکِ آہو (पु.)मुश्के आहू
हिरन की नाभि से निकलने वाली कस्तूरी

مشک افشاں (वि.)मुश्क अफ़शाँ
मुश्क छिड़कने वाला अर्थात अत्यंत सुगंधित

مشک بار (वि.)मुश्कबार
सुगंधवर्षक, खुशबूदार, सुगंधित

مشک نافہ (पु.)मुश्क नाफ़ा
कस्तूरी की थैली, मृग नाभि

مشکل (स्त्री.)मुश्किल
1. कठिनाई 2. कर्विलष्ट 3. जटिल, गूढ़

مشکل کشا (वि.)मुश्किल कुशा
कष्ट-निवारक, हज़रत अली की उपाधि

مشکور (वि.)मश्कूर
प्रशंसित, कृतज्ञ

مشکوک (वि.)मश्कूक
संदिग्ध, संदेहपूर्ण

مشکیں (वि.)मुश्कीं
1. कस्तूरी के रंग का काला 2. मुश्क जैसा, सुगंधित

مشورہ (पु.)मश्वरा
परामर्श, सलाह

مشوش (वि.)मुशव्विश
1. घबराया हुआ, उद्विग्न, परेशान
2. विक्षुब्ध, अशांत

مشہد (पु.)मश्हद
1. उपस्थित होने का स्थान 2. शहीद स्थल, शहादतगाह 3. शहीदों का क़ब्रिस्तान 4. ईरान का एक प्रमुख नगर

مشہود (वि.)मश्हूद
प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट, ज़ाहिर

مشہور (वि.)मश्हूर
प्रसिद्ध, नामी

مشیت (स्त्री.)मशीयत
1. मर्ज़ी, इच्छा 2. भाग्य

مشیر (पु.)मुशीर
सलाहकार, परामर्शदाता

مصاحب (पु.)मुसाहिब
1. साथी, दोस्त, मित्र 2. किसी बड़े आदमी के पास उठने-बैठने वाला, पार्षद

مصاحبت (स्त्री.)मुसाहबत
सहचारिता, मित्रता, साहचर्य

مصارف (पु.)मसारिफ़
खर्च, व्यय

مصارفِ زندگی (स्त्री.)मसारिफ़े ज़िंदगी
(अर्थ.) निर्वाह व्यय, जीवन निर्वाह व्यय

مصافحہ (पु.)मुसाफ़हा
भेंट के समय हाथ मिलाना

مُصالحت (स्त्री.)मुसालहत
समझौता, संधि

مصائب (पु.)मसाइब
1. 'مصیبت' का बहु. 2. मुसीबतें, आपत्तियाँ
3. कठिनाइयाँ, दुश्वारियाँ

مِصداق (वि.)मिसदाक़
प्रमाण, सबूत, गवाही

مصدر (पु.)मस्दर
1. उद्‌गम, उत्पत्ति स्थान 2. (भा.) संज्ञार्थक क्रिया, धातुक्रिया 3. (भा.) भावर्थक संज्ञा, तुमर्थ

مصدرِ لازم (पु.)मस्दरे लाज़िम
(भा.) अकर्मक क्रिया

مصدرِ متعدی (पु.)मस्दरे मुतअद्दी
(भा.) सकर्मक क्रिया

مصدقہ (वि.)मुसद्दका
प्रमाणित

مصدقہ نقل (स्त्री.)मुसद्देक़ा नक़्ल
(प्रशा.) प्रमाणित प्रति

مُصر (वि.)मुसिर
ज़िद करने वाला, बार बार एक ही काम के लिए कहने वाला, आग्रही

مصرعہ (पु.)मिस्रा
एक चरण, शेर की कोई भी एक पंक्ति

مصرف (पु.)मसरफ़
1. ख़र्च, व्यय 2. कार्य, काम

مصروف (वि.)मसरूफ़
प्रवृत, व्यस्त, कार्यरत

مصروفیت (स्त्री.)मसरूफ़ियत
व्यस्तता, संलग्नता

مُصطفےٰ (वि.)मुसतफ़ा
1. पवित्र, पुनीत 2. पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब की उपाधि

مُصطفوی (वि.)मुसतफ़वी
पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा से सम्बन्ध रखने वाला, मुस्तफ़ा का

مصفّا (वि.)मुसफ़्फ़ा
शुद्ध, उज्ज्वल, साफ़, परिष्कृत

مُصفّی (वि.)मुसफ़्फ़ी
साफ़ करने वाला, शोधक

مُصلّا (पु.)मुसल्ला
नमाज़ पढ़ने की चटाई या दरी, जानमाज़

مُصلح (पु.)मुस्लेह
सुधारक

مُصلحِ قوم (पु.)मुस्लेहे-क़ौम
राष्ट्र का सुधारक, देश सुधारक

مصلحت (स्त्री.)मस्लहत
1. राए, मशिवरा 2. अच्छाई 3. नीति

مصلحتِ وقت (स्त्री.)मस्लहते-वक़्त
समय की पुकार

مصلحتاً (क्रि.वि.)मसलहतन
कारणवश

مصلوب (वि.)मसलूब
जिसे सूली पर चढ़ाया गया हो

مُصمّتہ (पु.)मुसम्मता
(भा.) व्यंजन

مُصمّم (वि.)मुसम्मम
दृढ़, निश्चित

مُصنّف (पु.)मुसन्निफ़
लेखक, रचयिता, रचनाकार

مُصنّفہ (स्त्री.)मुसन्निफ़ा
लिखित; लेखिका

مصنوع (वि.)मसनू
1. बना हुआ, बनावटी, कृत्रिम
2. (वाणि.) उत्पाद

مصنوعات (स्त्री.)मसनूआत
1. बनी हुई वस्तुएँ 2. (इति.) कलाकृति

مصنوعہ (वि.)मसनूआ
बनी हुई वस्तु, कारीगर के हाथ की बनी हुई वस्तु

مصنوعی (वि.)मसनूई
कृत्रिम, बनावटी, गढ़ित, कल्पित

مصنوعی زبان (स्त्री.)मसनूई ज़बान
(भा.) कृत्रिम भाषा, बनावटी भाषा

مُصوّتہ (पु.)मुसव्वता
(भा.) स्वर

مُصور (पु.)मुसव्विर
चित्रकार

مُصوّر (वि.)मुसव्वर
सचित्र, चित्रित, तस्वीरदार

مُصوّری (स्त्री.)मुसव्विरी
चित्रकला, चित्र-कर्म

مُصیبت (स्त्री.)मुसीबत
कष्ट, विषाद, विपत्ति

مُصیبت زدہ (वि.)मुसीबत ज़दा
दुखित, दुखियारा, मुसीबत का मारा

**مضارع** (वि.)मुज़ारे
(भा.) अनिश्चित कालिक क्रिया, अनिर्दिष्ट भूतकाल

**مضاعف** (वि.)मुज़ाअफ़
दूना, द्विगुण

**مضاف** (वि.)मुज़ाफ़
जोड़ा गया, मिलाया गया, संबद्ध किया गया

**مضاف الیہ** (पु.)मुज़ाफ़ इलैह
1. जिससे जोड़ा या मिलाया गया हो 2. जिसकी ओर निस्बत की जाए, जैसे- प्रकाश का घोड़ा, इसमें घोड़े की निस्बत प्रकाश की ओर है, इसलिए प्रकाश 'मुज़ाफ़ इलैह' है, और घोड़ा 'मुज़ाफ़' है

**مضافات** (पु.)मुज़ाफ़ात
'مضاف' का बहु. 1. निस्बतें 2. नगर आदि के आस-पास का इलाका

**مضامین** (पु.)मज़ामीन
'مضمون' का बहु., लेख-समूह

**مضائقہ** (पु.)मुज़ाएका
आपत्ति, हरज

**مضبوط** (वि.)मज़बूत
1. दृढ़, पक्का, निश्चित 2. शक्तिशाली, ताकतवर

**مضبوطی** (स्त्री.)मज़बूती
दृढ़ता

**مضحک** (वि.)मुज़हिक
हँसने वाला, उपहासक

**مضحکہ** (पु.)मज़हका
1. हँसी, ठट्ठा, परिहास 2. निंदा

**مضحکہ خیز** (वि.)मज़हका ख़ेज़
हास्यजनक, हास्यापद

**مضر** (वि.)मुज़िर
हानिकर, हानिकारक

**مضراب** (पु.)मिज़राब
कोणि, नसी

**مضرت** (स्त्री.)मज़र्रत
हानि, नुकसान

**مضروب** (वि.)मज़रूब
1. जिसे पीटा गया हो 2. जिसकी गुणा की गई हो, गुणित

**مضطر** (वि.)मुज़्तर
व्याकुल, बेचैन, आतुर

**مضطرب** (वि.)मुज़्तरिब
1. व्याकुल, आतुर, बेचैन 2. घबराया हुआ, अधीर, बेसब्र

**مضعف** (वि.)मुज़इफ़
कमज़ोर करने वाला

**مضمحل** (वि.)मुज़महिल
क्लांत, श्रांत, शिथिल, अफ़्सुर्दा

**مضمر** (वि.)मुज़्मर
1. गुप्त, छिपा हुआ, पोशीदा (भौ.) 2. विभव 3. स्थितिज 4. शक्य

**مضمر اختیارات** (पु.)मुज़्मर इख़्तियारात
(राज., प्रशा.) निहित शक्तियाँ

**مضمون** (पु.)मज़मून
1. लेख, निबंध 2. विषय

**مطابق** (वि.)मुताबिक़
अनुसार, अनुरूप

**مطابقت** (स्त्री.)मुताबक़त
1. अनुकूलता, अनुरूपता 2. (भा.) अन्विति 3. (समा.) अनुकूलन

**مطابقت پذیری** (स्त्री.)मुताबक़त पज़ीरी
(समा.) अनुकूलनशीलता

**مطابقت کار** (पु.) मुताबक़त कार
(प्रशा.) समायोजक

**مطابقتی قیمت** (स्त्री.)मुताबक़ती क़ीमत
(अर्थ.) समायोजित मूल्य

**مطالب** (पु.)मतालिब
'مطلب' का बहु., अर्थसमूह

**مطالبات** (पु.)मुतालबात
'مطالبہ' का बहु., माँगें

**مطالبہ** (पु.)मुतालबा
माँग

**مطالبۂ زر** (पु.)मुतालबए ज़र
(प्रशा.) अनुदानों की माँग

**مطالعہ** (पु.)मताला
अध्ययन

**مطب** (पु.)मतब्ब
निदानशाला

**مطبخ** (पु.)मत्बख़
रसोईघर, पाकशाला, बावर्चीख़ाना

**مطبع** (पु.)मत्बा
मुद्रणालय, छापाख़ाना

**مطبوع** (पु.)मत्बू
पसंद आने वाली चीज़

**مطبوعہ** (वि.)मत्बूआ
मुद्रित, छपी हुई

**مطبوعہ کاپی** (स्त्री.)मत्बूआ कापी
संपठनीय प्रतिलिपि

مطرب (पु.)मुत्‌रिब
गायक

مطربہ (स्त्री.)मुत्‌रिबा
गायिका

مطعون (वि.)मत्‌ऊ़न
निंदित, गर्हित, कुत्सित, रुस्वा

مطلا (वि.)मुतल्ला
स्वर्णिम, सोने के पानी से सुसज्जित

مطلب (पु.)मत्‌लब
1. उद्देश्य, मंशा, आशय 2. अर्थ, मानी 3. प्रयोजन, वास्ता 4. इच्छा, ख़्वाहिश 5. स्वार्थ, ग़रज़

مطلع (पु.)मत्‌ला
1. सूरज उगने की जगह 2. ग़ज़ल का पहला शे'र जिसकी दोनों पंक्तियाँ सानुप्रास होती हैं

مطلع (वि.)मुत्तला
सूचित, जिसे सूचना दी गयी हो

مطلق (वि.)मुत्‌लक़
1. स्वच्छंद, निरंकुश, आज़ाद 2. नितांत, बिल्कुल 3. (भौ.) निरपेक्ष, परम, अचर, परिशुद्ध 4. (भा.) विशेष्यभूत 5. (ग.) निरपेक्ष 6. (दर्श.) निरपेक्ष, निरूपाधि, केवल, परम, पूर्ण

مطلق اکائی (स्त्री.)मुत्‌लक़ इकाई
(भौ.) निरपेक्ष मात्रक

مطلق العنان (वि.)मुत्‌लकुल इ़नान
1. (ना.) सर्वसत्तावाद 2. निरंकुश

مطلق العنانیت (स्त्री.)मुत्‌लकुल इ़नानियत
(राज.) स्वेच्छाचारिता

مطلق قدر (स्त्री.)मुत्‌लक़ क़द्र
(भौ.) निरपेक्ष मान

مطلق کثافت (स्त्री.)मुत्‌लक़ कसाफ़त
(भौ.) निरपेक्ष घनत्व

مطلقاً (क्रि.वि.)मुत्‌लक़न
नितांत, बिलकुल

مطلقیت (स्त्री.)मुत्‌लक़ियत
(दर्श.) निरपेक्षवाद, परमवाद, ब्रह्मवाद

مطلقہ (वि.)मुतल्लक़ा
वह स्त्री जिसे तलाक़ दे दिया गया हो

مطلوب (वि.)मत्‌लूब
वांछित

مطلوبہ (वि.)मत्‌लूबा
अभीष्ट, वांछित

مطمح (पु.)मत्‌मह
ऊँचा स्थान जिस पर दृष्टि पड़े, दृष्टि पड़ने की जगह

مطمح نظر (पु.)मत्‌महे-नज़र
आशय, अभिप्राय

مطمئن (वि.)मुत्‌मइन
संतुष्ट, निश्चिंत

مطہر (वि.)मुतह्हर
पवित्र, पाक

مطیع (वि.)मुती
आज्ञाकारी, फ़र्माबरदार, अनुयायी, पैरौ

مظاہرہ (पु.)मुज़ाहरा
प्रदर्शन

مظفر (वि.)मुज़फ़्फ़र
विजेता, विजित, जीता हुआ

مظلوم (वि.)मज़्लूम
पीड़ित, जिस पर ज़ुल्म हुआ हो

مظلومہ (वि.)मज़्लूमा
पीड़िता

مظلومیت (वि.)मज़्लूमियत
अत्याचार, क्रूरता, दमन को सहना

مظہر (पु.)मज़्हर
प्रकट होने का स्थान, प्रतीक, संकेत

مظہریت (स्त्री.)मज़्हरियत
(दर्श.) संवृतिवाद, दृश्यप्रपंचवाद, दृग्विषयवाद

مع (क्रि.वि.)मा
समेत, साथ

معاً (क्रि.वि.)मअ़न
सहसा, अकस्मात, अचानक

معاذ (वि.)मआ़ज़
शरण स्थल, पनाह की जगह

معاذاللہ (वा.)मआ़ज़ल्लाह
ख़ुदा की पनाह, ईश्वर बचाए

معارضہ (पु.)मुआ़रज़ा
कलह, झगड़ा, टंटा, वाद-विवाद

معاش (स्त्री.)मआ़श
1. जीविका 2. व्यवसाय

معاشرت (स्त्री.)मुआ़शरत
रहन-सहन, मेल-जोल, परस्पर व्यवहार

معاشرہ (पु.)मुआ़शरा
समाज

معاشی (वि.)मआ़शी
आर्थिक

معاشی اشاریے (पु.)मआशी इशारिये
(अर्थ.) आर्थिक संकेतक

معاشی ترغیبات (स्त्री.)मआशी तर्ग़ीबात
(अर्थ.) आर्थिक प्रोत्साहन

معاشی سامراجیت (स्त्री.)मआशी साम्राजियत
(अर्थ.) आर्थिक साम्राज्यवाद

معاشی سرد بازاری (स्त्री.)मआशी सर्द बाज़ारी
(अर्थ.) आर्थिक मंदी

معاشی کساد بازاری (स्त्री.)मआशी क़साद बाज़ारी
दे. 'معاشی سرد بازاری'

معاشیات (स्त्री.)मआशियात
अर्थशास्त्र

معاصر (पु.)मआसिर
समकालीन

معاصی (पु.)मआसी
'معصیت' का बहु., पाप-समूह, गुनाह

مُعاف (वि.)मुआफ़
1. क्षमाप्राप्त, क्षमित 2. क्षमा

مُعافی (स्त्री.)मुआफ़ी
क्षमा

مُعالج (पु.)मुआलिज
चिकित्सक

مُعالجہ (पु.)मुआलजा
उपचार, चिकित्सा

مُعاملت (स्त्री.)मुआमलत
आपसी लेन-देन, पारस्परिक व्यवहार

مُعاملہ (पु.)मुआमला
1. विषय 2. घटना 3. लेन-देन

مُعاملہ فہم (वि.)मुआमला फ़हम
मुआमले को समझने वाला, दूरदर्शी

مُعاندت (स्त्री.)मुआनदत
द्वेष, वैर

مُعانقہ (पु.)मुआनक़ा
आलिंगन, बग़लगीरी, गले मिलना, एक का दूसरे से गले मिलना

معانی (पु.)मआनी
'معنی' का बहु., अर्थसमूह

مُعاوضہ (पु.)मुआवज़ा
1. मूल्य, प्रतिदेय 2. पूर्ति, हरजाना

مُعاون (पु.)मुआविन
सहायक, मददगार

مُعاون تجزیہ کار (पु.)मुआविन तज्ज़ियाकार
(प्रशा.) सहायक विश्लेषक

مُعاونت (स्त्री.)मुआवनत
सहायता, मदद

مُعاہدہ (पु.)मुआहदा
क़रार, समझौता

مُعاہدہ شکنی (स्त्री.)मुआहदा शिक्नी
(प्रशा.) संविदा-भंग

مُعائنہ (पु.)मुआएना
1. निरीक्षण 2. अवलोकन

معبد (पु.)माबद
उपासनागृह, इबादतगाह

معبر (पुं.)माबर
नदी आदि को पार करने का स्थान, घाट, तट

معبود (पु.)माबूद
पूजित, जिसकी पूजा की जाए, ईश्वर

مُعتبر (वि.)मोतबर
विश्वसनीय

معتدل (वि.)मोतदिल
शीतोष्ण, संतुलित

مُعترض (वि.)मोतरिज़
एतराज़ करने वाला, आपत्तिकर्ता

مُعترضات (पु.)मोतरिज़ात
एतराज़ की बातें

مُعترف (वि.)मोतरिफ़
स्वीकार कर्ता

مُعتقد (पु.)मोतक़िद
1. विश्वास पात्र 2. सचिव

معتوب (वि.)मातूब
कोप पात्र, जिस पर कोप हो, कोप-भाजन, क्रोध-पत्र

معجزنما (वि.)मोजिज़ नुमा
चमत्कार दिखाने वाला, चमत्कारी

معجزہ (पु.)मोजिज़ा
चमत्कार

معجون (पु.)माजून
अवलेह, चटनी

معدن (पु.)मादिन
खान

معدنی (वि.)मादिनी
खान से निकला हुआ, खनिज

معدنیات (स्त्री.)मादनियात
1. खनिज पदार्थ 2. खनिज विज्ञान

معدودے چند (वि.)मादूदे-चंद
कतिपय, थोड़े, चंद, इने-गिने, कुछ

معشوق (पु.)माशूक़
प्रिय, प्रेयसी

معشوقِ حقیقی (पु.)माशूक़े-हक़ीक़ी
वह माशूक़ जिसका सम्बन्ध आत्मा से हो अर्थात् ईश्वर

معشوقِ مجازی (पु.)माशूक़े-मजाज़ी
वह माशूक़ जो मानवजाति से सम्बन्ध रखता हो अर्थात् मानव

معشوقہ (स्त्री.)माशूक़ा
प्रेमिका, प्रेयसी

معصوم (वि.)मासूम
1. भोला, निर्दोष, निष्कपट, निरपराध 2. अनपढ़

معصومی (वि.)मासूमी
दे. معصومیت

معصومیت (स्त्री.)मासूमियत
भोलापन, निर्दोषता, निष्कपटता

معصیت (स्त्री.)मासियत
1. पाप, गुनाह 2. अवज्ञा

معطر (वि.)मुअत्तर
सुगंधित

معطل (वि.)मुअत्तल
1. निलंबित 2. कार्यविहीन

معطلی (स्त्री.)मुअत्तली
निलंबन

معطوف (वि.)मातूफ़
1. लौटाया हुआ, वापस किया हुआ
2. (भा.) समयोजण्य शब्द, जैसे - और, फिर आदि

معطی (वि.)मोअती
1. दाता, प्रदाता, अनुदाता 2. ईश्वर का एक नाम

معظم (पु.)मुअज़्ज़म
प्रतिष्ठित, माननीय

معقول (वि.)माक़ूल
1. उचित 2. उत्तम, सभ्य

معقولات (स्त्री.)माक़ूलात
तर्क शास्त्र

معقولیت (स्त्री.)माक़ूलियत
औचित्य

معکوس (वि.)माकूस
1. विपरीत, उलटा 2. औंधा, अधोमुख
3. (भा.) मूर्धन्य 4. (ग.) विलोम, प्रतिलोम

معلق (वि.)मुअल्लक़
अधर में लंबित

معلقہ (वि.)मुअल्लक़ा
लंबित, लटका हुआ

معدوم (वि.)मादूम
1. ग़ाइब, अंतर्धान 2. विनष्ट, बरबाद

معدومی (वि.)मादूमी
विनाश, तबाही, बरबादी

معدہ (पु.)मेदा
जठर, आमाशय

معذرت (स्त्री.)माज़रत
1. मुआफ़ी, क्षमा 2. विवशता, मजबूरी

معذور (वि.)माज़ूर
विवश, अपाहिज, विकलाँग

معرا (वि.)मुअर्रा
विहीन

معراج (स्त्री.)मेराज
1. सीढ़ी, ज़ीना 2. पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब का अल्लाह के पास आसमान पर जाना और दिव्य-प्रकाश का नज़ारा करना

معرب (वि.)मुअर्रब
अन्य भाषा का शब्द जिसका अरबीकरण कर लिया गया हो

معرض (पु.)मारिज़
1. ज़ाहिर होने की जगह, प्रकट होने का स्थान 2. दौरान, दरमियान

معرفت (स्त्री.)मारिफ़त/मारफ़त
1. परिचय, जानकारी, सूचना 2. द्वारा
3. ज्ञान 4. सूफ़ी साधना का दूसरा सोपान

معرفہ (पु.)मारिफ़ा
व्यक्तिवाचक संज्ञा

معروض (वि.)मारूज़
वर्णित, निवेदित

معروضات (स्त्री.)मारूज़ात
معروض का बहु.

معروضہ (पु.)मारूज़ा
1. प्रार्थना 2. प्रार्थना पत्र

معروضی قدر (स्त्री.)मारूज़ी क़द्र
(वाणि.) वस्तुपरक मूल्य

معروف (वि.)मारूफ़
प्रसिद्ध, चर्चित

معزز (वि.)मोअज़्ज़ज़
सम्मानित, माननीय, आदरणीय

معزول (वि.)माज़ूल
पदच्युत, अपदस्थ

معزولی (स्त्री.)माज़ूली
पदच्युति

معلم (पु.)मुअ़ल्लिम
अध्यापक, शिक्षक, गुरु

معلمہ (स्त्री.)मुअ़ल्लिमा
अध्यापिका, शिक्षिका

معلمی (स्त्री.)मुअ़ल्लिमी

نیست و نابود (वि.)नेस्तो-नाबूद
विनष्ट, विध्वस्त, तहस-नहस

نیستاں (पु.)नैसताँ
नरसल का खेत अथवा जंगल

(स्त्री.)नीस्ती نیستی
1. विनाश, ध्वंस, बर्बादी 2. दरिद्रता, कंगाली 3. नास्ति, अविद्यमानता, नहीं होने की प्रक्रिया

(पु.)नेश نیش
1. डंक 2. नोक, अनी

(वि.)नेश ज़न نیش زن
1. डंक मारने वाला 2. हानिकारक (व्यक्ति)

(पु.)नेशे-ज़ंबूर نیشِ زنبور
भिड़ का डंक

(स्त्री.)नेश ज़नी نیش زنی
1. हानिकारिता 2. डंक मारने की प्रक्रिया

(पु.)नेशे अक़रब نیشِ عقرب
बिच्छु का डंक

(पु.)नेफ़ा نیفہ
पाजामे, लंहगे आदि का वह भाग जिसमें नाड़ा डाला जाता है

(वि.)नेक نیک
1. उत्तम, अच्छा 2. मंगल, शुभ 3. शिष्ट, सज्जन

(वि.)नेक अंजाम نیک انجام
वह काम जिसका परिणाम अच्छा हो, सुपरिणाम

(वि.)नेक अंदेश نیک اندیش
शुभचिंतक

(वि.)नेक बख़्त نیک بخت
1. भाग्यवान, भाग्यशाली 2. सरलस्वभावी, सीधा-साधा, सुशील

(वि.)नेक चलन نیک چلن
सदाचारी

(वि.)नेक ख़स्लत نیک خصلت
साधु शील, सदाचारी

(वि.)नेक ख़ू نیک خو
सद्वृत, सदाचारी

(सत्री.)नेक ख़ूई نیک خوئی
सद्वृत्ति, सदाचार

(वि.)नेक दिल نیک دل
सहृदय, पुनीत हृदय वाला

(वि.)नेक नाम نیک نام
पुण्यश्लोक, पुण्यशील

(स्त्री.)नेक नामी نیک نامی
कीर्ति, यश, सुख्याति

(वि.)नेक नीयत نیک نیت
सत्यसंकल्प, अन्तःशुद्ध, ईमानदार, धर्मनिष्ठ

(स्त्री.)नेक नीयती نیک نیتی
अन्तःशुद्धि, पाक दिली, ईमानदारी

(वि.)नेकू نیکو
दे. 'نیک'

(वि.)नेकू ख़साइल نیکو خصائل
दे. 'نیک خو'

(वि.)नेकू कार نیکو کار
सदाचारी, नेक आचरण वाला

(वि.)नील نیل
1. नीला रंग, नील का पौधा 2. (पु.) चोट का निशान

(पु.)नैल نَیل
1. प्राप्ति 2. पूर्ति

(वि.)नीलफ़ाम نیل فام
नीला, नीलवर्ण

(पु.)नील गाव نیل گاؤ
नीलगाय

(वि.)नील गर نیل گر
नील बनाने वाला

(पु.)नैले-मराम نَیلِ مرام
मनोरथ प्राप्ति, मनोकामना पूर्ति

(वि.)नील गूँ نیلگوں
नीला, नीलवर्ण

(पु.)नीलम نیلم
नीलमणि

(पु.)नीलोफ़र نیلوفر
कुमुद, कमल, पंकज

(वि.)नीली نیلی
नीलवर्ण

(वि.)नीली फ़ाम نیلی فام
नीला, नीलवर्ण

(वि.)नीम نیم
1. आधा, अर्द्ध 2. (पु.) नीम का पेड़

(वि.)नीम बाज़ نیم باز
अधखुला, अर्द्धउन्मीलित, आधाखुला और आधा बंद

(वि.)नीम बिस्मिल نیم بسمل
अर्द्धवधित, घायल, आहत

**نیم جاں** (वि.)नीम जाँ
1. अधमुआ, मरणासन्न, अर्द्धमृत 2. दुर्बल, कमज़ोर

**نیم خوابی** (स्त्री.)नीम ख़्वाबी
कच्ची नींद

**نیم رضا** (स्त्री.)नीम रज़ा
आधी रज़ामंदी, अर्द्धसहमति

**نیم سفتہ** (वि.)नीम सुफ़्ता
आधा पिरोया हुआ

**نیم سوختہ** (वि.)नीम सोख़्ता
आधा जला हुआ

**نیم سیر** (वि.)नीम सेर
1. जिसका पेट कुछ-कुछ भर गया हो परंतु पूरी तरह तृप्त न हुआ हो, अर्द्धतृप्त
2. जिसकी इच्छा अभी कुछ-कुछ बाक़ी हो

**نیم شب** (स्त्री.)नीम शब
आधीरात, अर्द्धरात्रि

**نیم شکستہ** (वि.)नीम शिकस्ता
आधा टूटा हुआ

**نیم شگفتہ** (वि.)नीम शिगुफ़्ता
जो फूल आधा खिल गया हो, अर्द्ध-मुकुलित

**نیم کش** (वि.)नीम कश
आधा अंदर आधा बाहर (विशेषतः बाण), कम खींचकर चलाये हुए धनुष का तीर जो शरीर में से पार न हो सके

**نیم کشتہ** (वि.)नीम कुश्ता
अधमुआ, जिसका गला काटकर छोड़ दिया गया हो और वह तड़प रहा हो

**نیم گرم** (वि.)नीम गर्म
गुनगुना, कदुष्ण, कवोष्ण, जो न बहुत गर्म हो न बहुत ठंडा

**نیم گروپ** (पु.) नीम ग्रूप
(ना.) अर्धवर्ग

**نیم گفتہ** (वि.)नीम गुफ़्ता
आधा कहा हुआ, जो बात कुछ कही जा चुकी हो और कुछ कहना बाक़ी हो

**نیم نگاہ** (स्त्री.)नीम निगाह
कनखियों से देखना, तिरछी निगाह, कटाक्ष-पात

**نیم نگاہی** (स्त्री.)नीम निगाही
कनखियों से देखने का भाव

**نیم وا** (वि.)नीम वा
आधा [illegible] हुआ, आधा खुला और आधा बंद, अर्द्धसम्मीलित

**نیم وفاق** (वि.)नीम विफ़ाक़
(ना.) 1. अर्द्धसंघीय 2. संघटन

**نیم وفاقیہ** (स्त्री.)नीम विफ़ाक़िया
(राज.) परिसंघ, राज्यसंघ

**نیم وقفہ** (पु.)नीम वक़्फ़ा
(भा.) 1. अर्द्धविगम 2. अल्पविराम, कामा

**نیمہ** (वि.)नीमा
1. अर्द्ध, आधा 2. एक प्रकार का ऊँचा पाजामा, बरमूडा

**نے** (स्त्री.)नै
1. बाँसुरी, वंशी 2. नरकट, नरसल 3. हुक़्क़े की नली

**نے نواز** (वि.)नै नवाज़
बाँसुरी वादक, वंशी वादक

---

## و

---

**وا** (वि.)वा
1. खुला हुआ 2. (क्रि.वि.) पुनः, फिर
3. (अव्य.) आह, हाय

**وا حسرتا** (अव्य.) वा हसरता
हाय अफ़सोस, पश्चाताप या शोक के लिए प्रयुक्त

**وابستگاں** (पु.)वाबस्तगाँ
परिवारजन, स्वजन, संबंधी

**وابستگی** (स्त्री.)वाबस्तगी
संबंध, संबंद्धता, स्वजनता, अपनापन, संपर्क

**وابستہ** (वि.)वाबस्ता
1. संबद्ध, संलग्न, नत्थी, आबद्ध 2. अतटस्थ

**واپس** (वि.)वापस
प्रत्यागत, लौटा हुआ, वापस

**واپسی** (स्त्री.)वापसी
प्रत्यागम, प्रत्यागमन

**واپسیں** (वि.)वापसीं
अंतिम, आख़िरी

**واجب** (वि.)वाजिब
1. आवश्यक, ज़रूरी, अनिवार्य 2. योग्य, लायक़, उचित 3. धर्म सम्मत पारिभाषिक शब्द

(वि.)वाजिबुल-इत्तिबा واجب الاتباع
अनुकरणीय

(वि.)वाजिबुल-अदा واجب الادا
दातव्य, देय

(वि.)वाजिबुत-ताज़ीम واجب التعظیم
पूज्य, पूजनीय, मान्य, आदरणीय

(वि.)वाजिबुल-अमल واجب العمل
अनिवार्य करणीय, करणीय, जिसका करना परम आवश्यक हो

(वि.)वाजिबुल-क़त्ल واجب القتل
हननीय, बध्य, जिसका क़त्ल करना अनिवार्य हो

(पु.)वाजिबात واجبات
1. 'واجب' का बहु. 2. अनिवार्य इबादतें 3. देय राशि, देयवेतन

(वि.)वाजिबी واجبی
1. उचित, ठीक 2. किसी क़दर कम, अल्प, थोड़ा, जितना ज़रूरी था उतना ही 3. ज़रूरी

(वि.)वाहिद واحد
1. एक, एक मात्र, अकेला 2. एक वचन 3. ईश्वर का एक नाम

(स्त्री.)वादी وادی
घाटी, तराई

(स्त्री.)वादिए-ऐमन وادی ایمن
वह घाटी जहाँ पैग़म्बर हज़रत मूसा ने अल्लाह का नूर देखा था

(वि.)वादी पैमा وادی پیما
1. जंगलों/पहाड़ों में घूमने वाला, कानन भ्रमी, वनचारी 2. हज़रत ख़िज़्र की उपाधि

(स्त्री.)वादिए-तूर وادی طور
तूर पहाड़ की घाटी जहाँ पैग़म्बर हज़रत मूसा ने अल्लाह का नूर देखा था

(पु.)वार وار
1. आघात, चोट 2. आक्रमण, हमला

(पु.)वारिस وارث
1. उत्तराधिकारी, रिक्थभागी, रिक्थगह 2. अभिभावक, सरपरस्त

(वि.)वारिद وارد
आने वाला, आगंतुक, आया हुआ, दूत, क़ासिद

(स्त्री.)वारिदात واردات
होने वाले अर्थात् घटित होने वाली घटनाएँ, वाक़िआ

(पु.)वारिदाते-क़ल्ब واردات قلب
मन अनुभूति, मनोभाव, हृदय में आने वाली विचारधाराएँ

(वि.)वारस्ता وارستہ
स्वच्छंद, स्वतंत्र, आज़ाद, बेफ़िक्र

(स्त्री.)वारफ़्तगी وارفتگی
मुग्धता, मोह

(वि.)वारफ़्ता وارفتہ
मुग्ध, मोहित, तल्लीन, प्रेमनिमग्न, आत्मविस्मृत, बेसुध, बेख़ुद

(पु.)वासिता/वास्ता واسطہ
1. बिचौलिया, दरमियानी 2. संबंध, संपर्क 3. आशय, उद्देश्य 4. कारण 5. वसीला

(वि.)वासे واسع
1. विस्तारकर्ता, फैलाने वाला 2. अल्लाह का एक नाम

(पु.)वासोख़्त واسوخت
उर्दू पद्य की एक विधा

(वि.)वासोख़्ता واسوختہ
जला हुआ, विदग्ध, कुढ़ा हुआ, अप्रसन्न

(स्त्री.)वाशुद واشد
खिलावट, प्रफुल्लता

(वि.)वासिल واصل
1. मिलने वाला, मुलाक़ात करने वाला 2. सटा हुआ, संयुक्त

(पु.)वासिल बाक़ी नवीस واصل باقی نویس
(प्रशा.) कचहरी का वह लिपिक जो आय-व्यय का हिसाब रखता है

(वि.)वासिल ब हक़ واصل بحق
ईश्वर से मिलने वाला, दिवंगत

(वि.)वाज़ेह واضح
स्पष्ट, प्रकट, बहुत ही साफ़

(वि.)वाज़े واضع
निर्माता, बनाने वाला, रचयिता

(वि.)वाज़िए-दस्तूर واضع دستور
विधान बनाने वाला, विधायक

(वि.)वाज़िए-क़ानून واضع قانون
क़ानून निर्माता, विधायक

(वि.)वाइज़ واعظ
उपदेशक, धर्मोपदेशक, प्रवाचक

(वि.)वाफ़िर وافر
प्रचुर, बहुत, अत्यधिक

(पु.)वालिद والد
पिता, पितृ, जनक
(पु.)वालिदे-माजिद والد ماجد
पूज्य पिता
(स्त्री.)वालिदा والدہ
माता, मातृ, जननी
(स्त्री.)वालिदए-मुहतरमा والدۂ محترمہ
पूज्य माता
(पु.)वालिदैन والدین
माता-पिता, पितरौ
(वा.)वस्सलाम والسلام
सलाम पहुँचे
(वा.)वल्लाह واللہ
अल्लाह की क़सम
(वि.)वालिहाना والہانہ
प्रेमपूर्ण, प्रेमपूर्वक
(पु.)वाली والی
शासक, स्वामी, सहायक, संरक्षक, अधिकारी
(वि.)वालिए-तख़्तो-ताज والیٔ تخت وتاج
युवराज, उत्तराधिकारी
(पु.)वालिए-रियासत والیٔ ریاست
शासक, सम्राट, राजा, किसी रियासत का स्वामी
(स्त्री.) वामाँदगी واماندگی
थकन, निःसहायता, शिथिलता
(वि.)वामांदा واماندہ
1. शिथिल, थका हुआ 2. दुखी 3. लाचार
(वा.)वावैला واویلا
1. कोलाहल, शोरोगुल 2. हाहाकार, कोहराम
(पु.)वावैन واوین
(भा.) उद्धरण-चिह्न
(पु.)वाहिमा واہمہ
1. भ्रम, भ्रांति, वह्म 2. कल्पना शक्ति, कल्पना 3. (मनो.) भ्रमासक्ति, भ्रांति, संभ्रांति
(स्त्री.)वाहियात واہیات
निरर्थक और व्यर्थ बातें
(वा.)वाए وائے
हाय हाय, हाय वाय
(स्त्री.)वाए-तक़्दीर وائے تقدیر
दे. 'وائے قسمت'
(वा.)वाए-क़िस्मत وائے قسمت
हाय रे भाग्य, हाय री क़िस्मत

(वि.)वाक़े واقع
1. घटित, स्थित 2. (भौ.) आपतित
(पु.)वाक़िआत واقعات
'واقعہ' का बहु. 1. घटना, चक्र 2. दुर्घटना 3. वृत्तांत
(वि.)वाक़िआती واقعاتی
घटना से संबंधित, ठीक-ठीक, सच्चा-सच्चा
(क्रि.वि.)वाक़िअ़तन واقعتاً
वास्तव में, वस्तुतः
(पु.)वाक़िआ واقعہ
1. घटना 2. दुर्घटना 3. वृत्तांत
(वि.)वाक़िआ निगार واقعہ نگار
दे. 'واقعہ نویس'
(वि.)वाक़िआ नवीस واقعہ نویس
संवाददकार, समाचार लेखक, घटना लिखने वाला
(क्रि.वि.)वाक़िई واقعی
वास्तविक में, सचमुच
(स्त्री.)वाक़िईयत واقعیت
यथार्थता, वास्तविकता, असलियत, सत्यता
(वि.)वाक़िफ़ واقف
1. अभिज्ञ, जानकार 2. परिचित 3. अनुभवी
(वि.)वाक़िफ़े-हाल واقفِ حال
राज़दार, मर्मज्ञ
(वि.)वाक़िफ़े-कार واقفِ کار
1. अनुभवी 2. संबंधी, जान-पहचान वाले
(स्त्री.)वाक़फ़ियत واقفیت
जानकारी, परिचय, जान पहचान
(पु.)वागुज़ारी क़द्र واگذاری قدر
(वाणि.) अभ्यर्पण मूल्य, समर्पण मूल्य
(स्त्री.)वागुज़ार रियासत واگزار ریاست
(राज.) अर्पणकारी राज्य
(वि.)वागुज़ाश्त واگزاشت
छूट, मुक्ति, छुटकारा, जो छूट गया हो
(वि.)वाला والا
प्रतिष्ठित, मान्य, महान, श्रेष्ठ, उत्तम
(वि.)वाला जाह والا جاہ
दे. 'والا قدر'
(वि.)वाला क़द्र والا قدر
1. उत्तमा, प्रतिष्ठित, सम्मानित 2. महामान्य
(अ.)वाला मर्तबत والا مرتبت
दे. 'والا قدر'

**واے نصیب** (वा.)वाए-नसीब
दे. 'واے قسمت'

**وبا** (स्त्री.)वबा
महामरी, संक्रामक रोग

**وبال** (पु.)वबाल
1. विपत्ति, विपदा, मुसीबत, दुःख, कष्ट 2. बोझ, भार

**وبال جاں** (वि.)वबाले-जाँ
जान का जंजाल, प्राणों के लिए मुसीबत

**وبال دوش** (वि.)वबाले-दोश
काँधे का भार

**وبائی** (वि.)वबाई
संक्रामक, महामारी के रूप में फैला हुआ

**وباے عام** (स्त्री.)वबाए-आम
1. महामारी 2. प्रचलित, प्रचलन में

**وتر** (वि.)वित्र
(भौ.) विकर्ण

**وتیرہ** (पु.)वतीरा
ढंग, आचरण, शैली, पद्धति, तरीक़ा

**وثوق** (पु.)वुसूक़
1. दृढ़ता 2. विश्वास, भरोसा

**وثیقہ** (पु.)वसीक़ा
1. अधिकार पत्र, लेखपत्र, दस्तावेज़ 2. प्रतिज्ञापत्र

**وثیقہ دار** (वि.)वसीक़ा दार
पेंशन पाने वाला

**وجاہت** (स्त्री.)वजाहत
1. मुखश्री, मुखकांति, प्रताप, तेज़ 2. प्रतिष्ठा, मान्यता, इज़्ज़त

**وجب** (पु.)वजब
बारह अंगुल की नाप, बित्ता

**وجد** (पु.)वज्द
आत्म विस्मृति

**وجدان** (पु.)विज्दान
1. काव्य रसज्ञता 2. ज़ौक़ 3. खोये हुए को पाना 4. जानना

**وجود** (पु.)वुजूद
1. अस्तित्व, हस्ती 2. देह, जिस्म, शरीर

**وجودیاتی دلیل** (स्त्री.)वजूदियाती दलील
(दर्श.) प्रत्यय-सत्ता युक्ति

**وجوہ** (स्त्री.)वुजूह
'وجہ' का बहु.

**وجہ** (स्त्री.)वजह
कारण, हेतु, सबब

**وجہ تسمیہ** (स्त्री.)वजहे-तस्मिया
नाम होने का कारण, निरुक्ति

**وجہ عداوت** (स्त्री.)वजहे-अदावत
शत्रुता का कारण

**وجیہ** (वि.)वजीह
श्रीमुख, सुंदर

**وحدانی** (वि.)वहदानी
1. (दर्श.) ब्रह्म संबंधी 2. एक से संबंध रखने वाला 3. युनिटेरी, एकात्मक

**وحدانیت** (स्त्री.)वहदानियत
(दर्श.) अद्वैतवाद

**وحدت** (स्त्री.)वहदत
(दर्श.) 1. एकत्व, एकता 2. अद्वैत भाव

**وحدت الوجود** (पु.)वहदतुल-वुजूद
(दर्श.) अद्वैतवाद, ब्रह्मवाद, यह सिद्धांत कि संसार में केवल एक ईश्वर के सिवा और कुछ नहीं है

**وحدت پرست** (वि.)वहदत परस्त
(दर्श.) अद्वैतवादी, ईश्वर को एक मानने वाला

**وحدت پرستی** (स्त्री.)वहदत परस्ती
(दर्श.) अद्वैतवाद

**وحدت لسانی** (स्त्री.)वहदते-लिसानी
भाषा के दृष्टिकोण से एकता

**وحدیت** (स्त्री.)वहदियत
दे. 'وحدت پرستی'

**وحوش** (पु.)वहूश
'وحشی' का बहु., जंगली जानवर जो आदमी से भड़कते हों

**وحشت** (स्त्री.)वहशत
1. भय, त्रास, डर 2. घबराहट, अकुलाहट

**وحشت انگیز** (वि.)वहशत अंगेज़
डरावना, भयानक, भीषण, विकराल

**وحشت زدہ** (स्त्री.)वहशत ज़दा
1. भयभीत, त्रस्त, डरा हुआ 2. आतुर, उद्विग्न

**وحشت ناک** (वि.)वहशत नाक
दे. 'وحشت انگیز'

(पु.)वर्ता ورطہ
भँवर, पानी का चक्कर
(क्रि.)वर्ग़लाना ورغلانا
बहकाना, भड़काना, उकसाना, भुलावे में डालना
(पु.)वरक़ ورق
1. पृष्ठ, पन्ना 2. (पुष्प की) पंखुड़ी, पत्ता 3. धातु (सोने या चाँदी) का पतला पत्तर
(स्त्री.)वरक़ पज़ीरी ورق پذیری
(भौ.) आघातवर्ध्यता, आघात वर्धनीयता
(वि.)वरक़ साज़ ورق ساز
चाँदी-सोने के वरक़ बनाने वाला
(स्त्री.)वरक़ साज़ी ورق سازی
चाँदी-सोने के वरक़ बनाने का काम
(स्त्री.)वरक़ गर्दानी ورق گردانی
पुस्तक को सरसरी ढंग से पढ़ने की क्रिया
(पु.)वरक़े-गुल ورقِ گل
फूल की पंखुड़ी
(पु.)वरक़ा ورقہ
1. पुस्तक पृष्ठ, पन्ना 2. पत्ता 3. (भौ.) स्तरिका, पटल
(पु.)वरम ورم
शोथ, सूजन
(पु.)वरमे-जिगर ورمِ جگر
यकृत-शोथ, जिगर की सूजन
(अव्य.)वर्ना ورنہ
अन्यथा, नहीं तो
(पु.)वुरूद ورود
आगमन, प्रवेश, पदार्पण, दाख़िला
(पु.)वुरूदे-मुबारक ورودِ مبارک
दे. 'ورودِ مسعود'
(पु.)वुरूदे-मसऊद ورودِ مسعود
शुभागमन, किसी सम्मानित या पूज्य व्यक्ति का पदार्पण
(स्त्री.)वरीद ورید
मुख्य धमनी, रक्त वाहिनी, धमनी
(स्त्री.)विज़ारत وزارت
(राज.) 1. मंत्री का पद 2. मंत्रित्व 3. मंत्रालय
(स्त्री.)विज़ारते-ख़ारिजा وزارتِ خارجہ
(राज.) विदेश मंत्रालय

(वि.)वहशी وحشی
1. वनीय (पशु), जंगली पशु जो मनुष्यों से भागे 2. असभ्य, उज्जड 3. क्रूर, निर्दय
(वि.)वहशियाना وحشیانہ
निर्दय, बेरहम, क्रूरता से भरा
(पु.)वुहूश وحوش
'وحش' का बहु., जंगली जानवर
(पु.)वुहूशो-तुयूर وحوش و طیور
जंगली जानवर और पक्षी
(स्त्री.)वही وحی
आकाशवाणी, पैग़म्बर के लिए ईश्वरीय संदेश
(स्त्री.)विदा وداع
1. विदाई, रुख़सत, गमन 2. दुल्हन की विदाई की रस्म
(वि.)वदाई ودائی
विदाई, रुख़सती
(स्त्री.)वदीअ़त ودیعت
1. अमानत, धरोहर, न्यास 2. निक्षेप, आधान
(क्रि.वि.)वरा ورا
परे, पीछे, आगे, के अतिरिक्त, के अलावा
(स्त्री.)विरासत وراثت
उत्तराधिकार, दायधिकार
(पु.)विरासत नामा وراثت نامہ
उत्तराधिकार पत्र, रिक्थ पत्र
(क्रि.वि.)विरासतन وراثتاً
उत्तराधिकार के रूप में
(पु.)विरसा ورثہ
उत्तराधिकार से प्राप्त धन, तरका
(पु.)विर्द ورد
1. किसी बात को बार-बार कहना या करना 2. जाप, जप, मंत्रजाप
(स्त्री.)वर्ज़िश ورزش
व्यायाम, कसरत, अभ्यास
(पु.)वर्ज़िश ख़ाना ورزش خانہ
दे. 'ورزش گاہ'
(स्त्री.)वर्ज़िशगाह ورزش گاہ
व्यायामशाला
(वि.)वर्ज़िशी ورزشی
कसरती, व्यायाम संबंधी

**وزارتِ داخلہ** (स्त्री.)विज़ारते-दाख़िला
(राज.) गृह मंत्रालय

**وزارتِ عظمیٰ** (स्त्री.)विज़ारते-उज़्मा
(राज.) प्रधान मंत्री का पद

**وزرا** (पु.)वुज़रा
وزیر का बहु. (राज.) मंत्रीगण

**وزن** (पु.)वज़्न
1. भार, बोझ 2. भार का परिमाण, तौल 3. मान मर्यादा का सूचक, महत्त्व 4. (भा.) लय 5. (भा.) छंद गति

**وزن دار** (वि.)वज़्नदार
1. भारी 2. महत्त्व का

**وزنہ** (पु.)वज़्ना
पेपर वेट

**وزنی** (वि.)वज़्नी
भारी, बोझयुक्त

**وزیر** (पु.)वज़ीर
मंत्री

**وزیرِ آبادکاری** (पु.)वज़ीरे-आबादकारी
(राज.) पुनर्वास मंत्री

**وزیرِ آبپاشی** (पु.)वज़ीरे-आबपाशी
(राज.) सिंचाई मंत्री

**وزیرِ آبکاری** (पु.)वज़ीरे-आबकारी
(राज.) आबकारी मंत्री

**وزیرِ اطلاعات** (पु.)वज़ीरे-इत्तलाआत
(राज.) सूचना मंत्री

**وزیرِ اعظم** (पु.)वज़ीरे-आज़म
(राज.) प्रधान मंत्री

**وزیرِ اعلیٰ** (पु.)वज़ीरे-आला
(राज.) मुख्य मंत्री

**وزیرِ امورِ خارجہ** (पु.)वज़ीरे-उमूरे-ख़ारिजा
दे. 'وزیرِ خارجہ'

**وزیرِ امورِ داخلہ** (पु.)वज़ीरे-उमूरे-दाख़िला
दे. 'وزیرِ داخلہ'

**وزیرِ انصاف** (पु.)वज़ीरे-इंसाफ़
(राज.) न्याय मंत्री

**وزیرِ بحالیات** (पु.)वज़ीरे-बहालीयात
(राज.) पुनर्वास मंत्री

**وزیرِ بلدیات** (पु.)वज़ीरे-बल्दीयात
(राज.) स्थानीय स्वशासन मंत्री, शहरी विकास मंत्री

**وزیرِ تجارت** (पु.)वज़ीरे-तिजारत
(राज.) व्यापार मंत्री

**وزیرِ ترقیات** (पु.)वज़ीरे-तरक़्क़ीयात
(राज.) विकास मंत्री

**وزیرِ تعلیم** (पु.)वज़ीरे-तालीम
(राज.) शिक्षा मंत्री

**وزیرِ تعمیرات** (पु.)वज़ीरे-तामीरात
(राज.) निर्माण मंत्री

**وزیرِ جنگ** (पु.)वज़ीरे-जंग
(राज.) युद्ध मंत्री

**وزیرِ حکومت** (पु.)वज़ीरे-हुकूमत
(राज.) राज्य मंत्री

**وزیرِ خارجہ** (पु.)वज़ीरे-ख़ारिजा
(राज.) विदेश मंत्री

**وزیرِ داخلہ** (पु.)वज़ीरे-दाख़िला
(राज.) गृह मंत्री

**وزیرِ دفاع** (पु.)वज़ीरे-दिफ़ा
(राज.) रक्षा मंत्री

**وزیرِ رسل و رسائل** (पु.)वज़ीरे-रस्लो-रसाइल
(राज.) यातायात मंत्री

**وزیرِ زراعت** (पु.)वज़ीरे-ज़राअत
(राज.) कृषि मंत्री

**وزیرِ صحت** (पु.)वज़ीरे-सेहत
(राज.) स्वास्थ मंत्री

**وزیرِ صنعت و حرفت** (पु.)वज़ीरे-सनअतो-हिर्फ़त
(राज.) उद्योग मंत्री

**وزیرِ عدل** (पु.)वज़ीरे-अदल
दे. 'وزیرِ انصاف'

**وزیرِ غذا** (पु.)वज़ीरे-ग़िज़ा
(राज.) खाद्य मंत्री

**وزیرِ فروغِ انسانی وسائل** (पु.)वज़ीरे-इन्सानी वसाईल
(राज.) मानव संसाधन विकास मंत्री

**وزیرِ قانون** (पु.)वज़ीरे-क़ानून
(राज.) विधि मंत्री

**وزیرِ مال** (पु.)वज़ीरे-माल
दे. 'وزیرِ مالیات'

**وزیرِ مالیات** (पु.)वज़ीरे-मालियात
(राज.) वित्त मंत्री

**وزیرِ محنت** (पु.)वज़ीरे-मेहनत
(राज.) श्रम मंत्री

وزیر مفادِ عامّہ (पु.)वज़ीरे-मफ़ादे-आम्मा
(राज.) लोकहित मंत्री

وزیر مملکت (पु.)वज़ीरे-मम्लकत
दे. 'وزیر حکومت'

وزیر مواصلات (पु.)वज़ीरे-मुवासलात
(राज.) संचार मंत्री

وزیر نو آبادیات (पु.)वज़ीरे-नौ आबादियात
(राज.) उपनिवेश मंत्री

وساطت (स्त्री.)वसातत
माध्यम, द्वारा, ज़रिया

وساطت کار (पु.)वसातत कार
(इति.) मध्यस्थ

وسائل (पु.)वसाइल
1. साधन, माध्यम 2. संसाधन

وسط (वि.)वस्त
1. बीच, मध्य 2. (भौ.) माध्य

وسط قدر (स्त्री.)वस्त क़द्र
(भौ.) माध्यमान

وسط ماہ (पु.)वस्ते-माह
महीने का बीच अथवा मध्य

وسط مدتی انتخاب (पु.)वस्त मुद्दती इंतिख़ाब
(राज.) मध्यावधि चुनाव

وسطی (वि.)वस्ती
बीच का, माध्यमिका, मध्यी, मध्य

وسعت (स्त्री.)वुस्अत
विस्तार, फैलाव

وسمہ (पु.)वस्मा
नील की पत्ती जिन से ख़िज़ाब बनाया जाता है

وسوسہ (पु.)वस्वसा
आशंका, संदेह, भ्रम, वह्म

وسیع (वि.)वसी
1. विस्तृत 2. लंबा-चौड़ा 3. विस्तारपूर्ण

وسیع الاخلاق (वि.)वसीउ़ल-अख़्लाक़
उदार चरित्र, उदार व्यवहार वाला

وسیع القلب (वि.)वसीउ़ल-क़ल्ब
उदार हृदय

وسیع المشرب (वि.)वसीउ़ल-मश्रब
जो हर एक धर्म पर आस्था रखे और किसी का दिल न दुखाए

وسیع النظر (वि.)वसीउ़न-नज़र
दूरदर्शी, बुद्धिमान, अनुभव संपन्न

وسیع النظری (स्त्री.)वसीउ़न-नज़री
दूरदर्शिता, बुद्धिमत्ता

وسیلہ (पु.)वसीला
साधन, उपकरण, ज़रिया, माध्यम

وسیلۂ نجات (पु.)वसीलए-नजात
मुक्ति का साधन, छुटकारे का उपाय

وِصال (पु.)विसाल
1. मिलन, मेल 2. प्रेमी और प्रेमिका का मिलन 3. किसी धार्मिक और पूज्य व्यक्ति का निधन अथवा देवलोक गमन

وصف (पु.)वस्फ़
1. गुण, प्रकृति 2. प्रशंसा, तारीफ़ 3. अच्छाई

وصفِ اِضافی (पु.)वस्फ़े-इज़ाफ़ी
अतिरिक्त गुण

وصل (पु.)वस्ल
मिलन

وصل و ہجر (पु.)वस्लो-हिज्र
मिलन और वियोग

وصول (पु.)वुसूल
प्राप्त, लब्ध, प्राप्ति

وصول یاب (वि.)वुसूलयाब
प्राप्त, लब्ध

وصول یابی (स्त्री.)वुसूलयाबी
प्राप्ति

وصولی (वि.)वुसूली
प्राप्ति, वुसूली

وصی (वि.)वसी
जिसके लिए वसीयत की गयी हो, रिक्ताधिकारी

وصیت (स्त्री.)वसीयत
मरने के समय जायदाद व संपत्ति के प्रबंध अथवा व्यय के लिए अंतिम आदेश, वारिस संबंधी लिखित आदेश

وصیت نامہ (पु.)वसीयत नामा
वसीयत नामा, इच्छापत्र

وضاحت (स्त्री.)वज़ाहत
स्पष्टीकरण, स्पष्ट विवरण

وضاحت طلب (वि.)वज़ाहत-तलब
जिसका स्पष्टीकरण आवश्यक हो

وضع (स्त्री.)वज़ा
1. तौर-तरीक़ा (रखना), मर्यादा (रखना)
2. विधान 3. दशा

وضع حمل (पु.)वज़ुए-हम्ल
प्रसव, जनन, प्रसूति

وضع دار (वि.)वज़ादार
1. मर्यादाशील 2. सजीला, बाँका

وضع داری (स्त्री.)वज़ादारी
1. मर्यादाशीलता 2. बाँकापन

وضع قانون (पु.)वज़्अे-क़ानून
विधान निर्माण

وضع قطع (स्त्री.)वज़ा-क़ता
वेशभूषा, सज-धज

وضعی (वि.)वज़ई
बनाया हुआ, गढ़ा हुआ

وضو (पु.)वुज़ू
नमाज़ के लिए नियमपूर्वक हाथ-पाँव और मुँह आदि धोना

وطن (पु.)वतन
1. स्वदेश, देश 2. राष्ट्र

وطن پرست (वि.)वतनपरस्त
देशभक्त

وطن پرستی (स्त्री.)वतन परस्ती
देशभक्ति, देशप्रेम

وطن دوست (वि.)वतन दोस्त
देशप्रेमी

وطن دوستی (वि.)वतन दोस्ती
देशप्रेम, देशभक्ति

وطن فروش (वि.)वतन फ़रोश
देशद्रोही, वतन का ग़द्दार

وطن فروشی (स्त्री.)वतन फ़रोशी
देशद्रोह, ग़द्दारी

وطن قدیم (पु.)वतने-क़दीम
पुराना वतन, पुरखों का देश, पूर्वजों का देश

وطن مالوف (पु.)वतने-मालूफ़
वह वतन जिससे प्रेम हो

وطنی (वि.)वतनी
देशी, स्वदेशीय

وطنیت (स्त्री.)वतनीयत
देशभक्ति, देशप्रेम, राष्ट्रीयता

وظائف (पु.)वज़ाइफ़
'وظیفہ' का बहु.

وظیفہ (पुस.)वज़ीफ़ा
1. छात्रवृत्ति, वृत्ति 2. निवृत्तिवेतन, पेंशन 3. जाप, जप, मंत्रजाप

وظیفہ خوار (वि.)वज़ीफ़ा ख़्वार
1. पेंशन भोक्ता 2. वृत्तिभोक्ता

وظیفہ خوانی (स्त्री.)वज़ीफ़ा ख़्वानी
जाप, जप

وظیفہ خواں (स्त्री.)वज़ीफ़ा ख़्वाँ
जापक, जापी, जपकर्ता

وظیفہ خواہ (वि.)वज़ीफ़ा ख़्वाह
वज़ीफ़ा चाहने वाला

وظیفہ دار (वि.)वज़ीफ़ा दार
दे. 'وظیفہ خوار'

وظیفہ گو (वि.)वज़ीफ़ा गो
जापक, जप कर्ता, जापी

وظیفہ گوئی (स्त्री.)वज़ीफ़ा गोई
जाप, गुणगान करना

وظیفۂ تعلیم (पु.)वज़ीफ़ए-तालीम
छात्रवृत्ति

وعدہ (पु.)वादा
प्रतिज्ञा, वचन, संविदा

وعدہ خلاف (वि.)वादा ख़िलाफ़
प्रतिज्ञा भंजक, वचन पूरा न करने वाला

وعدہ خلافی (स्त्री.)वादा ख़िलाफ़ी
प्रतिज्ञा भंग करना, वचन भंग

وعدہ فراموش (वि.)वादा फ़रामोश
प्रतिज्ञा करके भूल जाने वाला, वचन देकर याद न रखने वाला

وعدہ فراموشی (स्त्री.)वादा फ़रामोशी
प्रतिज्ञा भंग, वादा करके भूल जाना

وعدۂ فردا (पु.)वादए-फ़र्दा
कल का वादा, जो कभी पूरा न हो

وعدہ فرما (वि.)वादा फ़र्मा
वचन देने वाला, वादा करने वाला

وعدہ وفا (वि.)वादा वफ़ा
वचन पूरा करने वाला

وعظ (पु.)वाज़
धर्मोपदेश, नसीहतें, उपदेश, सीख

وعظ خواں (वि.)वाज़ख़्वाँ
दे. 'وعظ گو'

وعظ گو (वि.)वाज़ गो
धर्मोपदेशक, उपदेशक

وقائع (पु.)विक़ा
युद्ध, लड़ाई

وقائع (पु.)वक़ाए
1. 'واقعہ' का बहु., घटनाएँ 2. समाचार, ख़बरें

وقائع نگار (वि.)वक़ाए-निगार
दे. 'وقائع نویس'

وقائع نگاری (स्त्री.)वक़ाए-निगारी
दे. 'وقائع نویسی'

وقائع نویس (वि.)वक़ाए-नवीस
इतिहासकार, समाचार लेखक, संवादकार

وقائع نویسی (स्त्री.)वक़ाए-नवीसी
1. इतिहास लिखना 2. संवाद देना

وقایہ (पु.)विक़ाया
रक्षा, देख-रेख, हिफ़ाज़त

وقت (पु.)वक़्त
1. समय, ज़माना 2. अवसर, मौक़ा 3. ऋतु, मौसम 4. मृत्यु की घड़ी, मृत्यु-क्षण

وقتِ آخر (पु.)वक़्ते-आख़िर
अंतिम समय, मृत्यु-काल

وقتِ اجل (पु.)वक़्ते-अजल
मृत्यु-समय, मरने का समय

وقت بے وقت (वि.)वक़्त बेवक़्त
समय-असमय

وقت پیما (पु.)वक़्त पैमा
(भौ.) कालमापी, क्रोनोमीटर

وقتِ ضرورت (पु.)वक़्ते-ज़रूरत
आवश्यकता के समय

وقتاً فوقتاً (क्रि.वि.)वक़्तन फ़ वक़्तन
यदा कदा, कभी कभी

وقتی (वि.)वक़्ती
सामयिक, समय-संबंधी, अस्थायी

وقعت (स्त्री.)वक़्अत
निष्ठा, इज़्ज़त, आदर, महत्व, अहमीयत

وقف (पु.)वक़्फ़
1. ईश्वरार्पण, देवोत्तर, उत्सर्ग, ख़ुदा के नाम पर दान की हुई वस्तु या संपत्ति आदि
2. किसी पुरुष विशेष के लिए रखी हुई या अलग की हुई वस्तु, न्यास

وقف علی الاولاد (पु.)वक़्फ़ अ़लल औलाद
वह संपत्ति जो अपनी संतान के लिए वक़्फ़ हो

وقف نامہ (पु.)वक़्फ़ नामा
वक़्फ़ की दस्तावेज़, उत्सर्गपत्र, दानपत्र

وعید (स्त्री.)वईद
दंड की धमकी, दंड-त्रासन

وغا (स्त्री.)वग़ा
युद्ध, समर, जंग, लड़ाई

وغیرہ (अव्य.)वग़ैरा
आदि, इत्यादि, प्रभृति

وفا (स्त्री.)वफ़ा
1. प्रतिज्ञा पालन 2. भक्ति, वफ़ादारी
3. निर्वाह, निबाह

وفات (स्त्री.)वफ़ात
मृत्यु, मरण, मौत, निधन

وفادار (स्त्री.)वफ़ादार
वचनबद्ध, प्रतिज्ञा निभाने वाला, कृतज्ञ

وفاداری (स्त्री.)वफ़ादारी
वचनबद्धता, विश्वास-पात्रता

وفاق (पु.)विफ़ाक़
1. अनुकूलता, मुवाफ़क़त 2. मैत्री, दोस्ती
3. (राज.) कई राष्ट्रों का संयुक्त मोर्चा, संघ

وفاقی (वि.)विफ़ाक़ी
1. संघातमक, संयुक्त मोर्चे वाला
2. (राज.) संघीय

وفاقی جمہوریہ (स्त्री.)विफ़ाक़ी जम्हूरिया
(राज.) संघीय गणतंत्र

وفاقیت (स्त्री.)विफ़ाक़ियत
(राज.) संघवाद, संघराज्य पद्धति

وفاقیہ (स्त्री.)विफ़ाक़िया
(राज.) संघ, महासंघ

وفائے وعدہ (स्त्री.)वफ़ाए-वादा
प्रतिज्ञा का पालन, वादा पूरा करना

وفد (पु.)वफ़्द
(राज.) प्रतिनिधि मंडल

وفور (पु.)वुफ़ूर
आधिक्य, प्राचुर्य, बाहुल्य

وفورِ شوق (पु.)वुफ़ूरे-शौक़
लालसा और अभिलाषा की बहुतायत, उत्कंठा

وفورِ غم (पु.)वुफ़ूरे-ग़म
शोक अथवा दुख का बाहुल्य

وقار (पु.)वक़ार
1. भारी भरकमपन, गुरुत्व 2. प्रतिष्ठा, इज़्ज़त
3. गंभीरता, मान-मर्यादा, इहतिराम

وقفہ (पु.)वक़्फ़ा
1. विराम, अंतराल, कालांतर 2. देर, बिलंब
3. ठहराव, सुकून

وقفۂ ملازمت (पु.)वक़्फ़ए-मुलाज़िमत
(प्रशा.) सेवा में व्यवधान

وقوع (पु.)वक़ू
1. प्रकट होना, घटित होना 2. घटना, वाक़िआ

وقوعہ (पु.)वुक़ूआ
1. घटना 2. दुर्घटना, वाक़िआ, हादिसा

وقوف (पु.)वुक़ूफ़
1. ज्ञान, परिचय, जानकारी 2. (मनो.) संज्ञान

وقیع (वि.)वक़ी
1. दृढ़, मज़बूत 2. श्रेष्ठ

وکالت (स्त्री.)वकालत
1. वकील का काम 2. अभिभाषण
3. अभिवचन

وکالت پیشہ (वि.)वकालत पेशा
जो वकालत करता हो, अभिभाषण व्यवसायी

وکالت نامہ (पु.)वकालत नामा
अभिभाषण पत्र, वकालत नामा

وکیل (वि.)वकील
वकालत करने वाला, अभिभाषक, अधिवक्ता

وکیل سرکار (पु.)वकीले-सरकार
सरकारी मुक़द्दमों में पैरवी करने वाला वकील

وکیل مطلق (पु.)वकीले-मुत्लक़
ऐसा वकील जिसे मुअक्किल की ओर से पूरे अधिकार प्राप्त हों

وگرنہ (अव्य.)वगर्ना
अन्यथा, वर्ना, नहीं तो

ولادت (स्त्री.)विलादत/वलादत
जन्म, पैदाइश

ولایت (स्त्री.)विलायत
1. विदेश (पहले ईरान और तुर्किस्तान आदि को कहा जाता था, अब यूरोप और विशेषकर इंगलैंड को कहते हैं) 2. वली या ऋषि होने का भाव, अथवा उनका पद

ولایتی (वि.)विलायती
विदेशीय

ولد (पु.)वलद
पुत्र, तनय, बेटा, लड़का

ولدالزنا (पु.)वलदुज़्ज़िना
1. कपूत 2. हरामी

ولدیت (स्त्री.)वलदीयत
पिता के नाम आदि का परिचय

ولولہ (पु.)वल्वला
उत्साह, उमंग, जोश

ولولہ انگیز (वि.)वल्वला अंगेज़
उत्साहवर्द्धक, उमंग बढ़ाने वाला, जोश पैदा करने वाला

ولولہ خیز (वि.)वल्वला ख़ेज़
दे. 'ولولہ انگیز'

ولی (वि.)वली
1. उत्तराधिकारी, वारिस 2. सहायक, मित्र
3. प्रतिनिधि 4. (प्रशा.) अभिभावक
5. महात्मा, महर्षि, संत

ولی اللہ (पु.)वलीउल्लाह
ईश्वर का मित्र अर्थात् महात्मा, महर्षि

ولی عہد (पु.)वली अह्द
बादशाह का उत्तराधिकारी, युवराज, राजकुमार

ولی نعمت (पु.)वली नेमत
1. स्वामी, मालिक 2. अभिभावक, सरपरस्त

ولیک (अव्य.)वलेक
'ولیکن' का लघु., लेकिन, परंतु, मगर

ولیمہ (पु.)वलीमा
निकाह के बाद दुल्हे की ओर से दिया जाने वाला खाना, विवाह-भोज, विवाहोपरांत भोज, प्रीतिभोज

ولے (वर्ण)वले
'ولیکن' का लघु., लेकिन, परंतु, मगर

وہم (पु.)वह्म
भ्रम, भ्रांति, शंका, संशय

وہمی (वि.)वह्मी
1. भ्रमी, संशयात्मक, भ्रमकारी 2. काल्पनिक

ویران (वि.)वीरान
उजाड़, निर्जन

ویرانہ (पु.)वीराना
वीरान, निर्जन स्थान, खंडहर

ویرانی (स्त्री.)वीरानी
निर्जनता, भग्न का भाव, बेरौनक़ी, विनाश

ویراں (वि.)वीराँ
दे. 'ویران'

## ہ

(प्रत्य.)हा ہا
शब्द के अंत में आकर बहुवचन बनाता है, जैसे- 'درختہا' (दरख़्तहा) वृक्ष-समूह, प्रायः निष्प्राण वस्तुओं के लिए आता है

(पु.)हाबील ہابیل
हज़रत आदम के एक पुत्र का नाम जिसे क़ाबील ने मार डाला था

(पु.)हात ہات
हाथ

(वि.)हातिफ़ ہاتف
1. पुकारने वाला, बुलाने वाला 2. फ़रिश्ता

(वि.)हादी ہادی
1. पथप्रदर्शक, रास्ता दिखाने वाला 2. नेता, लीडर 3. अगुआ, संचालक 4. अल्लाह के नामों में से एक नाम

(पु.)हार ہار
1. फूलों या मोतियों आदि की माला
2. (स्त्री.) पराजय

(पु.)हारून ہارون
पैग़म्बर हज़रत मूसा के भाई का नाम

(वि.)हाशिम ہاشم
पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद साहिब के वंशप्रवर्तक

(वि.)हाशिमी ہاشمی
'हाशिम' के वंशज

(वि.)हाज़िम ہاضم
पाचक

(वि.)हाज़िमा ہاضمہ
पाचन शक्ति

(पु.)हाला ہالہ
1. चाँद या सूरज के गिर्द पड़ने वाला घेरा, परिवेश 2. प्रभा मंडल

(अव्य.)हाँ ہاں
1. सावधान! ख़बरदार! देखो! होशयार!, चेतावनी द्योतक स्वर 2. (स्त्री.) स्वीकार 3. (क्रि.वि.) अवश्य

(पु.)हावन ہاون
ओखली, उलूखल

(पु.)हावनदस्ता ہاون دستہ
ओखली मूसल

(वि.)हाईया ہائیہ
(भा.) महाप्राण

(स्त्री.)हाए-हुत्ती ہائے حطی
बड़ी 'हे' अर्थात् 'ح'

(स्त्री.)हाए-मुख़्तफ़ी ہائے مختفی
वह 'ہ' जो लिखी जाए मगर उच्चारित न हो और केवल यह ज़ाहिर करने के लिए आए कि अंतिम अक्षर हल् नहीं है, जैसे- 'دیوانہ'

(स्त्री.)हाए-मख़्लूत ہائے مخلوط
महाप्राण के लिए प्रयुक्त 'ھ' जैसे بھ، پھ

(स्त्री.)हाए-मुशक़्क़क़ ہائے مشقق
दो चश्मी अर्थात् 'ھ'

(स्त्री.)हाए-मुज़्हर ہائے مظہر
वह 'ہ' जो ज़ाहिर हो, जैसे- 'جگہ' जगह की 'ہ'

(स्त्री.)हाए-मल्फ़ूज़ी ہائے ملفوظی
उच्चारित 'ہ' दे. 'ہائے مظہر'

(स्त्री.)हाए-हव्वज़ ہائے ہوز
छोटी 'हे' 'ہ'

(पु.)हिबा ہبہ
1. दान, अनुदान, बख़्शिश 2. पुरस्कार, उपहार, पारितोषिक, भेंट

(पु.)हिबा नामा ہبہ نامہ
दानपत्र

(स्त्री.)हत्क/हतक ہتک
अपमान, तिरस्कार, बेइज़्ज़ती, निरादर, मानहानि

(स्त्री.)हत्के-इज़्ज़त ہتکِ عزت
मानहानि, इज़्ज़त पर हमला, तौहीन

(पु.)हथयार ہتھیار
शस्त्र, असलहा

(वि.)हथयारबंद ہتھیار بند
सशस्त्र

(पु.)हिजा ہجا
वर्तनी, अक्षरी

(पु.)हिज्र ہجر
वियोग, विरह, जुदाई

ہذیان (पु.)हिज़्यान
1. ज्वर की स्थिति में अनर्गल बात
2. बकवास 3. विभ्रांति बात, अनर्गल बात

ہر (वर्ण)हर
प्रत्येक, हर एक

ہردل عزیز (वि.)हरदिल अज़ीज़
जिसे सब पसंद करें, सर्वप्रिय, लोकप्रिय

ہرکس وناکس (वि.)हर कसो-नाकस
हर कोई, छोटे-बड़े सब, अच्छे-बुरे सब

ہراس (पु./स्त्री.)हिरास
1. भय, डर 2. शंका, आशंका 3. निराशा, नाउम्मीद

ہراساں (वि.)हिरासाँ
1. भयभीत, डरा हुआ 2. हताश, नाउम्मीद, निराश

ہراسا (पु.)हिरासा
बजूका

ہراول (पु.)हरावल
सेना में सबसे आगे चलने वाला सिपाहियों का दल

ہرج (वि.)हर्ज
क्षति, हानि, नुक़सान

ہرجا (वि.)हरजा
हर जगह, हर स्थान पर, प्रत्येक स्थल

ہرجانہ (पु.)हर्जाना
क्षतिपूर्ति

ہرجائی (वि.)हर्जाई
1. घुमक्कड़, आवारा 2. कुलटा, व्यभिचारिणी

ہرجہ (वि.)हर्जा
दे. 'ہرج'

ہرچند (क्रि.वि.)हर चंद
यद्यपि, हालाँकि, जितना कि

ہرچہ (क्रि.वि.)हरचे
जो कुछ

ہرچہ باداباد (वा.)हरचे-बादाबाद
जो हो सो हो

ہردم (वि.)हर दम
हर समय, निरंतर, लगातार, नित्य, हमेशा, प्रत्येक क्षण

ہردو (वि.) हरदो
दोनों

ہجراں (पु.)हिज्राँ
वियोग, जुदाई, विरह

ہجرت (स्त्री.)हिज्रत
प्रवास, स्थानांतरण

ہجری (वि.)हिज्री
इस्लामी संवत्सर जो पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहिब की हिजरत (मक्का से मदीना गमन) से प्रारंभ होता है

ہجو (स्त्री.)हज्व
1. निंदा, तिरस्कार, अपमान 2. ऐसी कविता जिसमें किसी की निंदा की जाए

ہجوگوئی (स्त्री.)हज्व गोई
कविता में दूसरों की निंदा करना

ہجوم (पु.)हुजूम
जन-समूह, भीड़, मजमा

ہجویات (स्त्री.)हज्वीयात
दूसरों की निंदा में की गयी कविताओं का संग्रह

ہجے (स्त्री.)हिज्जे
(भा.) वर्तनी

ہدایا (पु.)हदाया
'ہدیہ' का बहु., उपहार, भेंट, पुरस्कार

ہدایت (स्त्री.)हिदायत
1. निर्देश, आदेश 2. (जन.) संकेत पंक्ति

ہدایت کار (पु.)हिदायतकार
निर्देशक, निर्देष्टा, अनुदेशक

ہدایتی اُصول (पु.)हिदायती उसूल
(राज.) निदेशक सिद्धांत

ہدف (पु.)हदफ़
1. लक्ष्य, निशाना 2. ऊँचा पुश्ता

ہدہد (पु.)हुदहुद
कठफोड़ा पक्षी

ہدیٰ (पु.)हुदा
1. सन्मार्ग, सरल मार्ग, सीधा रास्ता
2. सत्यता, सच्चाई

ہدیہ (पु.)हदीया
पुरस्कार, उपहार, भेंट, तोहफ़ा

ہذا (वर्ण)हाज़ा
यह

ہرزہ (पु.)हिज़ा
व्यर्थ, अनर्गल

ہرزہ کار (वि.)हिर्ज़ा कार
व्यर्थकारी

ہرزہ گوئی (स्त्री.)हिर्ज़ा गोई
व्यर्थ की बातें करना

ہرسو (वि.)हरसू
हर तरफ़, चारों ओर, चहुँओर, चारों तरफ़

ہرکارہ (पु.)हरकारा
पत्रवाहक, श्रावक

ہرگز (क्रि.वि.)हरगिज़
कदापि, कभी नहीं

ہرمُزد (पु.)हुर्मुन्द
बृहस्पति ग्रह

ہرن (पु.)हिरन
हिरन, मृग

ہزار (वि.)हज़ार
1. दस सौ की संख्या, सहस्र 2. (स्त्री.) बुलबुल

ہزار پا (पु.)हज़ार पा
कनखजूरा, शतपाद

ہزار داستاں (पु.)हज़ार दास्ताँ
1. बुलबुल 2. हज़ार क़िस्म की बोलियाँ बोलने वाला

ہزار ستون (पु.)हज़ार सुतून
वह भवन या इमारत जिसमें हज़ार खंभे हों

ہزارہ (पु.)हज़ारा
1. एक फूल 2. पौदों को पानी देने का एक पात्र, जिसकी टोंटी में 'फ़व्वारा' होता है 3. शतदल

ہزل (पु.)हज़्ल
1. अश्लीलता, फक्कड़पन 2. अश्लील कविता

ہزل گوئی (स्त्री.)हज़्ल गोई
अश्लील कविता करना

ہزیمت (स्त्री.)हज़ीमत
पराजय, हार, शिकस्त

ہسپتال (पु.)हस्पताल
अस्पताल, चिकित्सालय

ہست (स्त्री.)हस्त
1. अस्ति, अस्तित्व 2. उपस्थिति

ہست و بود (स्त्री.)हस्तो-वूद
जो है और था

ہست و نیست (पु.)हस्तो-नेस्त
उत्पत्ति और विनाश

ہستی (स्त्री.)हस्ती
1. अस्तित्व, वुजूद 2. जीवन, प्राण 3. संसार, दुनिया

ہستیِ فانی (स्त्री.)हस्तिए-फ़ानी
दे. 'ہستیِ ناپائدار'

ہستیِ ناپائدار (स्त्री.)हस्तिए-नापाएदार
नश्वर जीवन

ہستی و نیستی (स्त्री.)हस्तीयो-नीस्ती
जीवन-मृत्यु

ہشاش (वि.)हश्शाश
हर्षित, प्रसन्न, प्रफुल्ल

ہشاش بشاش (वि.)हश्शाशो-बश्शाश
प्रसन्नचित्त

ہشت (वि.)हश्त
अष्ट, आठ

ہشت بہشت (स्त्री.)हश्त बिहिश्त
आठों स्वर्ग

ہشت پہلو (वि.)हश्त पहलू
(भौ.) अष्टफलकी

ہشتم (वि.)हश्तुम
आठवाँ, अष्टम्

ہضم (वि.)हज़्म
1. पचा हुआ 2. (पु.) पाचन शक्ति

ہفت (वि.)हफ़्त
सात की संख्या, सात

ہفت اقلیم (स्त्री.)हफ़्त इक़्लीम
सातों महाद्वीप अर्थात् सारी दुनिया

ہفت اورنگ (पु.)हफ़्त औरंग
सप्तर्षि

ہفت پیکر (पु.)हफ़्त पैकर
सप्तग्रह

ہفت خواں (पु.)हफ़्त ख़्वाँ
वह सातों मंज़िलें जो रुस्तम को तय करनी पड़ी थीं

ہفت روزہ (वि.)हफ़्त रोज़ा
साप्ताहिक

ہفت طبق (पु.)हफ़्त तबक़
पृथ्वी के सातों तल

ہفتم ( वि. )हफ़्तुम
सातवाँ, सप्तम

ہفتہ ( पु. )हफ़्ता
सप्ताह

ہفتہ وار ( वि. )हफ़्तावार
साप्ताहिक

ہکاری ( वि. )हकारी
( भा. ) महाप्राण

ہلاک ( वि. )हलाक
मृत

ہلاکت ( स्त्री. )हलाकत
1. मृत्यु, मौत 2. बर्बादी, तबाही

ہلال ( पु. )हिलाल
नवचन्द, नया चाँद

ہلال عید ( पु. )हिलाले-ईद
ईद का चाँद

ہلال نما ( वि. )हिलाल नुमा
नये चाँद के आकार का

ہلال نو ( पु. )हिलाले-नौ
नवचंद, बालेंदु

ہلالی ( वि. )हिलाली
नये चाँद जैसा, नव चंद्राकार

ہلاہل ( वि. )हलाहल
1. घातक 2. ( पु. ) घातक विष

ہلکورا ( पु. )हल्कोरा
हिलोर, लहर, तरंग

ہم آغوش ( वि. )हम आग़ोश
आलिंगित, एक दूसरे को गोद में लिये हुए

ہم آغوشی ( स्त्री. )हम आग़ोशी
आलिंगन

ہم آواز ( वि. )हम आवाज़
एकस्वर, सहमत, सहस्वर

ہم آہنگ ( वि. )हम आहंग
1. एक सी आवाज़ वाले 2. एक से इरादे वाले 3. एक सी राय वाले 4. सुरीला

ہم آہنگی ( स्त्री. )हम आहंगी
1. एक सी आवाज़ 2. एक सा इरादा 3. एक सी राय 4. सुरीलापन, सौहार्द

ہم بستری ( स्त्री. )हम बिस्तरी
सहवास

ہم پایہ ( वि. )हम पाया
बराबर के दरजे वाला

ہم پلہ ( वि. )हम पल्ला
तुल्य, समान, जोड़ीदार

ہم پیشہ ( वि. )हम पेशा
सहवृत्ति

ہم جماعت ( वि. )हम जमात
सहपाठी, एक वर्ग वाले

ہم جنس ( वि. )हम जिंस
सजातीय, एक जाति का

ہم جنسی ( स्त्री. )हम जिंसी
1. ( प्राणि. ) एक जाति का होना, सजातीयता 2. सहोत्पन्न 3. समवंशी

ہم خیال ( वि. )हम ख़याल
सहमत, एकमत, एक राय वाले

ہم دم ( पु. )हम दम
मित्र, साथी

ہمدرد ( वि. )हम दर्द
दुख दर्द का साथी, सहानुभूति करने वाला

ہمدردی ( स्त्री. )हम दर्दी
सहानुभूति

ہم راز ( वि. )हम राज़
अंतरंग मित्र

ہم راہ ( वि. )हम राह
साथ, संग

ہم راہی ( पु. )हम राही
सहपंथी, सहयात्री

ہم رشتگی ( स्त्री. )हम रिश्तगी
( भौ. ) सहसंबंध

ہم زاد ( वि. )हम ज़ाद
सहजात, मनुष्यदेवा

ہم زبان ( वि. )हम ज़बान
1. सहभाषी 2. एकमत, एकराय

ہم زلف ( पु. )हम ज़ुल्फ़
साढ़ू, साली का पति

ہم سال ( वि. )हम साल
समसामायिक, हमउम्र, समकालीन

ہمسائگی ( स्त्री. )हमसायगी
पड़ोस

ہمسایہ ( पु. )हमसाया
पड़ोसी, प्रतिवेशी

ہم سخن ( वि. )हम सुख़न
सहभाषी, साथी, मिलकर बात करने वाला

ہمسر ( वि. )हम सर
बराबर, समान

ہمسری (स्त्री.)हमसरी
1. समानता, बराबरी 2. उद्दंडता, अक्खड़पन

ہمسفر (वि.)हम सफ़र
सहपंथी, सहगामी, सहयात्री

ہمسن (स्त्री.)हम सिन
दे. 'ہمعمر'

ہمشکل (वि.)हम शक्ल
1. समरूप, एकरूप, अनुरूप, तदरुप, समाकार 2. (भौ.) समाकृतिक

ہمشکلیت (स्त्री.)हम शक्लियत
(भौ.) तुल्याकारिता, समाकृतिकता

ہمشیرہ (स्त्री.)हमशीरा
सहोदरा, बहन

ہمصحبت (वि.)हम सुहूबत
साथी, हमनशीं, साथ बैठने वाला

ہمعصر (वि.)हम अस्र
समकालीन

ہمعقیدہ (वि.)हम अक़ीदा
1. सधर्मानुयायी 2. किसी एक बात पर विश्वास रखने वाले

ہمعمر (वि.)हम उम्र
समवयस्क, वय:स्थ, समसामयिक, हमउम्र, हमजोली, सखा

ہمعمری (स्त्री.)हम उम्री
समवयस्कता

ہمعہد (वि.)हम अह्द
दे. 'ہمعصر'

ہمقطبی (वि.)हम कुत्बी
(वन.) समध्रुवी

ہمکلام (वि.)हम कलाम
सहभाषी

ہمکلامی (स्त्री.)हम कलामी
परस्पर बातचीत

ہملسانی علاقہ (पु.)हम लिसानी इलाक़ा
(राज.) समभाषिक क्षेत्र

ہممخرج (वि.)हम मख़्रज
(भा.) सवर्ण स्वनिम

ہممخرج آواز (स्त्री.)हम मख़्रज आवाज़
(भा.) सवर्ण स्वन

ہممذہب (वि.)हम मज़्हब
सहधर्मी

ہممشرب (वि.)हम मश्रब
सहपंथी, सहगामी

ہممعنی (वि.)हम मानी
एकार्थी, समानर्थी

ہمنام (वि.)हम नाम
समनाम, जब एक ही नाम दूसरे व्यक्ति का हो तो वह एक दूसरे के हमनाम कहलाते हैं

ہمنشینی (स्त्री.)हम नशीनी
मैत्री, एक साथ बैठना

ہمنشیں (वि.)हम नशीं
साथ बैठने वाला, मित्र, सभासद, मुसाहिब

ہمنفس (वि.)हम नफ़स
साथी, संगी, मित्र, दोस्त

ہمنمو (वि.)हम नुमू
(वन.) 1. अभिवर्धित 2. सहवर्धित

ہمنوا (वि.)हम नवा
सहमत, एकराय, सुर में सुर मिलाने वाला

ہمنوالہ (वि.)हम निवाला
सहभोजी, मित्र

ہمنوائی (स्त्री.)हम नवाई
1. मतैक्य 2. राय की एकता

ہموجودیت (स्त्री.)हम वजूदियत
(मनो.) सह-अस्तित्व

ہموزن (वि.)हम वज़्न
1. तौल में बराबर, समतुलित 2. छंद मात्राओं के हिसाब से बराबर

ہموطن (वि.)हम वतन
1. देशवासी, एक देश के रहने वाले
2. एक ही नगर के रहने वाले

ہمہمہ (पु.)हमहमा
1. सिंह-गर्जन 2. आतंक, धाक 3. धूमधाम

ہما (पु.)हुमा
एक कल्पित पक्षी जिसकी छाया पड़ने से व्यक्ति राजा हो जाता है

ہماشما (पु.)हमा शुमा
सब कोई, छोटा बड़ा, अपना-पराया

ہمالہ (पु.)हिमाला
हिमालय पर्वत

ہمایوں (वि.)हुमायूँ
शुभ, मंगलमय, मुबारक

( स्त्री. )हिम्मत ہمت
साहस, उत्साह, हौसला

( फ़ा. )हिम्मत अफ़्ज़ाई ہمت افزائی
हौसला बढ़ाना, प्रोत्साहन देना

( वि. )हिम्मत शिकन ہمت شکن
हौसला तोड़ने वाला, उत्साह भंग करने वाला

( स्त्री. )हिम्मत वर ہمت ور
हिम्मतवाला, साहसी, उत्साही

( वि. )हम्ता ہمتا
समान, तुल्य, मिस्ल

( वि. )हम्वार ہموار
1. समतल, चौरस 2. अंगीकृत, राज़ी, अनुकूल

( वि. )हमा ہمہ
सर्व, सब, कुल, समग्र, समूचा, पूर्ण

( वा. ) हमा अज़ ऊस्त ہمہ از اوست
( दर्श. ) सर्वेश्वरवाद

( क्रि.वि. )हमा औक़ात ہمہ اوقات
हर समय

( वि. )हमा तन ہمہ تن
निमग्नता के साथ, तल्लीनतापूर्वक, तन्मयता

( वि. )हमा ख़ोर ہمہ خور
( प्राणि. ) सर्वाहारी

( स्त्री. )हमा दानी ہمہ دانی
सब कुछ जानना, सर्वज्ञता, विद्वत

( वि. )हमा दाँ ہمہ داں
सर्वज्ञ

( वि. )हमा गीर ہمہ گیر
सर्वव्यापी, सार्वभौम

( वि. )हमा वक़्त ہمہ وقت
हर समय, हर वक़्त

( पु. )हमेशगी ہمیشگی
नित्यता, निरंतरता

( वि. )हमेशा ہمیشہ
सर्वदा, नित्य

( पु. )हिंद ہند
भारत, हिंदुस्तान

( वि. )हिंद नज़ाद ہند نژاد
भारतीय मूल का

( पु. )हिंदुस्तान ہندستان
भारत, भारतवर्ष, हिंद

( पु. )हिंदुस्तानी ہندستانی
1. भारतीय 2. भारत का निवासी, ( स्त्री. ) हिंदुस्तान की भाषा, एक भाषा जो सरल हिंदी-उर्दू का मिश्रण है

( पु. )हिंदसा ہندسہ
1. संख्या 2. गणित

( वि. )हिंदसा दाँ ہندسہ داں
गणितज्ञ

( वि. )हिंदसी ہندسی
( ग. ) संख्यात्मक

( पु. )हिंदुकश ہندوکش
उत्तर पश्चि में स्थित एक पहाड़

( पु. )हिंदुए-चश्म ہندوئے چشم
आँख की पुत्ली

( स्त्री. )हिंदी ہندی
1. भारतीय, हिंदुस्तानी 2. हिंदी भाषा

( पु. )हिंदी नज़ाद ہندی نژاد
हिंदुस्तान में जन्मा व्यक्ति

( क्रि.वि. )हिंदियाना ہندیانا
1. भारतीयकरण 2. हिंदीकरण

( पु. )हुनर ہنر
1. शिल्प, दस्तकारी 2. कला 3. गुण, हाथ की सफ़ाई, विद्या

( वि. )हुनर मंद ہنرمند
दस्तकार, गुणवान, कलाकार, शिल्पकार, गुणी

( पु. )हुनर मंद मजूदूर ہنرمند مزدور
( वाणि. ) कुशल श्रमिक

( स्त्री. )हुनर मंदी ہنرمندی
कलाकारी, शिल्पकारी, हस्तकारी

( पु. )हंगाम ہنگام
समय, काल, ऋतु, मौसम

( पु. )हंगामे-नज़ा ہنگام نزع
प्राण निकलने का समय, जाँकनी

( पु. )हंगामा ہنگامہ
1. कोलाहल, शोर-गुल, हल्ला, हंगामा 2. फ़साद, उपद्रव

( स्त्री. )हंगामा आराई ہنگامہ آرائی
उपद्रव करना, फ़साद मचाना, हंगामा करना

( वि. )हंगामा पसंद ہنگامہ پسند
उपद्रव प्रेमी, उपद्रवी

( वि. )हंगामी ہنگامی
1. सामयिक 2. अस्थायी, क्षणिक, तात्कालिक 3. आपातकालीन

(स्त्री.)हंगामी इम्दाद ہنگامی امداد
(प्रशा.) आपात राहत
(पु.)हंगामी बजट ہنگامی بجٹ
(अर्थ.) आपात बजट
(पु.)हंगामी हालात ہنگامی حالات
1. (प्रशा.) आपात 2. आपातकाल
(क्रि.वि.)हुनूज़ ہنوز
अभी तक, अब तक
(पु.)हू ہو
1. ब्रह्म 2. शून्य 3. ब्रह्म सुनसान 4. निर्जन
(वा.)हुवल्लाह ہو اللہ
वही अल्लाह है
(वि.)हूबहू ہو بہو
1. एक जैसा, बिल्कुल एक सा, सदृश, समान 2. समतुल्य, मिस्ल
(स्त्री.)हवा ہوا
1. इच्छा, आकांक्षा 2. लिप्सा, लोभ, लालच 3. वात, वायु, हवा 4. पाद 5. महामारी
(वि.)हवा बाज़ ہواباز
1. हवाई जहाज़ उड़ाने वाला, वायुयान- चालक, पायलेट, विमान चालक 2. डींग हाँकने वाला
(स्त्री.)हवा बाज़ी ہوابازی
1. विमानन 2. विमान चालन
(वि.)हवा ख़ोर ہواخور
खुली हवा में टहलने वाला, वायु सेवन करने वाला
(स्त्री.)हवा ख़ोरी ہواخوری
खुली हवा में टहलना, वायु-सेवन
(वि.)हवादार ہوادار
1. एक खुली हुई पालकी, तामझाम 2. खुली हुई जगह, जहाँ अच्छी तरह हवा आती है
(वि.)हवाई ہوائی
1. वायु-संबंधी, वायु का 2. एक आतशबाज़ी
(पु.)हवाई तोपची ہوائی توپچی
(प्रशा.) हवाई तोपची
(पु.)हवाई ट्रैफ़िक ہوائی ٹریفک
(प्रशा.) हवाई यातायात
(पु.)हवाई जहाज़ ہوائی جہاز
(प्रशा.) वायुयान, विमान
(पु.)हवाई हम्ला حملہ
(प्रशा.) हवाई आक्रमण

(स्त्री.)हवाई हयातियात ہوائی حیاتیات
(वन.) वायुजैविकी
(पु.)हवाई दबाव ہوائی دباؤ
(भू.) वायुमंडल दाब
(स्त्री.)हवाई डाक ہوائی ڈاک
(प्रशा.) हवाई जहाज़ से भेजी जाने वाली डाक
(पु.)हवाई रास्ता ہوائی راستہ
(प्रशा.) वायु मार्ग
(स्त्री.)हवाए-तुंद ہوائے تند
(भू.) झंझावात, झक्कड़
(स्त्री.)हवाए-सर्द ہوائے سرد
(भू.) शीतल वायु
(पु.)हौदज ہودج
ऊँट या हाथी की पीठ पर रखी जाने वाली अम्बारी, हौदा
(स्त्री.)हवस ہوس
1. उत्कंठा, लालसा 2. विलास, भोग
(वि.)हवस परस्त ہوس پرست
1. वासनाग्रस्त, विलासी 2. लोभी, लालची, जो बहुत बड़ा लोभी हो
(वि.)हवसनाक ہوسناک
लालसापूर्ण
(पु.)होश ہوش
चेतना, विवेक, नशे के उतार की अवस्था
(वि.)होश बाख़्ता ہوش باختہ
जिसका दिमाग़ ठिकाने न हो, हतसंज्ञ
(वि.)होश रुबा ہوش ربا
संमोहक, सम्मोहक
(वि.)होश मंद ہوشمند
1. बुद्धिमान, सचेत 2. होशियार
(स्त्री.)होश मंदी ہوشمندی
1. विवेक, बुद्धिमत्ता 2. अक़्लमंदी, होशियारी
(पु.)होशो-हवास ہوش وحواس
बुद्धि, चेतना
(वि.)होशियार ہوشیار
1. सतर्क, चौकन्ना 2. चतुर, चालाक
(स्त्री.)होशियारी ہوشیاری
बुद्धिमत्ता, चातुर्य, कुशलता, चेतना, छल, धूर्तता
(पु.)हौल ہول
भय, त्रास, डर, ख़ौफ़

ہول انگیز (वि.)हौल अंगेज़
भयोत्पादक

ہولناک (वि.)हौलनाक
भयंकर, भयानक, भीषण, डरावना, ख़ौफ़नाक

ہونٹ (पु.)होंट
अधर

ہونق (वि.)हवन्नक़
बौड़म, गावदी, मूर्ख

ہویدا (वि.)हुवैदा
प्रकट, व्यक्त

ہیبت (स्त्री.)हैबत
1. भय, त्रास, डर 2. आतंक, धाक

ہیبت انگیز (वि.)हैबत अंगेज़
भयोत्पादक, भयकारक, त्रासजनक

ہیبت زدہ (वि.)हैबत ज़दा
त्रस्त, भयभीत, डरा हुआ

ہیبت ناک (वि.)हैबतनाक
भयंकर, भयानक, ख़ौफ़नाक

ہیجان (पु.)हैजान
अशांति, बेचैनी, गड़बड़ी, आवेश, जोश, कोलाहल, शोर

ہیجان انگیز (वि.)हैजान अंगेज़
कोलाहलपूर्ण

ہیجانی (वि.)हैजानी
अशांति और बेचैनी से संबद्ध, कौतूहलता

ہیچ (वि.)हेच
1. तुच्छ, पोच 2. व्यर्थ, बेकार

ہیچمداں (वि.)हेच मदाँ
1. अल्पज्ञानी 2. निपट मूर्ख

ہیضہ (पु.)हैज़ा
क़ै, दस्त का वातक रोग, विसूचिका

ہیکل (स्त्री.)हैकल
1. सदन, भवन, बड़ी इमारत 2. हार, गले की माला 3. आकृति, रूप, वेशभूषा 4. कवच 5. राजधज, मूर्तिगृह, मंदिर

ہیولا (पु.)हयूला
ढाँचा

ہیولا پرستی (स्त्री.)हयूला परसती
(दर्श.) पुदगलेश्वरवाद, जड़ेश्वरवाद

ہیہات (स्त्री.)हैहात
हाय अफ़सोस, हाय-हाय

ہیئت (स्त्री.)हैअत
1. स्वरूप 2. खगोल, रूप, आकृति, आकार-प्रकार 3. खगोलिक, खगोल विद्या

ہیئت مجموعی (स्त्री.)हैअते-मज्मूई
अंग प्रति, अंग सहित, संपूर्ण रूपेण

## ی

یا (अव्य.)या
1. हे, ओ 2. अथवा

یاد (स्त्री.)याद
स्मृति, स्मरण

یادآوری (स्त्री.)याद आवरी
याद करना

یادداشت (स्त्री.)याद दाश्त
स्मरण शक्ति

یاددہانی (स्त्री.) याद दिहानी
स्मरण कराना

یادگار (स्त्री.)यादगार
स्मारक, स्मृति-चिह्न

یار (पु.)यार
1. मित्र, दोस्त 2. सहायक

یارباش (वि.)यार बाश
यारों का यार, ज़िंदा दिल

یارباشی (स्त्री.)यार बाशी
दोस्ती, मित्रता

یارا (पु.)यारा
बल, सामर्थ्य, क्षमता

یارانہ (पु.)याराना
मैत्री, दोस्ती, मित्रता

یاراں (पु.)याराँ
'یار' का बहु.

یاری (स्त्री.)यारी
1. मित्रता, मैत्री, दोस्ती 2. सहायता

یازدہ (वि.)याज़दा
दस और एक, ग्यारह

یازدہم (वि.)याज़दहुम
ग्यारहवाँ

یزداں (पु.)यज़्दाँ
ख़ुदा, भगवान

**یسیر** (वि.)यसीर
1. जिसके माँ-बाप दोनों मर गए हों
2. सरल, सुगम

**یعنی** (अव्य.)यानी
अर्थात्

**یقین** (पु.)यक़ीन
विश्वास, भरोसा

**یقیناً** (क्रि.वि.)यक़ीनन
निःसंदेह, निश्चय ही

**یقینی** (वि.)यक़ीनी
निश्चित, सुनिश्चित

**یک** (वि.)यक
एक

**یکبارگی** (क्रि.वि.)यकबारगी
अकस्मात, अचानक

**یکجا** (वि.)यकजा
एकत्रित, एकत्र

**یکجائی** (स्त्री.)यकजाई
एकत्रीकरण

**یک جفت** (वि.)यक जुफ़्त
(प्राणि.) एकगुणित

**یک جہتی** (स्त्री.)यक जहती
1. एकता, सौहार्द 2. सद्भावना

**یک چشم** (वि.)यक चश्म
काना

**یک رنگ** (वि.)यक रंग
(भौ.) एकवर्णी

**یک رنگ روشنی** (स्त्री.)यकरंग रौशनी
(भौ.) एकवर्णी प्रकाश

**یک زوجی** (वि.)यक ज़ौजी
(प्राणि.) एक संगमनी

**یک سطری** (वि.)यक सत्री
(जन.) एकपंक्ति

**یک شاخہ** (वि.)यक शाख़ा
(वन.) एकलशाखी

**یک شخصی کاروبار** (पु.)यक शख़्सी कारोबार
(वाणि.) एक-जन व्यवसाय

**یک شنبہ** (पु.)यक शंबा
रविवार, इतवार

**یک طرفہ** (वि.)यक तरफ़ा
एक पक्षीय

**یک لخت** (क्रि.वि.)यक लख़्त
1. सम्पूर्ण, पूर्णतया 2. शीघ्र, तुरन्त

**یک لسانی** (वि.)यक लिसानी
(भा.) एक भाषी

**یک مشت** (वि.)यक मुश्त
इकट्ठा, एक साथ

**یک نسلی** (वि.)यक नस्ली
(प्राणि.) एक पोषीय

**یکایک** (क्रि.वि.)यकायक
अचानक, अकस्मात

**یکتا** (वि.)यक्ता
1. एकल 2. अद्वितीय, बेजोड़, अतुलनीय

**یکسانیت** (स्त्री.)यकसानियत
समानता

**یکساں** (वि.)यकसाँ
समान

**یکسر** (वि.)यकसर
समग्र, नितांत, सम्पूर्ण

**یکسو** (वि.)यकसू
एकाग्र

**یکسوئی** (स्त्री.)यक्सूई
एकाग्रता

**یکم** (स्त्री.)यकुम
प्रथम, पहला

**یکے بعد دیگرے** (वर्ण)यके-बाद दीगरे
उत्तरोत्तर, लगातार, निरंतर

**یگانگت** (स्त्री.)यगानगत
सौहार्द, मेल-मिलाप

**یگانہ** (वि.)यगाना
अद्वितीय, स्वजन, अपना

**یلغار** (स्त्री.)यलग़ार
आक्रमण, धावा, हमला

**یورش** (स्त्री.)यूरिश
1. आक्रमण, चढ़ाई, धावा 2. उपद्रव, फ़साद

**یوم** (पु.)यौम
दिन, दिवस

# قومی کونسل برائے فروغ اردو زبان کی چند مطبوعات

## فرہنگ اصطلاحات لسانیات




صفحات : 222

قیمت : -/55روپے

## فرہنگ اصطلاحات شماریات (انگریزی اُردو)




صفحات :95

قیمت :-/58روپے

## فرہنگِ اصطلاحات کیمیا




صفحات : 208

قیمت : -/62روپے

## فرہنگ اصطلاحات سماجیات (انگریزی اُردو)




صفحات :165

قیمت :-/53روپے

## فرہنگ اصطلاحات فلسفہ نفسیات اور تعلیم (انگریزی اُردو)




صفحات :363

قیمت :-/30روپے

## فرہنگِ اصطلاحات کامرس




صفحات : 210

قیمت : -/32روپے

₹ 130/-

ISBN: 978-93-5160-039-8

9 789351 600398

राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद्

قومی کونسل برائے فروغ اردو زبان

**National Council for Promotion of Urdu Language**

Farogh-e-Urdu Bhawan, FC- 33/9, Institutional Area,
Jasola, New Delhi-110 025